हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष, पूर्व भाद्रपद, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • मंगलवार • 15 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 304 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00



## संक्षिप्त समाचार

### माइक्रो फाइनेंस से लूट मामले में दो गिरफ्तार

**मानपुर।** बुनियादगंज थानांतर्गत खंजाहापुर में बीते 2 अक्टूबर को माइक्रो फाइनेंस कम्पनी में हुए लूट मामले में पुलिस को अहम सफलता हाथ लगी। बीते दिन मखदुमपुर थानांतर्गत सहाय बिगहा निवासी विकास कुमार और आकाश कुमार को पुलिस ने घटना में उपयोग किए गए बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों की माने तो यह गैंग तीन हिस्सों में बंट कर घटना को अंजाम देता है। बताया जा रहा है कि एक ग्रुप लाइनर होता है। वहीं दूसरे लोग प्रत्यक्ष रूप से घटना को अंजाम देते हैं। जबकि गिरोह का तीसरे ग्रुप का काम लूट की वस्तु और घटना में प्रयुक्त सामानों को ठिकाने लगाने के साथ-साथ गिरोह से जुड़े सदस्यों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाना होता है। बता दें कि बीते 2 अक्तूबर को खंजाहापुर स्थित आरवीएम फ्यूचर निधि लिमिटेड में दिनदहाड़े लूट और फायरिंग हुई थी। इसमें गोली लगने से चार लोग जख्मी हो गए थे। एसएचओ पवन कुमार ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### शटर तोड़कर दुकान से लाखों के जेवर की चोरी

**करायपरसुराय।** करायपरसुराय थाना क्षेत्र के ऑटो स्टैंड के पास स्थित मां ज्वेलर्स नामक दुकान का शटर तोड़कर सक्रिय बदमाशों ने लाखों के जेवर की चोरी कर ली। घटना गुरुवार की रात हुई। अगली सुबह खुलासा हुआ। घटना ने दुर्गा पूजा पर पुलिस के अलर्ट रहने के दावे पर सवाल खड़ा कर दिया। नागरिक पुलिस चौकसी पर सवाल उठा रहे हैं। बाजितपुर निवासी संचालक रौशन कुमार ने बताया कि सुबह में पड़ोसियों ने कॉल कर बताया कि दुकान का शटर टूटा है। जिसके बाद वह दुकान पहुंचे। बदमाशों ने दुकान से साढ़े पांच किलो चांदी, 20 ग्राम सोना और 80 हजार नकद पर हाथ साफ किया। जिसकी अनुमानित कीमत लाखों में है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि दुकानदार ने घटना की प्राथमिकी का आवेदन दिया है। पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

### घर गिरने से परिवार के पांच सदस्य जख्मी

**करायपरसुराय**|चिकसौरा थाना क्षेत्र खोखना गांव में करकटनुमा मकान गिरने से परिवार के पांच सदस्य जख्मी हो गए। घटना रविवार की शाम हुई। गृहस्वामी छोटकुन चौधरी ने बताया कि एकाएक दीवार करकट समेत गिर गई। जिससे परिवार के लोग जख्मी हो गए। ग्रामीणों ने मलबा हटाकर जख्मी परिवार को निकाल, उन्हें इलाज के लिए निजी क्लिनिक पहुंचाया।

### 2020 में भी पुलिस ने मुन्ना को किया था गिरफ्तार

**टिकारी।** बिहार एसटीएफ की विशेष टीम ने एक लाख के इनामी फरार नक्सली मुन्ना रवानी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी उर्फ मुकेश जी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। एसटीएफ की टीम ने मुन्ना रवानी की गिरफ्तारी मउ थानाक्षेत्र के घिरसिंडी स्थित उसके आवास से विगत गुरुवार की देर शाम की है। टिकारी क्षेत्र में नक्सली शीर्ष नेता प्रमोद मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद कुख्यात नक्सली मुन्ना रवानी की गिरफ्तारी से क्षेत्र में नक्सल गतिविधि चर्चा का विषय बना हुआ है। एसएसपी कार्यालय से जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार विगत 22 अप्रैल को जिला के धनगाई थानाक्षेत्र के सिमरौवा ग्राम में पुलिस नक्सलियों के होने की सूचना पर पुलिस टीम छापेमारी करने पहुंची थी जहां नक्सली पुलिस पर फायरिंग कर फरार होने में सफल हो गये थे। उक्त कांड में मुन्ना रवानी का नाम सामने आया था। मुन्ना रवानी के खिलाफ जिला के धनगाई, कोंच, शेरघाटी, मेन, टिकारी, अलीपुर, परैया एवं नवादा के रजौली में आधा दर्जन से अधिक नक्सली कांड में प्राथमिकी दर्ज है।



परिजनों का आरोप : उग्रवादी बनने पर मजबूर कर रही है पुलिस मुन्ना रवानी की गिरफ्तारी के बाद मुन्ना रवानी के परिजनों ने पुलिस पर ही उग्रवादी बनाने का आरोप लगाया है। मुन्ना रवानी के बड़े भाई उपेंद्र सिंह ने दैनिक भास्कर संवाददाता से दूरभाष पर बात करते हुए बताया कि वर्ष 2020 में पुलिस द्वारा मुन्ना को गिरफ्तार किया गया था जिसके बाद न्यायालय द्वारा मुन्ना को वर्ष 2021 में जमानत पर रिहा किया गया था। जमानत पर रिहा होने के बाद मुन्ना लगातार अपने गांव पर ही रहकर खेतीबारी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। उपेंद्र ने यह भी बताया कि पुलिस के कई अधिकारी कई बार घर पहुंच मुन्ना से मुलाकात भी करते थे। विगत अप्रैल-मई माह में भी पुलिस के कई अधिकारी मुन्ना से मिलने घर आये थे व साथ में तस्वीर भी खिंचवाये थे। उपेंद्र ने बताया कि मुन्ना मुख्य धारा में लौट कर अपने ऊपर लंबित वादों की सुनवाई में न्यायालय भी जा रहा था। साथ ही साथ गांव में आटाचक्की मिल व मवेशी पालन कर शांतिपूर्ण रह रहा था इसके बावजूद भी पुलिस द्वारा कुख्यात नक्सली बताकर गिरफ्तार करना सवालों के घेरे में है। उपेंद्र ने यह भी बताया कि जो भी अधिकारी मिलने आते थे उन सब के द्वारा आज तक किसी मामले में फरार होने की जानकारी नही दी गई। उपेंद्र ने यह भी बताया कि नक्सली के रूप में मुन्ना की गिरफ्तारी हो जाने से गांव सहित क्षेत्र में पूरा परिवार समाजिक रूप से प्रताड़ित महसूस कर रहा है।

### गया एयरपोर्ट से शुरू हुई थाईलैंड की दैनिक फ्लाइट, पहली उड़ान से पहुंचे 160 यात्री

**बोधगया।** एयरपोर्ट सूबे का इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, जहां 10 अक्टूबर को थाई एयरवेज इंटरनेशनल उड़ान संख्या टीजी 327 लैंड करने के साथ वर्तमान पर्यटन सत्र में इंटरनेशनल फ्लाइट शुरू हो गई। इस फ्लाइट से 160 थाई टूरिस्ट गया पहुंचे। 11 अक्टूबर को 130 टूरिस्ट, 12 अक्टूबर को 167, 13 को 36 व 14 अक्टूबर को 63 टूरिस्ट गया आए। अगले कुछ दिनों में गया एयरपोर्ट से म्यांमार, भूटान व थाईलैंड के लिए शेड्यूल सीधी विमान सेवा शुरू होगी व हनोई वियतनाम के लिए चार्टर्ड फ्लाइट शुरू होगी। थाईलैंड के लिए अब तक चार विमानन कंपनियों एयर एशिया, थाई एयरवेज इंटरनेशनल, भूटान एयरलाइंस व ड्रूक एयरवेज ने अपनी उड़ानों के शेड्यूल की घोषणा की है। बोधगया में थाईलैंड से अधिक श्रद्धालु आते हैं। श्रीलंका के लिए भी सीधी विमान सेवा शुरू होने की संभावना है। इसके अलावा म्यांमार इंटरनेशनल एयरलाइंस भी अपनी सेवा शुरू करने जा रही है।




म्यांमार इंटरनेशनल की उड़ान 30 अक्टूबर से शुरू होगी और रंगून-गया-रंगून रूट पर सप्ताह में मंगलवार से रविवार तक संचालित होगी। म्यांमार नेशनल एयरवेज की फ्लाइट 16 अक्टूबर से बुधवार व शुक्रवार को संचालित होगी। गया एयरपोर्ट पर कई देशों के चार्टर्ड उड़ानें भी आएंगी। उड़ानों में थाईलैंड को प्राथमिकता गया एयरपोर्ट से थाईलैंड की उड़ानों को प्राथमिकता दी गई है। एयर एशिया, थाई एयरवेज इंटरनेशनल, भूटान एयरलाइंस व ड्रूक एयरवेज ने बैंकाक के लिए शेड्युल जारी किया है। थाई एयरवेज की दैनिक उड़ानें हैं, जो 10 अक्टूबर से 29 मार्च 2025 तक जारी रहेगा। बैंकाक से 10:55 पर टेक ऑफ करेगी व गया में 12:40 पर लैंड करेगी। वापसी 13:20 पर होगी। थाई एयर एशिया की उड़ाने 27 अक्टूबर से शुरू होगी। 28 मार्च तक जारी यह उड़ान बुधवार, शुक्रवार व रविवार को होगा। भूटान एयरलाइंस की उड़ान 16 नवंबर से शुरू होगी। 29 मार्च तक जारी इसकी उड़ाने मंगलवार, बुधवार व शनिवार को होगी। ड्रूक एयरवेज की उड़ान 01 दिसंबर से 27 फरवरी 2025 तक सप्ताह में दो दिन जारी रहेगा। भूटान की दो एयरलाइंस की उड़ाने अब भूटान की ड्रूक एयरवेज ने अपना फ्लाइट शेड्यूल जारी कर दिया है। ड्रूक एयरवेज 01 दिसंबर से सप्ताह में दो दिन पारो-गया-पारो और वापसी पारो-गया-पारो शुरू करने जा रही है। ड्रूक एयरवेज सिटी ऑफिस बोधगया के सुमन कुमार मिश्र के अनुसार, यह सेवा 01 दिसंबर से पारो-गया-बैंकाक शुरू होगी। सोमवार व गुरूवार को फ्लाइट संख्या केबी 123/122 बैंकाक-गया-पारो, बुधवार व रविवार को पारो-गया-बैंकाक की उड़ान होगी। भूटान एयरलाइंस की उड़ाने 16 नवंबर से 29 मार्च तक चलेगा। उड़ान संख्या बी 3707-बी 3706 पारो-गया-पारो मंगलवार, बुधवार व शनिवार को संचालित होगी।

# अंडरवियर पहने डकैतों ने ज्वेलरी शॉप को बनाया निशाना

निज संवाददाता। नालंदा



♦ परिवार को बंधक बनाकर 1 घंटे तक की लूटपाट, CCTV की हार्ड डिस्क साथ ले गए

नालंदा में हथियारबंद बदमाशों ने रविवार-सोमवार की रात घर में घुसकर डकैती की घटना को अंजाम दिया है। मामला बिन्द थाना क्षेत्र के बिन्द गांव स्थित देवी स्थान के समीप की है। डकैती की घटना ज्योति ज्वेलर्स नामक दुकान में हुई है। करीब 1:00 रात में हरवे-हथियार से लैस होकर दुकान सह मकान में घुसे डकैतों ने 3 लाख से अधिक की संपत्ति की डकैती कर ली है।

**3 लाख से अधिक की संपत्ति की डकैती:** पीड़ित वीरेंद्र कुमार वर्मा के भाई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उनका भाई बिना में ज्योति ज्वेलर्स नामक दुकान चलाता है करीब 12:00 बजे 6-7 लोग दुकान में डकैती कर लिया। और करीब 3 लाख के संपत्ति की डकैती कर ली। इनमें तीन पीस सोने का लॉकेट, नौ पीस बेसर, 12 नथनी, 10 जोड़ा बिछिया, डेढ़ किलोग्राम चांदी और कुछ मरम्मत्ति के आभूषण एवं 6 हजार रुपए नगद थे। डकैत मकान और दुकान में लगे सीसीटीवी के हार्ड डिस्क को भी लेकर चले गए।

**25 से 35 के बीच के उम्र के थे अपराधी:** पीड़ित ने बताया कि डकैतों की उम्र करीब 25 से 35 के बीच थी। सभी ने मुंह पर गमछा और नकाब डाला हुआ था। कोई हाफ पैंट में तो कोई अंडरवियर में डकैती करने के लिए पहुंचा हुआ था। सभी के हाथों में हथियार एवं लोहे की रड थी। घर के पीछे लगे चैनल गेट के दरवाजे का ताला तोड़कर डकैत अंदर प्रवेश किया था।

**12 बजे के करीब हुई खटपट की आवाज:** वीरेंद्र कुमार वर्मा के भाई विकास कुमार ने बताया कि करीब 12:00 बजे घर में खटपट की आवाज सुनाई दी जिसके बाद उनकी नींद खुली जब तक वह ऊपर वाले छत से उतरकर नीचे पहुंचते तब तक हर वे हथियार से लैस बदमाशों ने उन्हें एवं घर में मौजूद उनके भाई जितेंद्र कुमार, भतीजा आयुष कुमार, सौरभ वर्मा एवं बहनोई सुनील कुमार वर्मा को हथियार के दम पर बंधक बना लिया एवं सभी के मुंह, हाथ व पैर को बांध दिया। ज्वेलरी दुकान के सेफगार्ड की चाबी मांगने लगा। नहीं देने पर मारपीट पर उतारु हो गया। जिसके बाद डकैतोन दुकान के अंदर घुसकर सेफगार्ड के बाहर रखें सोने चांदी के गने लूट लिया और वहां से फरार हो गया। सभी डकैत स्थानीय भाषाओं में बात कर रहे थे।

**चाभी रहती तो हो जाता बड़ा नुकसान:** दरअसल वीरेंद्र कुमार वर्मा सेफगार्ड की चाबी को अपने साथ लेकर घर चले आते हैं। अगर चाभी बंधक बनाए लोगों के पास रहती तो आभूषण कारोबारी को बड़ा नुकसान हो सकता था। डकैती की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश पीछे के रास्ते से ही फरार हो गए। जिनके पैरों के निशान खेतों में लगे धान के फसल में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। किसी तरह से खुद को बंधक मुक्त कर घर के सदस्य सड़क पर आए। जहां गस्ती कर रही पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

## दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिविर की शुरुआत

निज संवाददाता। नालंदा



नालन्दा के सभी ब्लॉक संसाधन केंद्रों (बीआरसी) में 15 अक्टूबर से 30 नवंबर तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में दिव्यांग बच्चों को सरकारी योजनाओं के तहत निशुल्क सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। समग्र शिक्षा डीपीओ कविता कुमारी ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की पहचान और उनकी जरूरतों का आकलन करना है। प्रत्येक बीआरसी स्तर पर गठित कोर कमेटी की देखरेख में यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक संचालित किया जाएगा।

**शिविरों का कार्यक्रम:** इस्लामपुर बीआरसी: 15 और 16 अक्टूबर, एकंगरसराय बीआरसी 16 और 17 अक्टूबर, हिलसा बीआरसी 17 और 18 अक्टूबर, करायपरसुराय बीआरसी में 18 और 21 अक्टूबर, चण्डी बीआरसी में 21 और 22 अक्टूबर, नगरनौसा बीआरसी में 22 और 23 अक्टूबर, हरनौत बीआरसी में 23 और 24 अक्टूबर, थरथरी बीआरसी में 24 और 25 अक्टूबर, रहुई बीआरसी में 11 और 12 नवंबर, बिन्द बीआरसी में 12 और 14 नवंबर, सरमेरा बीआरसी में 15 और 16 नवंबर, अस्थावां बीआरसी में 18 नवंबर, कतरीसराय बीआरसी में 18 और 19 नवंबर, राजगीर बीआरसी में 21 और 22 नवंबर, सिलाव बीआरसी में 22 और 23 नवंबर, वेन बीआरसी में 23 और 25 नवंबर, परवलपुर बीआरसी में 25 और 26 नवंबर, नूरसराय बीआरसी में 27 और 28 नवंबर, कार्यक्रम की विशेष पहलू इस दौरान समावेशी शिक्षक और बीआरपी रहेंगे तैनात। इसके साथ ही विशेष जांच शिविर में योग्य चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। इस दौरान दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, यूडीआईडी, आदि दस्तावेज बनवाने की सुविधा। समग्र शिक्षा डीपीओ ने बताया कि बीईओ और एसएम को भी शिविरों में भेजा जाएगा।

## शव की पहचान किए बगैर अंतिम संस्कार, 2 पुलिसकर्मी निलंबित

निज संवाददाता। गया

गया में सड़क हादसे में एक 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। शव की पहचान किए बिना पुलिसकर्मियों द्वारा अंतिम संस्कार कर देने के मामले में एसएसपी आशीष भर्ती ने एएसआई और चौकीदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जीरो टॉलरेंस के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एसआई मुकेश कुमार के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई के लिए आईजी को पत्र लिखा है। एसएसपी द्वारा किए गए इस कार्रवाई से कुछ हद तक पीड़ित परिवार को संतुष्टि मिली है।

**क्या था पूरा मामला:** पूरे मामले को लेकर जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि 27 सितम्बर को शहर के करीमगंज मोहल्ला निवासी शाहबुद्दीन अपने घर से पिता की स्कूटी लेकर निकला था। जिले के परैया थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल और स्कूटी का बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद हुई चीजों को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे तक शव की पहचान करने के उद्देश्य से सुरक्षित रखा गया। इस दौरान शव की पहचान नहीं हो सकी।




जिसके बाद पुलिस ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। हालांकि बरामद हुई दोनों चीजों से मृतक की डिटेल मिल सकती थी। स्कूटी के रजिस्ट्रेशन नंबर से भी पुलिस शव का पहचान नहीं कर पाई। ना ही इसकी सूचना परिजनों तक पहुंच पाई।

**बिना जानकारी दिए कराया अंतिम संस्कार:** शाहबुद्दीन के घर नहीं लौटने पर परिजन लगातार उसकी खोजबीन कर रहे थे। हालांकि उन्होंने भी थाना में उसकी गुमशुदगी की पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। इसी बीच 8 अक्टूबर को किसी परिचित से पिता गुलाम हैदर को पता चला कि उनकी स्कूटी परैया थाने में पड़ी है। जिसके बाद थाना में फोन करके संपर्क किया गया तो पता चला कि स्कूटी सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो चुकी थी।

# छेड़खानी के विरोध पर पीड़िता को पीट-पीटकर किया अधमरा

निज संवाददाता। गया

♦ घर के बाहर जबरन हाथ पकड़ा, फिर आरोपी ने अपने छोटे भाई के साथ मिलकर पीटा

गया में रविवार को 22 वर्षीय युवती के साथ छेड़खानी हुई। विरोध करने पर दो भाइयों ने पीड़िता की पिटाई कर दी। पीड़िता ने कहा कि 11 अक्टूबर को गांव का रहने वाला युवक घर के बाहर से जबरन हाथ पकड़ ले जा रहा था। विरोध किया तो उसका छोटा भाई भी पहुंच गया। दोनों ने मुझे पीटकर अधमरा कर दिया। मेरी बहन बाहर गई हुई थी। जब मैं होश में आई तो खुद को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पाया। पिछले तीन दिन से इलाज चल रहा है। अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। मामला सिन्धुगढ़ थाना क्षेत्र का है।



**पीड़िता के माता-पिता हो चुका निधन:** पीड़िता के माता-पिता नहीं हैं। उनका निधन हो चुका है। पड़ोस के गांव में बहन रहती है। जिसकी शादी हो चुकी है। वह अपनी बहन और ससुराल दोनों जगह देखभाल करती है। पीड़िता का कहना है कि 11 अक्टूबर शुक्रवार शाम बड़ी बहन बकरियों के लिए घास लाने चली गई थी। मैं अपने मिट्टी के घर की लिपाई कर रही थी। इसी बीच गांव का एक युवक आया और कहा कि दशहरा चल रहा है। जरा तबीयत खुश कर दो। यह कहते हुए उसने मेरा हाथ पकड़ लिया और जबरन ले जाने की कोशिश की। इस पर हमने गाली-गलौज किया। उसे हर तरह की गालियां देने लगीं। इसी बीच उसका छोटा सगा भाई भी मौके पर पहुंच गया और बिना बात को समझे वह भी भिड़ गया। दोनों ने मिलकर लाठी-डंडे से हमारी पिटाई की। सिर पर लाठी से वार कर दिया। इससे हम वहीं पर गिर गए।

**घर लौटी तो बहन अचेत पड़ी थी:** पीड़िता की बड़ी बहन ने कहा कि मैं घास लेकर लौटी तो देखा कि दो युवक भाग रहे हैं। मौके पर बहन अचेत पड़ी हुई है। इस बात की सूचना हमने अपने पति को दी। वह डायल-112 के साथ मौके पर पहुंचे। डायल 112 के कर्मियों ने पहले इलाज कराने और फिर आगे की कानूनी कार्रवाई करने की बाते कही। इसके बाद हमलोग ऑटो ठीक कर गया मगध मेडिकल अस्पताल पहुंच गए। बीते तीन दिनों से अस्पताल में इलाज चल रहा है। आज छुट्टी दी जाएगी।

**कोई कुछ भी आरोप लगा सकता है:** इधर सिन्धुगढ़ थाने के थानेदार ने बताया कि आरोप तो कोई भी कुछ भी लगा दे सकता है। फिलहाल पीड़िता की ओर से आवेदन नहीं आया है। पीड़ित पक्ष से आवेदन की मांग की गई है। घटना संज्ञान में है। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि मामला जमीन विवाद से जुड़ा है।

**अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज कराएंगे:** वहीं पीड़िता के बहनोई कलाम अंसारी का कहना है कि पीड़िता अनाथ है। उसके पास एक धुर भी जमीन नहीं है। उसका जीवन तो दान पर चल रहा है। जिस मिट्टी के घर में वह रहती है सरकार की जमीन है।

## आज से वीमेंस एशियन चैंम्पियनशिप ट्रॉफी की गौरव यात्रा

निज संवाददाता। नालंदा




♦ CM दिखाएंगे हरी झंडी, नवंबर में बिहार आएगी इंडियन महिला हॉकी टीम

मगध साम्राज्य की ऐतिहासिक राजधानी राजगीर में पहली बार महिला एशियन हॉकी चैम्पियनशिप ट्रॉफी का आयोजन होने जा रहा है। 11 नवंबर से 20 नवंबर तक यह चैंपियनशिप चलेगी। इस चैंपियनशिप में भारत, चीन, जापान, मलेशिया, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। 14 अक्टूबर सोमवार को सीएम नीतीश कुमार पटना से ट्रॉफी टूर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। 851 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहे राजगीर अंतरराष्ट्रीय खेल अकादमी में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। इस अकादमी में खिलाड़ियों के लिए सभी तरह की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां एक संग्रहालय और एक पुस्तकालय भी है, जहां खिलाड़ी खेलों के इतिहास और विभिन्न खेलों के बारे में जानकारी ले सकते हैं। इस अकादमी में खिलाड़ियों को खेलने के साथ-साथ रहने और पढ़ने की बेहतरीन सुविधाएं मिलेंगी।

**प्राचीन नालंदा यूनिवर्सिटी की तर्ज पर बनाया गया है खेल विश्वविद्यालय:** खेल विश्वविद्यालय पुराने नालंदा विश्वविद्यालय के तर्ज पर बनाया गया है। पुराने नालंदा विश्वविद्यालय में खुले में सीढ़ियों पर बैठकर बच्चे पढ़ते थे। खेल विश्वविद्यालय में भी ओपन एरिया पर फोकस किया गया है। खेल अकादमी में स्पोर्ट्स साइंस इकोसिस्टम डेवलप किया गया है। यहां मेडिसिन,न्यूट्रिशन, मेडिटेशन सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होगी। खेल विश्वविद्यालय कई मायनों में खास है। यहां स्पोर्ट्स साइंस से संबंधित सभी तरह की पढ़ाई होगी। यहां की लाइब्रेरी आईएनएस पटियाला के बाद देश की दूसरी सबसे बड़ी लाइब्रेरी बनेगी। बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर खेल अकादमी और खेल विश्वविद्यालय में अंडरग्राउंड केबल से बिजली आपूर्ति की जाएगी। इससे कंस्ट्रक्शन पर भी प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की तरह ही ध्यान रखा गया है। 851 करोड़ रुपए की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण हो रहा है। 12 अक्टूबर 2018 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर का शिलान्यास किया था। हालांकि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण की लागत 740 करोड़ रुपए रखी गई थी। लेकिन अधिक समय लगने के कारण इसके निर्माण की लागत बढ़कर 851 करोड रुपए हो गई। राजगीर में बन रहे अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम का काम भी लगभग 70% पूरा हो चुका है। जून 2025 तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## नालंदा में 21 दिव्यांगों को बैटरी चलित ट्राइसाइकिल दी गई

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया, जिसने दिव्यांगजनों और भिक्षुकों के जीवन में नई रोशनी भर दी है। बिहार सरकार के जल संसाधन और संसदीय कार्य विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने एक समारोह में दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल और भिक्षुकों को स्वरोजगार के लिए सहायता राशि प्रदान की। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण संबल योजना के तहत, 21 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल दी गई। इनमें बिहारशरीफ, नूरसराय, रहुई और अस्थावां के लाभार्थी शामिल थे। यह योजना 2022 में शुरू की गई थी। अब तक 721 दिव्यांगजन इससे लाभान्वित हो चुके हैं। इस योजना का लक्ष्य उन दिव्यांगजनों की मदद करना है जिनकी दिव्यांगता 60% या उससे अधिक है और जो 18 साल से अधिक आयु के हैं। चौधरी ने कहा कि "हमारा उद्देश्य है कि कोई भी दिव्यांगजन पीछे न रहे। यह ट्राइसाइकिल उन्हें न केवल गतिशीलता प्रदान करेगी, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम भी होगा। दिव्यांगजनों और भिक्षुकों के लिए नई उम्मीदें, 21 दिव्यांजनो को बैटरी चलित ट्राईसाइकिल दी गईं।

## आज से पीएचसी की जगह सीएचसी में ओपीडी



निज संवाददाता। सिलाव

साढ़े सात करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार से सुचारू रूप से काम करने लगा। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर पुरुषोत्तम प्रियदर्शी ने पूजा अर्चना की। इसके बाद ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओटी कक्ष का फीता काटकर एवं परिसर में पौधारोपण कर केंद्र में चिकित्सा सेवा की शुरुआत की। इस मौके पर मंत्री श्री कुमार ने कहा कि यह केंद्र ओपीडी सेवाओं से लेकर आपातकालीन चिकित्सा तक की व्यापक सुविधाएं प्रदान करेगा। इससे स्थानीय लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगी। श्री कुमार ने कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन पूर्व में ही प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। लेकिन कुछ कमियां रह गई थीं जिसके कारण अभी तक शुरू नही हुआ था। कमियों को दूर करके इसे पूरी तरह से सक्रिय दिया है,और अब सिलाव में पीएचसी के बजाय लोगों का इस नए केंद्र में इलाज होगा।जिसकी शुरुआत कई मरीजों के इलाज के साथ की गई है।

## श्रमजीवी एक्सप्रेस का पावापुरी रोड स्टेशन पर ठहराव

निज संवाददाता। नालंदा

सोमवार को पावापुरी रोड रेलवे स्टेशन पर एक ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला, जब सांसद कौशलेंद्र कुमार ने राजगीर-नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। मैंने व्यक्तिगत रूप से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी से मिलकर इस ठहराव की मांग की थी। यह न केवल नालंदा जिले के लिए, बल्कि नवादा और पावापुरी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी एक वरदान साबित होगा।" एडीआरएम (इन्फ्रा) अनुपम कुमार चंदन ने स्टेशन के भविष्य के विकास योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए सुविधाओं का विस्तार करेंगे। अगले एक वर्ष के भीतर यहां यात्री शेड और विश्रामगृह का निर्माण किया जाएगा।

**कई बार पत्र लिखे:** इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे की कहानी भी उतनी ही रोचक है। सांसद कुमार ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कई बार पत्र लिखे और व्यक्तिगत मुलाकातें कीं। उनका मानना है कि यह ठहराव क्षेत्र के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्थानीय जदयू नेता जीवन बाबू राजपूत ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा, "यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास के दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष परिणाम है।" सांसद कुमार ने आगे बताया कि वे अन्य ट्रेनों, विशेषकर बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस के ठहराव की भी मांग कर रहे हैं।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2024-25-20, दिनांक: 09.10.2024।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वैध विद्युत ठेकेदार लाइसेंस और पर्यवेक्षी लाइसेंस रखने वाले और वित्तीय रूप से निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में सक्षम प्रतिष्ठित निविदाकारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा केस संख्या: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2024-25-20; कार्य का नाम:** आसनसोल डिवीजन में 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति वाली नई 2 x 25 केवी पीएसआई के रखरखाव के लिए नवीनतम उपकरणों के साथ रखरखाव सुविधाओं का विस्तार। **निविदा मूल्य:** रु. 2,81,31,762.46; **बयाना राशि:** रु. 2,90,700.00; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 12.11.2024 को 11.00 बजे। **कार्य पूर्णता की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 06 महीने; **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खुलने की तिथि से 45 दिन। पूरा विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ASN-191/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



Page 11

खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 10

देश

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, पूर्व भाद्रपद, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • मंगलवार • 15 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 304 • पृष्ठ 12



आईपीएल भी नहीं खेल पायेंगे, भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ग्रीन बाहर

बाबा सिद्दीकी के कत्ल पर महायुति में बवाल देवेन्द्र फडणवीस पर अपनों ने ही उठाये सवाल


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹77,620 | ₹97,000 |

## आज का इतिहास

- **1998 : गरीबी उन्मूलन के लिए भारत की फातिमा बी को संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।**
- **1949 : त्रिपुरा राज्य को भारत में सम्मिलित किया गया।**

## न्यूज बाइट्स

### एक जनवरी 2025 तक पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और इस्तेमाल पर रहेगी रोक

**नई दिल्ली (ए.)।** नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (वार्ता) दिल्ली सरकार ने यहाँ सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर व्यापक प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है और यह प्रतिबंध एक जनवरी, 2025 तक लागू रहेंगे। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज कहा कि सर्वविदित है कि पटाखों के इस्तेमाल से हवा की गुणवत्ता पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। पटाखों के प्रतिबंध के निर्णय के पीछे हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली की हवा सांस लेने योग्य बनी रहे। यह प्रतिबंध ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से पटाखों की बिक्री पर भी सख्ती से लागू होगा।

### बिहार के 9 जिलों में लगेगा रोजगार मेला

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए खुशखबरी है। राज्य सरकार के श्रम संसाधन विभाग के नियोजन एवं प्रशिक्षण निदेशालय की पहल पर 9 जिलों में रोजगार सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 18 से 29 अक्टूबर के बीच अलग-अलग जिलों में अलग-अलग तिथियों पर आयोजित किया जाएगा। श्रम विभाग के सचिव दीपक आनंद ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सभी जिलों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्रों में योग्यता रखने आवेदकों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर है।

### राज्य के इंजीनियरिंग कालेजों में खाली सीटों पर होगा एडमिशन

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के इंजीनियरिंग कालेजों में खाली सीटों पर एडमिशन किया जाएगा। इसके लिए एक बार पुनः स्टूडेंट्स को मौका दे दिया गया है। रजिस्ट्रेशन के लिए बीसीइसीइबी ने अपना पोर्टल ओपन कर दिया है। जेइइ मेन व बीसीइसीइ-2024 के परीक्षा में शामिल स्टूडेंट्स रिक्त सीटों पर एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसमें राज्य के 38 इंजीनियरिंग कॉलेजों में करीब 3412 सीटें खाली रह गयी हैं। अब इन सीटों को भरने के लिए अभ्यर्थी 16 अक्टूबर तक पर्षद के पोर्टल पर ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

### बिहार में पहली किसी अतंराष्ट्रीय हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का किया जा रहा है आयोजन

# 'हॉकी गौरव यात्रा' को सीएम दिखाई हरी झंडी

निज संवाददाता | पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में एक विशेष समारोह के दौरान 'एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी (महिला)' गौरव यात्रा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह आयोजन बिहार के लिए विशेष गर्व का विषय है, क्योंकि पहली बार राज्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। इस समारोह में ट्रॉफी का अनावरण भी किया गया, जो गौरव यात्रा के दौरान विभिन्न जिलों और राज्यों में प्रदर्शित की जाएगी।



### पहली बार बिहार में होगा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट

बिहार में पहली बार 11 नवंबर से 20 नवंबर 2024 तक 'विमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2024' का आयोजन राजगीर में होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट बिहार के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज होगा। इस ट्रॉफी का आयोजन बिहार के खेलों को नई पहचान दिलाने और राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। टूर्नामेंट की टैगलाइन 'हॉकी का पर्व, बिहार का गर्व' के साथ यह प्रतियोगिता न केवल राज्य के लिए बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।

### मुख्यमंत्री ने बच्चियों को किया सम्मानित

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने ट्रॉफी एकलव्य स्पोर्ट्स स्कूल की बच्चियों को सौंपी, जो गौरव यात्रा के दौरान ट्रॉफी के साथ रहेंगी। इन बच्चियों ने मुख्यमंत्री, संसदीय कार्य मंत्री, खेल मंत्री और वरीय पदाधिकारियों को हॉकी स्टीक भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अनोखे स्वागत ने समारोह को और भी विशेष बना दिया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान यात्रा के लिए विशेष रूप से तैयार की गई बस का मुआयना भी किया और उसके बाद उसे हरी झंडी दिखाकर यात्रा का औपचारिक शुभारंभ किया।

ट्रॉफी गौरव यात्रा का आयोजन 14 अक्टूबर से 10 नवंबर तक किया जा रहा है, जिसमें ट्रॉफी हरियाणा, पंजाब, ओडिशा, झारखंड और बिहार के 38 जिलों से होकर गुजरेगी। इस यात्रा का उद्देश्य न केवल हॉकी के प्रति जागरूकता फैलाना है, बल्कि लोगों में खेल भावना को प्रोत्साहित करना भी है। बिहार के प्रत्येक जिले में इस यात्रा का स्वागत किया जाएगा, जहां प्रभारी मंत्री, जिला अधिकारी (डीएम), पुलिस अधीक्षक (एसपी), खेल पदाधिकारी और संघ से जुड़े लोग उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही, जिलेभर के खिलाड़ी भी इस यात्रा का हिस्सा बनेंगे।

यात्रा के दौरान ट्रॉफी हर जिले के महत्वपूर्ण स्थलों पर प्रदर्शित की जाएगी और वहां के स्थानीय खेल अधिकारियों द्वारा इसे लोगों के बीच ले जाया जाएगा। 7 नवंबर को यह यात्रा नालंदा पहुंचेगी और 10 नवंबर की शाम तक राजगीर में समाप्त होगी। इसके बाद ट्रॉफी 11 नवंबर को उद्घाटन समारोह से पहले क्रिकेट स्टेडियम में प्रदर्शित की जाएगी।

### प्रमुख टीमें होंगी शामिल

टूर्नामेंट में भारत के अलावा चीन, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, जापान और मलेशिया की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें शामिल चार देश बौद्ध धर्मावलंबी हैं, जो राजगीर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को और भी बढ़ा देते हैं। रोजाना तीन मैच खेले जाएंगे, जिनमें से अंतिम मैच भारत और अन्य देश के बीच होगा। यह मैच शाम 3 बजे से 7:30 बजे तक राजगीर के स्टेडियम में होंगे।

### बिहार में खेलों को मिलेगा बढ़ावा : नीतीश कुमार

यह आयोजन बिहार में खेलों के विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को उभारने का काम करते हैं, बल्कि राज्य को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक होते हैं। इसके अलावा, राज्य सरकार ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को प्रोत्साहित करने की योजना बनाई है, ताकि बिहार खेल जगत में अपनी पहचान मजबूत कर सके।

ट्रॉफी गौरव यात्रा से राज्य के युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता और उत्साह बढ़ने की उम्मीद है। इस यात्रा का एक प्रमुख उद्देश्य राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेलों के प्रति रुचि पैदा करना और युवा पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरित करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा से बिहार के युवाओं को हॉकी के प्रति विशेष लगाव विकसित करने में मदद मिलेगी, जो भविष्य में राज्य के खेल मानचित्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

ट्रॉफी गौरव यात्रा और एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का यह आयोजन निश्चित रूप से बिहार के खेल परिदृश्य को एक नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सर्वे के लिए दी गई जमीन के ब्योरा में 25 हजार का खाता-खेसरा सही नहीं

निज संवाददाता | पटना



भूमि सर्वे के लिए लोगों की ओर से दिए गए ब्योरे में 25 हजार मामले ऐसे हैं जिसका खाता या खेसरा सही नहीं है। हालांकि ऐसे लोगों की ओर से जमीन के दिए गए अन्य दस्तावेज में खाता, खेसरा सही है इसलिए उसी दस्तावेज को सर्वे का आधार बनाया जाएगा। इस बीच संबंधित लोगों के दस्तावेज में सुधार के लिए सर्वे टीम ने अंचलाधिकारियों से आग्रह भी किया है। ताकि सर्वे के आगे के काम में किसी तरह की दिक्कत न हो। इस बीच सर्वे के लिए कागजात जमा करने की रफ्तार शिथिल पड़ गई है। जिले में अब तक 1.25 लाख लोगों ने भूमि सर्वे के लिए तय फार्मेट में जमीन का ब्योरा जमा कर किया है। लोगों की ओर से दी गई जानकारी के आधार पर भी भूमि का भौतिक सत्यापन होना है। सर्वे टीम में शामिल अधिकारियों का कहना है कि इसमें लगभग 25 हजार ऐसे लोग हैं जिनकी जमीन का खाता, खेसरा के अलावा रकबा, चौहदी, थाना या नाम में सुधार के लिए अंचलाधिकारियों के यहां आवेदन लंबित है। हालांकि, ऐसे लोगों की ओर से खतियान या खरीदी गई भूमि का डीड दिया गया है, जिसमें खाता, खेसरा, रकबा आदि का सही जिक्र है लेकिन ज्यादातर मामले में जमाबंदी रसीद में ही गड़बड़ी है। कई ऐसे लोग हैं जिनका अद्यतन रसीद नहीं है लेकिन सर्वे टीम ने लोगों को परेशान नहीं होने को कहा है। उनका कहना है कि कोई एक दस्तावेज जिसमें भूमि का रकबा, चौहद्दी, खाता, खेसरा और थाना आदि का सही जिक्र है, यदि दिया गया है तो सर्वे उसी के आधार पर होगा। भौतिक सत्यापन के पहले यदि लोग सुधार करा लेते हैं तो बेहतर होगा। यदि किसी कारणवश परिमार्जन का काम पूरा नहीं हो पता है तो उनके द्वारा दिए गए अन्य दस्तावेज के आधार पर ही सर्वे का काम पूरा किया जाएगा।

## डेंगू-चिकनगुनिया की तरह अब मरीजों को सता रहा लंगड़ा बुखार

**पटना(नि.सं.)।** वायरल बुखार पीड़ितों से लेकर चिकित्सकों को भी चौंका रहा है। मरीजों के पैरों में तेज दर्द, जोड़ों के साथ एड़ियों में सूजन के कारण पीड़ित का सीधा चलना मुश्किल हो रहा है। जांच में ना डेंगू निकल रहा है और ना ही चिकनगुनिया। चिकित्सक इसको एक नया लंगड़ा बुखार नाम देने लगे हैं। अस्पतालों-क्लीनिकों में आनेवाले 20 से 25 प्रतिशत बुखार पीड़ितों में लंगड़ा बुखार के लक्षण पाए जा रहे हैं। ये बुखार शहर के उन्हीं इलाके में ज्यादा फैला है, जहां डेंगू के मरीज भी लगातार मिल रहे हैं। इनमें लोहानीपुर, कदमकुआं, भूतनाथ रोड, चित्रगुप्तनगर, कांटी फैक्ट्री रोड, अशोकनगर, न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी, दीघा, सिपारा, जयप्रकाशनगर और पीसी कॉलोनी आदि इलाके शामिल हैं। क्या है लंगड़ा बुखार के लक्षण पारस अस्पताल के वरीय फिजिशियन डॉ. विकास सौरभ ने बताया कि पीड़ितों में इस बार बुखार के अलग तरह के लक्षण दिख रहे हैं। जांच में ना तो डेंगू, ना चिकनगुनिया और ना ही टायफाइड निकल रहा है। लेकिन बहुत तेज बुखार के साथ पीड़ितों के पैरों में तेज दर्द, एड़ियों और घुटनों के आसपास सूजन के लक्षण मिल रहे हैं। एक खास मोहल्ले से ऐसे दर्जनों मामले आ रहे हैं। लोगों को चलने में भी परेशानी हो रही है। बुखार के कारण वे लोग लंगड़ाकर चल पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में इस बुखार को लंगड़ा बुखार नाम दिया गया है। इसमें डेंगू और चिकनगुनिया दोनों के कुछ लक्षण दिखते हैं। यह चिकनगुनिया की तरह लंबे समय तक मरीजों को परेशान कर रहा है। ठीक होने के बाद भी लोग 10 से 15 दिन तक ठीक से चल नहीं पा रहे हैं।

# हेमन्त सोरेन ने पांच सौ सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र



निज संवाददाता | रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में नियुक्तियों का कारवां लगातार आगे बढ़ रहा है और कोई भी ऐसा महीना नहीं होगा, जब नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित ना हुआ हो। श्री सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नियुक्तियों की इसी क्रम में एक और अहम कड़ी जुड़ने जा रही है। लगभग 500 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र मिल रहा है। इस तरह अब आप सभी सरकार के अभिन्न अंग के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुंबई में प्रस्तावित झारखंड भवन और 220/ 33 केवी ग्रिड- सब स्टेशन पकरीबरवाडीह का भी ऑनलाइन शिलान्यास कर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के प्रति प्रतिबद्धता जताई।

# मंईयां सम्मान योजना की राशि 1000 से बढ़ाकर 2500 रुपए करने के प्रस्ताव को मंजूरी

निज संवाददाता | रांची

झारखंड कैबिनेट (मंत्रिपरिषद) की बैठक सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में 30 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। कैबिनेट ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस वर्ष दिसंबर महीने से महिलाओं को बढ़ी हुई राशि उनके खाते में भेजी जाएगी। इस तरह अब साल में 30 हजार रुपए हेमंत सोरेन सरकार महिला लाभुकों को देगी।झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले हेमंत सोरेन सरकार ने आधी आबादी को बड़ा तोहफा दिया है। मंईयां सम्मान



योजना की राशि ढाई गुनी बढ़ा दी गयी है। झारखंड कैबिनेट ने इस पर मुहर भी लगा दी। 18 वर्ष से 49 वर्ष की हर वर्ग की महिलाओं को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। बीजेपी ने गोगो दीदी योजना के तहत हर महीने 2100 रुपये देने की बात कही है। इसके जवाब में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झामुमो सम्मान योजना चलाने और हर महीने 2500 रुपए देने की बात कही है। इसे लेकर चुनाव आयोग को पत्र लिखकर पार्टी ने बीजेपी की तरह झामुमो सम्मान योजना का फॉर्म भरवाने के लिए अनुमति मांगी थी। झामुमो ने सरकार से राशि बढ़ाने की मांग की थी। इस आलोक में आज झारखंड कैबिनेट ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगाकर बीजेपी को करारा जवाब दिया है।

### दिसंबर से खाते में आएंगे 2500 रुपए

हेमंत सोरेन कैबिनेट ने सोमवार को झारखंड की करीब 50 लाख महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। दिसंबर से इनके खाते में 2500 रुपए आएंगे। झारखंड कैबिनेट ने मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार से बढ़ाकर 2500 रुपए कर दी है।

# जमीन मामलों के निपटारे पर सभी डीएम की रैंकिंग जारी

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने प्रदेश के जिलाधिकारियों की रैंकिंग जारी की है। यह रैंकिंग जमीन से जुड़े मामलों के निपटारे पर आधारित है। रैंकिंग में पटना जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह बॉटम से पांचवें स्थान पर हैं। जबकि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का गृह जिला नालंदा के डीएम शशांक शुभंकर रैंकिंग में टॉप 5 में शामिल नहीं हो सके हैं। नालंदा डीएम छठे स्थान पर हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार का आंकड़ा यह भी बताता है कि डीएम जमीन से जुड़े कोर्ट केस की सुनवाई नहीं किए हैं या फिर डिस्पोजल नहीं कर सके हैं। सभी डीएम इस फॉर्मेट में शून्य अंक हासिल कर पाए हैं।

रैंकिंग में अररिया डीएम अनिल कुमार सबसे नीचले स्तर पर हैं। कुल मार्क्स में सें इन्हें 20.09 मार्क्स मिल पाया है। सहरसा के जिलाधिकारी वैभव चौधरी नीचे से दूसरे स्थान पर हैं। इनका कुल मार्क्स 25.11 है। पश्चिम चंपारण के दिनेश कुमार राय का कुल मार्क्स 26.02 है। नवादा जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा 26.61 मार्क्स प्राप्त किए हैं। पटना जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह 26.92 अंक हासिल कर सके हैं।

जमीन से जुड़े मामले के निपटारे में बांका जिलाधिकारी अंशुल कुमार अपनी पोजिशन बरकरार रखे हुए हैं। वह पहले स्थान पर बने हुए हैं। इनका मार्क्स 56.80 है। शेखपुरा डीएम आरिफ अहसान दूसरे स्थान पर काबिज हैं। इनका मार्क्स 51.33 है।

### सोलर स्ट्रीट लाइट्स की निगरानी के लिए नई व्यवस्था

# सीएमएस से तुरंत मिलेगी सोलर लाइट खराब होने की सूचना

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना को और बेहतर बनाने के लिए अब एक केंद्रीयकृत निगरानी व्यवस्था लागू की जा रही है। यह नई प्रणाली पंचायती राज विभाग द्वारा विकसित की जा रही है, जो सोलर स्ट्रीट लाइट्स के रखरखाव और उनकी स्थिति पर नजर रखने में मदद करेगी। इसके तहत, राज्य के हर वार्ड, पंचायत, प्रखंड, और जिले में स्थापित सोलर स्ट्रीट लाइट्स की वास्तविक समय में जानकारी ली जा सकेगी।



नई निगरानी प्रणाली के माध्यम से पता लगाया जा सकेगा कि कौन सी लाइट काम कर रही है और कौन सी खराब है। यह जानकारी वार्ड स्तर से लेकर राज्य स्तर तक एक डैशबोर्ड पर उपलब्ध होगी। इसमें लाइट की गुणवत्ता, प्रकाश की तीव्रता और बैटरी की स्थिति भी देखी जा सकेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि किसी भी खराबी की तुरंत मरम्मत की जा सके। इस निगरानी व्यवस्था के तहत जिलों और राज्य स्तर पर टीवी स्क्रीन भी लगाई जाएंगी, जहां से आम लोग अपने इलाके की सोलर स्ट्रीट लाइट्स की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह कदम योजना में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना का उद्देश्य परंपरागत ऊर्जा की बचत और नवीकरणीय ऊर्जा का अधिकतम उपयोग करना है। इस योजना ने न केवल राज्य के बिजली उपभोग को कम किया है, बल्कि बाढ़ प्रभावित और दूरदराज के क्षेत्रों में भी रोशनी पहुंचाई है। केंद्रीयकृत निगरानी व्यवस्था से इस योजना की कार्यक्षमता और गुणवत्ता में और सुधार होगा, जिससे लोगों को अधिक सुविधाएं मिलेंगी और राज्य के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान होगा।

## जल -जीवन -हरियाली के तहत 25872 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का पुर्नस्थापन

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार द्वारा संचालित जल जीवन हरियाली अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न योजनाओं के जरिए राज्य में जल संसाधनों और सिंचाई क्षमता को पुनः स्थापित करने के लिए व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार की योजना के तहत कुल 140 योजनाओं को क्रियान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से आहर-पईन की 79 योजनाएं, तालाब की 51 योजनाएँ और चेक डैम की 10 योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से राज्य के 25,872 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का पुनर्स्थापन होगा। इसके अतिरिक्त, 18.91 लाख घन मीटर जल संचयन करने का लक्ष्य भी रखा गया है। यह प्रयास न केवल राज्य की जल आवश्यकता को पूरा करने में सहायक होगा, बल्कि इससे कृषि उत्पादकता में भी बढ़ोतरी होगी।

# मत्स्य योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक संपन्न

निज संवाददाता | पटना

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अंतर्गत दरभंगा परिक्षेत्र में राज्य और केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति पर सोमवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता निदेशक मत्स्य, बिहार, पटना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। बैठक में दरभंगा परिक्षेत्र के उप निदेशक, समस्तीपुर, मधुबनी और दरभंगा के जिला मत्स्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 में लक्ष्यों के विरुद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। साथ ही, आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 की योजनाओं के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए समयबद्ध तरीके से सभी योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन सृजन करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा, निदेशक ने यह भी कहा कि सभी योजनाओं के लिए चयन समिति और जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) का आयोजन कर योजनाओं के अवयवों के अनुसार कार्यादेश जारी किया जाए ताकि समय पर सभी लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। इस समीक्षा बैठक के साथ ही सीएससी के माध्यम से राज्य और जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र का भी आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य अधिकारियों को मत्स्य पालन से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी देना था। निदेशक मत्स्य की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण में राज्य भर के मत्स्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे और उन्हें नई तकनीकों एवं प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में विकास के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए समय-समय पर अधिकारियों से रिपोर्ट प्राप्त की जाएगी और उनकी प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही, योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए सख्त निगरानी प्रणाली लागू की जाएगी।

### नए लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश

बैठक में उप निदेशक मत्स्य, दरभंगा परिक्षेत्र को निर्देश दिया गया कि वे प्रत्येक जिले की योजनाओं की सघन समीक्षा करें और योजना के लाभुकों को नियमानुसार कार्यादेश और अनुदान भुगतान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। यह निर्देश दिए गए कि सभी मत्स्य योजनाओं के तहत अनुदान वितरण और लाभुकों की संख्या को तेजी से बढ़ाया जाए। इसके लिए लाभार्थियों के चयन में पारदर्शिता बरतने पर विशेष जोर दिया गया।

### बिहार में बदलेगा मौसम

# बिहार में ठंड ने दी दस्तक, लौट गया मॉनसून, पारे में गिरावट शुरू

निज संवाददाता | पटना

बिहार से दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की वापसी हो गयी। इसी के साथ राज्य में शरद ऋतु (ठंड) ने दस्तक दे दी है। फिलहाल शरद ऋतु की शुरुआत होते ही खासतौर पर रात के पारे में गिरावट शुरू हो गयी है। अगले तीन दिन तक रात का पारा 24 से 26 डिग्री के आसपास रहेगा। वहीं, दिन के पारा भी सामान्य के आसपास ही रहेगा। सुबह और शाम के मौसम में कुछ अधिक ठंड महसूस होगी। सूत्रों के अनुसार राज्य में इस साल मॉनसून



20 जून प्रवेश कर गया था। पूरे राज्य में 28 जून तक फैल गया था। पूरे मॉनसून सत्र में सामान्य से 20 प्रतिशत कम केवल 798 मिलीमीटर बारिश हुई है। राज्य के 20 जिलों में 20 से 59 प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई है। आइएमडी की आधिकारिक जानकारी के अनुसार बेगूसराई, भभुआ, भागलपुर, भोजपुर, दरभंगा, गोपालगंज, जहानाबाद, मधेपुरा, मधुबनी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पटना, पूर्णिया, रोहतास, सहरसा, समस्तीपुर, सारण, शिवहर, सीतामढ़ी और वैशाली में सामान्य से 59 प्रतिशत तक कम बारिश हुई।

अररिया, अरवल, औरंगाबाद, बांका, बक्सर, पूर्वी चंपारण, गया, जमुई, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय, नालंदा, शेखपुरा, सीवान, सुपौल और पश्चिमी चंपारण में सामान्य या सामान्य से 19 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज की गयी है।

# जम्मू-कश्मीर से 6 साल बाद राष्ट्रपति शासन हटा

एजेंसी | नई दिल्ली

नेशनल कॉन्फ्रेंस विधायक दल के नेता उमर अब्दुल्ला ने 11 अक्टूबर को राजभवन में एलजी मनोज सिन्हा से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। जम्मू-कश्मीर में नई सरकार के गठन से पहले राष्ट्रपति शासन हटाने का आदेश रविवार की देर रात जारी किया गया। गृह मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने नए मुख्यमंत्री की शपथ के तुरंत पहले राष्ट्रपति शासन खत्म करने का आदेश जारी किया है।



जम्मू-कश्मीर में पिछले विधानसभा चुनाव 10 साल पहले 2014 में हुए थे। चुनाव के बाद भाजपा-पीडीपी ने गठबंधन सरकार बनाई थी। 2018 में भाजपा के समर्थन वापस लेने के बाद सरकार गिर गई थी और महबूबा मुफ्ती ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से जम्मू-कश्मीर में केंद्र का शासन था। 2024 विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने 42, उसकी सहयोगी पार्टी कांग्रेस ने 6 और सीपीआई (एम) ने एक सीट जीती थी।

## मांग के अनुरूप वैक्सीन का उत्पादन बढ़ाया गया : जेपी नड्डा

**नयी दिल्ली (ए.)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को कहा कि भारत ने दुनिया भर के देशों के लिए आवश्यक दवाओं, टीकों और चिकित्सा आपूर्ति तक सस्ती पहुंच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार करते हुए घरेलू तथा वैश्विक दोनों मांगों को पूरा करने के लिए वैक्सीन उत्पादन को बढ़ाया है।



# नम आंखों से दी गई मां दुर्गा को विदाई, भक्तिभाव से मना दशहरा

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



शारदीय नवरात्र की नौ दिनों की आराधना और उत्साह के बाद बिक्रमगंज, दिनारा, कोचस, काराकाट और करगहर सहित कई प्रखंडों में दुर्गा पूजा का समापन सोमवार को माता दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ। पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा संपन्न हुई, जिसमें भक्तों ने श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मां दुर्गा की आराधना की। पूजा के समापन पर श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता की विदाई की और विभिन्न जलाशयों में प्रतिमाओं का विसर्जन किया। रविवार और सोमवार को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा के बाद विसर्जन शोभायात्राएं निकाली गईं। प्रखंड के मुख्य बाजारों और अन्य प्रमुख स्थानों पर आकर्षक पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विशेष वाहनों पर सजाकर शोभायात्रा के रूप में निकाला गया। भक्तों ने अबीर-गुलाल उड़ाते हुए और मां के जयकारे लगाते हुए पूरे हर्षोल्लास के साथ इस यात्रा में भाग लिया। भक्तों की टोलियां मां दुर्गा की महिमा का गुणगान करते हुए भक्ति गीतों पर नाचती-गाती हुई चल रही थीं। कई स्थानों पर प्रसाद वितरण भी किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को अत्यधिक आनंद मिला। विसर्जन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अनुमंडलीय प्रशासन की ओर से विशेष निगरानी के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रमुख घाटों और जुलूस मार्गों पर पुलिसकर्मी तैनात थे, ताकि कोई भी अप्रिय घटना न घट सके। मुख्य बाजारों और घाटों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात था, जो विसर्जन के दौरान हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए था। विसर्जन स्थल काव नदी के किनारे सुरक्षा के दृष्टिकोण से नगर परिषद द्वारा बांस-बल्लों से घेराबंदी की गई थी। नगर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनमें देवी दुर्गा की प्रतिमाओं को सजे-धजे वाहनों पर रखा गया था। प्रशासन की ओर से भीड़ प्रबंधन और यातायात संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एसडीएम अनिल बसाक, एसडीपीओ कुमार संजय, बीडीओ अमित प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष ललन कुमार समेत कई अधिकारी विसर्जन स्थलों पर मौजूद रहे। दिनारा में भी दुर्गा पूजा का समापन श्रद्धालुओं के लिए बेहद भावनात्मक रहा। विभिन्न पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को भक्तजन बड़े उत्साह के साथ विसर्जन के लिए नगर के विभिन्न घाटों पर ले गए। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की गूंज, जयकारों और भक्ति गीतों के बीच नाचते-गाते हुए मां दुर्गा को विदाई दे रहे थे। पिछले कई दिनों से दिनारा क्षेत्र में पूजा पंडालों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र को उत्सव के रंग में रंग दिया। मूर्ति विसर्जन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे। थानाध्यक्ष विनय कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने प्रमुख चौराहों, घाटों और जुलूस मार्गों पर सुरक्षा का प्रबंध किया था। नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि रूपेश सिंह, उप मुख्य पार्षद विवेकानंद पांडेय समेत अन्य वार्ड पार्षद भी प्रशासन के साथ सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग कर रहे थे। कोचस में भी दुर्गा पूजा के समापन पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की प्रतिमा को नम आंखों से विदाई दी। कोचस थाना क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों से सोमवार को विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। कुछ स्थानों पर भक्तों, महिलाओं और बच्चों की आंखों में आंसू नजर आए। श्रद्धालुओं का कहना था कि महीनों से चंदा इकट्ठा करने और नौ दिन तक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के बाद उनसे भावनात्मक जुड़ाव हो जाता है, इसलिए विदाई के समय आंसू आना स्वाभाविक है। कोचस थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि क्षेत्र के चौदह पूजा पंडालों से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन गौरेया और धर्मावती नदियों में निर्धारित समय पर किया गया। प्रशासनिक गाइडलाइन के अनुसार विसर्जन के दौरान डीजे पर प्रतिबंध था, और शांति वातावरण में विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ। यातायात संचालन और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने हर विसर्जन स्थल पर कड़ी निगरानी बनाए रखी, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो सके। काराकाट क्षेत्र में पांच दिनों तक चलने वाले दुर्गा पूजा समारोह का सोमवार को समापन हुआ। थाना क्षेत्र के कुल 42 पूजा पंडालों से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया गया। नवयुवकों की टोली ने शोभायात्राओं में भाग लिया और गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा को विदाई दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी सिताब मतीब और थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी के नेतृत्व में विसर्जन कार्यक्रम को शांति पूर्वक संपन्न कराया गया। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद था, और ग्रामीण भी भारी संख्या में विसर्जन कार्यक्रम में शामिल रहे। करगहर में भी दुर्गा पूजा समिति की ओर से मां दुर्गा का विसर्जन किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस भावुक विदाई के साक्षी बने। श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे और रंग-गुलाल के साथ बाजार होते हुए सिरिसिया नहर तक शोभायात्रा निकाली। मां दुर्गा की प्रतिमा के अंतिम दर्शन के लिए भारी संख्या में लोग उमड़े, और विसर्जन के दौरान कई लोगों की आंखों में आंसू आ गए। इस अवसर पर करगहर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष महावीर सौण्डिक ने कहा कि नौ दिन तक चली महा आराधना और विजयादशमी पर्व के बाद मां की विदाई बहुत दुःखदाई होती है। समिति के सदस्य पुनः अगले वर्ष इस पर्व को और भी भव्यता से मनाने के संकल्प के साथ माता के चरणों में पुष्प अर्पित कर रहे थे। करगहर के विसर्जन कार्यक्रम में भी प्रशासन की कड़ी निगरानी रही। एसडीपीओ टू कुमार वैभव, थानाध्यक्ष विजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार और कई अन्य पुलिस अधिकारी विसर्जन स्थल पर तैनात रहे।

## टेम्पो एवं स्कूल वाहन में टक्कर, तीन जख्मी

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** टेम्पो और स्कूल वाहन में टक्कर होने के कारण दो स्कूली बच्चे सहित तीन लोग हुए जख्मी। घटना के संबंध में बताया गया कि संत एस एन ग्लोबल स्कूल की मैजिक वाहन तथा दावथ की ओर से आ रही टेम्पो वाहन के टक्कर मारे जाने के कारण हुई है। कि स्कूल वाहन के चालक सह वाहन मालिक अवधेश शर्मा ग्राम नारायण पुर, सुर्यपूरा के द्वारा चौदज्ह स्कुली बच्चों को छोड़ने के लिए जा रहे थे तभी दावथ की ओर से आ रहे टेम्पो ने जोरदार टक्कर मारा, जिससे कक्षा सात का बच्चा रिषभ रिज पिता संजय सिंह उम्र चौदह वर्ष एवं रौशन कुमार पिता श्याम नारायण सिंह उम्र तेरह साल दोनों ग्राम गोहलडीह,सुर्यपुरा घायल हो गए।

भारत सरकार
पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
वेबसाईट: www.plantauthority.gov.in
सत्यमेव जयते
PPVFRA

पादप जीनोम संरक्षक पुरस्कार 2023-24

पादप जीनोम संरक्षण समुदाय पुरस्कार/कृषक सम्मान एवं मान्यता के लिए कृषक समुदायों और व्यक्तिगत कृषकों से वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन प्रारूप पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण की वेबसाइट https://plantauthority.gov.in/hi पर उपलब्ध हैं।

अंतिम तिथि: विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से तीन माह। CBC 01146/12/0001/2425

## न्यूज बाइट्स

### बाबा के नाम पर फर्जी वेबसाइट बना ठगी करने वाला गिरफ्तार

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के अकबरपुर पुलिस ने एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़ा साइबर ठग बाबा के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाकर देश के विभिन्न प्रांत के लोगों से ठगी की वारदात को अंजाम दे रहा था। अकबरपुर थाना पुलिस ने पचरुखी बाजार से एक युवक को साइबर ठगी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साइबर ठग के पास से जब्त दो एंड्रॉयड मोबाइल से कई लोगों से ठगी करने का अलग-अलग नामों का ट्रांजैक्शन बारकोड भी मिला है। पुलिस के हत्थे चढ़ा साइबर ठग नारदीगंज थाना क्षेत्र के भदौर गांव का भागीरथ चौधरी का 21 वर्षीय पुत्र ऋतु रौशन कुमार बताया जाता है। अकबरपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने बताया कि साइबर ठगी से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस अधीक्षक, साइबर थाने और नवादा पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल्स पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इनमें लोगों को साइबर ठगी के नए तौर-तरीकों के बारे में आगाह कर बचने के उपाय भी बताए जा रहे हैं। थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने आमजन के हित में लोगों को सोशल मीडिया पर आने वाले फर्जी लिंक से पूरी तरह सावधान रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा किसी भी संदिग्ध लिंक पर बैंक संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी साझा न करें क्योंकि ऐसा करने से वे धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। सावधानी व सतर्कता ही साइबर ठगी से बचने का उपाय है।

### 62 पूजा समिति के अध्यक्ष व खलीफा को किया सम्मानित

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** नगर निगम सेवा समिति संस्था के अध्यक्ष रौशन गुप्ता के तत्वावधान में सासाराम नगर के 2 स्थानो पर नवरतन बाजार, आलमगंज चौराहे पर माँ दुर्गापूजा पर्व के विसर्जन के दौरान नगर में 62 पूजा समिति के अध्यक्ष व खलीफा लाइसेन्स बंधुओं को निगम सेवा समिति द्वारा सम्मान पत्र, अंग वस्त्र, शील्ड फूल-मालाओं की हार पहनाकर सम्मानित किया गया साथ ही 11 मुहल्ले के पूजा समिति के अखाड़ा खेलने वाले तथा सनातन संस्कृति के स्वरूप जुलूस अच्छा बैंड बाजा के साथ प्रदर्शन करने वाले आयोजक को चांदी का सिक्का उपहार स्वरुप समिति ने दिया है साथ ही 7000 लोगों को लंगर भूखे को अन्न प्यासे को पानी पिलाया गया। इसके साथ प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि को भी सम्मानित किया गया इस मौके पर रवि देवा पप्पू सोनी, सुमन, संजय वैश्य विजय महतो रोबिन केशरी संजय वर्मा, आनन्द जयसवाल राज सोनी सन्तु बंद जयशंकर मुखिया वीरेन्द्र गुप्ता अरुण सोनी राकेश गुप्ता दिनेश चौधरी अमर कुशवाहा सूरज मेहता पिंटू दुबे अभिषेक सुमन प्रदीप गुप्ता सुनील चौधरी प्रिंस कुमार प्रशांत चौरसिया सत्येन्द्र सिंह सरोज गुप्ता संजय गुप्ता प्रकाश कुशवाहा अमित आर्या सत्यनारायण गुप्ता अभिषेक सुमन ओम जीत यादव अन्य लोग उपस्थित थे संजय वैश्य कार्यकारी महामन्त्री नगर निगम सेवा समिति।

### करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** शहर के बिक्रमगंज तेंदुनी चौक के पास बने कंट्रोल रूम के करीब बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक टिल्लू मियां उर्फ़ गुड्डू पिता राजेंद्र कुरैशी माता शकील वार्ड संख्या तीन का निवासी था, अपने माता-पिता का इकलौता संतान था जो फल बेचकर गुजारा करता था परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना रविवार देर शाम की है। बताया जाता है कि पच्चीस वर्षीय युवक की मौत बिक्रमगंज चौक के पास बने नगर परिषद के मंच के बगल में खुले बिजली के तार के संपर्क में आने से हो गई। इस घटना से आहत मृतक की मां के द्वारा शव का पोस्टमार्टम नहीं होने दिया गया। सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं थाना अध्यक्ष के बहुत प्रयत्न के बाद भी मृतक की मां पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हो सकी। इस प्रकार बिना मुकदमे और मुआवजे के ही मुस्लिम रीति रिवाज के साथ आम जनाजा गाह में सुपुर्दे खाक किया गया। घटना के बाद नगर परिषद बिक्रमगंज के पुर्व सभापति रबनवाज खां उर्फ राजू ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दूसरे दिन भी हुआ प्रतिमा का विसर्जन

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

पूरे जिले में दुर्गा पूजा का महापर्व शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। असत्य पर सत्य की विजय का यह पर्व मां दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन के साथ ही सोमवार को संपन्न हो गया। हालांकि प्रशासन की सख्ती के कारण इस बार नवयुवकों की टोली डीजे के धुन पर नाचते-गाने से वंचित रहे। जिससे नवयुवको की टोली में नाराजगी भी देखने को कही कही मिला। बावजूद बैंड- बाजे के साथ अबीर-गुलाल उड़ाते हुए जगत जननी मा जगदम्बे की मूर्ति को नदी - तालाबों में विसर्जित किया। हालांकि विसर्जन का सिलसिला शनिवार से ही शुरू है। जो सोमवार को देर रात तक चला। रविवार होने की वजह से जिले के अधिकांश जगहों पर सोमवार को विसर्जन किया गया। पूरे जिले के पूजा पंडालों से भक्तों द्वारा मां की प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई तथा शोभायात्रा में शामिल लोगों ने मां के जयकारे के साथ विभिन्न भक्ति व हिंदी गाने की धुन पर नाचते गाते नदी, तालाब, नहर आदि में मां की प्रतिमा का विसर्जन किया। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल कलाकारों ने पूरे रास्ते लोगों का खूब मनोरंजन भी किया तथा कई कलाबाजीयां भी दिखाई। किसी ने तलवार के साथ करतब दिखाया तो किसी ने लाठी से कलाबाजी दिखाई। वहीं कई सामाजिक संगठनों द्वारा कलाबाजी दिखा रहे कलाकारों को सम्मानित भी किया गया। प्रतिमा विसर्जन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये थे।शोभा यात्रा के रास्ते में जगह-जगह दंडाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। विसर्जन स्थल पर पर्याप्त बिजली की व्यवस्था भी रहा। जिससे प्रतिमाओं को विसर्जित करने में भक्तों को कोई परेशानी न हो।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
बटाने शीर्ष कार्य प्रमण्डल, अम्बा, औरंगाबाद
Email ID- eebatanewrd@gmail.com
आम सूचना

इस कार्यालय द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01/2024–25 जिसका PR NO.-008153 (WRD) 2024-25 को आमंत्रित की गई थी। जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद का पत्रांक – SSA/CIVIL/2794 औरंगाबाद, दिनांक–01.10.2024 के आलोक में उक्त निविदा आमंत्रण सूचना को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

(ई0 गजेन्द्र कुमार चौधरी)
कार्यपालक अभियंता
बटाने शीर्ष कार्य प्रमण्डल, अम्बा

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR- 010400 (WRD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

### पुस्तकालय से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा निखरेगी : एमएलसी

**दिनारा (रोहतास) (नि.सं.)।** ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं जरूरत है उन प्रतिभाओं को निखारने की। इस कड़ी में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं की महत्ता बढ़ जाती है। उक्त बातें प्रखंड क्षेत्र स्थित नटवार बाजार में एक लाइब्रेरी के उद्घाटन के दौरान बिहार विधान परिषद के सदस्य अशोक कुमार पांडेय ने कही। कार्यक्रम की शुरुआत विधान परिषद सदस्य तथा जिले की स्वच्छता आईकॉन डॉ मधु उपाध्याय के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटते हुए उद्घाटन का कार्य किया गया। शिक्षाविद् तथा संझौली के पूर्व उप प्रमुख डॉ मधु उपाध्याय ने कहा कि इस संस्थान का मुख्य उद्देश्य गरीब तबके के बच्चों को भी उच्च कोटी की शिक्षा प्रदान कराना है।

जसीडीह–बैद्यनाथधाम शाखा में मेमू ट्रेनें निरस्त रहेंगी

जसीडीह बाईपास लाइन के संबंध में, रेल अंडर रेल (देवघर से सीएच. 5354.184 पर ब्रिज सं. बी–1) के निर्माण के लिए, जसीडीह–बैद्यनाथधाम शाखा पर रेल यातायात दिनांक 24.10.2024 से 04 महीने के लिए स्थगित रहेगा।

- **दिनांक 24.10.2024 से 04 महीने** के लिए जसीडीह और बैद्यनाथधाम के बीच **सभी मेमू ट्रेनें** निरस्त रहेंगी।
- **03562 और 03678 बैद्यनाथधाम–आसनसोल मेमू** जसीडीह से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेंगी।
- **03574 किऊल–जसीडीह मेमू** रेक **03682 जसीडीह–आसनसोल मेमू** के रूप में जसीडीह से आसनसोल तक चलेगी।
- **दिनांक 24.10.2024 से 04 महीने के लिए जसीडीह और देवघर के बीच 06 जोड़ी नई पैसेंजर स्पेशल ट्रेनें निम्नलिखित समयसूची के अनुसार शुरू की जाएंगी**

| क्रम सं. | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | – | 03.35 | ↓ जसीडीह | 04.20 | – |
| | 03.50 | – | देवघर ↑ | – | 04.00 |
| 2. | – | 08.45 | ↓ जसीडीह | 09.50 | – |
| | 09.05 | – | देवघर ↑ | – | 09.30 |
| 3. | – | 12.30 | ↓ जसीडीह | 13.10 | – |
| | 12.45 | – | देवघर ↑ | – | 12.55 |
| 4. | – | 14.40 | ↓ जसीडीह | 16.05 | – |
| | 15.00 | – | देवघर ↑ | – | 15.50 |
| 5. | – | 17.45 | ↓ जसीडीह | 18.45 | – |
| | 18.00 | – | देवघर ↑ | – | 18.25 |
| 6. | – | 22.50 | ↓ जसीडीह | 23.45 | – |
| | 23.05 | – | देवघर ↑ | – | 23.30 |

यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।
वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, आसनसोल
पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल
शुद्धि पत्र–2
**संदर्भ : ई–निविदा सं० : ईसीआर–कवच–ओटी–1**
**कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व मध्य रेल के 502.2 आरकेएम में कम घनत्व वाले रेलवे ट्रैक पर कवच (स्वदेशी ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली) की व्यवस्था।

**Code :** Schedule - A Item - 9, **Field Name :** Item Qty., **Existing Value :** 40, **Modified Value :** 23

**Code :** Schedule - A Item - 11, **Field Name :** Item Description, **Existing Value :** Supply, installation and commisioning of Test Bench for conducting FAT/SAT of Stationary TCAS equipment as per RDSO Specification - RDSO/SPN/196/2020 Version 4.0 or latest. Inspection- RDSO, **Modified Value :** Supply, installation and commissioning of Test Bench for conducting FAT/SAT of Stationary TCAS equipment as per RDSO Specification - RDSO/SPN/196/2020 Version 4.0 or latest. Inspection RDSO for Kavach equipment only

Code : Schedule - A Item - 12, **Field Name :** Item Description, **Existing Value :** Supply, installation and commissioning of Network Management System (NMS) for Centralized monitoring of TCAS station and Loco equipment as per RDSO Specification -RDSO/SPN/196/2020 Version 4.0 or latest. Inspection -RDSO, **Modified Value :** Supply, installation and commissioning of Network Management System (NMS) for Centralized monitoring of TCAS station and Loco equipment as per RDSO Specification - RDSO/SPN/196/2020 Version 4.0 or latest. Inspection - Consignee

**Field Name :** Advertised Value (INR), **Existing Value :** 2452949969.95, **Modified Value :** 2414624625.95

**नोट :–** अद्यतन निविदा दस्तावेज वेबसाइट WWW.IREPS.GOV.IN पर अपलोड की गयी है।
**उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर (योजना)**
**पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर**
पीआर/01312/एचक्यू/एस&टी/सी/24–25/52

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
अल्पकालीन निविदा संख्या– 08/भ0प्र0 औरंगाबाद/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 07.10.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 28.10.2024 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 29.10.2024 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 29.10.2024 को अपराहन 3:30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
(ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–1 औरंगाबाद।
(ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–2 औरंगाबाद।
(घ) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. कार्य विवरणी:–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | विशेष केन्द्रीय सहायता योजना (SCA) औरंगाबाद जिला में प्रखंड मदनपुर में प्रतिनियुक्त कोबरा 205 बटालियन के लिए अस्थायी कैम्प आकार(6.09x9.14x3) मीटर का निर्माण कार्य | 10.65 | 21,500 | 2500.00 | 3 माह |
| 2 | विशेष केन्द्रीय सहायता योजना (SCA) औरंगाबाद जिला में प्रखंड मदनपुर में प्रतिनियुक्त कोबरा 205 बटालियन के लिए अस्थायी कैम्प में कोर्ट के उपयोग के लिए आकार (6.09x9.14x3) मीटर का निर्माण कार्य | 11.257 | 23,000 | 2500.00 | 3 माह |
| 3 | विशेष केन्द्रीय सहायता योजना (SCA) औरंगाबाद जिला में प्रखंड मदनपुर में प्रतिनियुक्त कोबरा 205 बटालियन के लिए अस्थायी कैम्प हेतु आकार (6.09x9.14x3) मीटर का अर्ध स्थायी शौचालय और बाथरूम ब्लॉक(10 सं0) का निर्माण कार्य | 14.21 | 28,500 | 2500.00 | 3 माह |
| | कुल | 36.117 लाख | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
PR- 010393 (BCD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

### विहंगम योग शताब्दी महोत्सव के लिए विहंगम सुरक्षा बल का हुआ बैठक आयोजित

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड के धारुपुर निवासी समाजसेवी डा.राजकुमार उर्फ मुन्ना यादव के आवास पर विहंगम सुरक्षा बल स्वयंसेवक दल का बैठक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दल के निर्देशक वैदिक पुरोहित राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित आचार्य मयंक शास्त्री व संचालन टीम लीडर सुनिल संगम ने की। बतौर मुख्यातिथि आचार्य मयंक शास्त्री ने बताया कि विहंगम योग संस्थान का शताब्दी महोत्सव समारोह इसी वर्ष 6 और 7 दिसंबर 2024 को उत्तर प्रदेश वाराणसी के धरती पर स्वर्वेद महामंदिर धाम के परिसर में आयोजित होने जा रहा है। इस अवसर पर सद्गुरु अनंत श्री स्वतंत्र देव महाराज की अमृतवाणी और संत प्रवर श्री विज्ञानदेव महाराज जी के द्वारा दिव्यवाणी का लाभ श्रद्धालु लेंगें। शताब्दी महोत्सव के अवसर पर 25 हजार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का आयोजन भी होगा। देश विदेश से लाखों भक्त श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी। इसी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर इस कार्यक्रम में स्वयंसेवक के रुप विहंगम सुरक्षा बल के दल का गठन किया जा रहा है,ताकि सुरक्षा विधि व्यवस्था बनाया जा सके। बताया कि विहंगम सुरक्षा बल के रुप में करीब सात सौ स्वयंसेवक को तैयार करने का लक्ष्य है।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.inपर)
पुर्नई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –10 /औरंगाबाद/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 07.10.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री(डाउनलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 22.10.2024 से 12.11.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 22.10.2024 से 12.11.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6 प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक–14.10.2024 को 15:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय(तकनीकी बीड) :– दिनांक–13.11.2024 को 15:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in )
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय(वितीय बीड) :– तकनीकी बीड उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा वैधता की तिथि 120 दिन
10. कार्य विवरणी:–

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | बीड प्रोसेसींग राशि+सर्विस टैक्स | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मंडल कारा औरंगाबाद में अधीक्षक आवास का निर्माण कार्य | 47.8/– | 96000/– | 5000/– | As Per Online Requirement | 4 माह |
| | कुल | 47.8 लाख | | | | |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No. 10420 (BCD) 2024-25
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल,औरंगाबाद
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –11 /औरंगाबाद/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 07.10.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 22.10.2024 से 12.11.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 22.10.2024 से 12.11.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6 प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक–14.10.2024 को 15:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड/वितीय) :– दिनांक–13.11.2024 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
8. निविदा वैधता की तिथि 120 दिन
9. कार्य विवरणी:–

| क0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | बीड प्रोसेसींग राशि +सर्विस टैक्स | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अल्पसंख्यक बालक छात्रावास, औरंगाबाद का रेनोवेशन कार्य | 27.08/– | 54500/– | 5000/– | As Per Online Requirement | 4 माह |
| | कुल | 27.08 लाख | | | | |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,औरंगाबाद
PR. No. 10419 (BCD) 2024-25
नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# डीएम ने आकांक्षी जिला से संबंधित पदाधिकारियों के साथ किया बैठक

निज संवाददाता | नवादा



समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में नीति आयोग से संबंधित सूचकांकों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। आकांक्षी जिला अन्तर्गत सम्पूर्णता अभियान में शत्-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति पूर्ण कर ली गयी है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं का एएनसी चेकअप, बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं का टीएचआर वितरण और जीविका को फंड उपलब्ध कराने जैसे कार्यों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला/प्रखंड कार्यक्रम का उद्देश देश के पिछड़े जिलों को विकास की मुख्य धारा में लाना है। जिलाधिकारी ने इस बैठक में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और अपने-अपने कार्यों को और अधिक प्रभावी ढ़ंग से करने का निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यतः 05 विषयगत क्षेत्र है जिसमें (1) स्वास्थ्य एवं पोषण (2) शिक्षा (3) कृषि एवं जल संसाधन (4) सामाजिक विकास - वित्तीय समावेशन, कौशल विकास एवं (4) आधारभूत संरचना। उक्त पांचों विषय के अन्दर 49 इंडिकेटर्स हैं, जिसपर लक्ष्य के अनुरूप कार्य किया गया है। सम्पूर्णता अभियान में जिले के सभी क्षेत्रों में पॉच इंडिकेटर पर लक्ष्य की प्राप्ति कर ली गयी है। डीपीओ आईसीडीएस को जिलाधिकारी ने सम्पूर्णता अभियान के तहत लक्ष्य की प्राप्ति में कमी रहने के कारण 30 अक्टूबर 2024 तक लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, गोपनीय प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ योजना पदाधिकारी, डीपीएम जीविका, पिरामल फोउंडेशन के प्रतिनिधि के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मंदिर जाने के लिए निकली बालिका की पथ दुर्घटना में मौत

**नवादा (नि.सं.)**। पूजा करने जा रही लड़की को वाहन ने जोरदार धक्का मार दिया। घटनास्थल पर लड़की की मौत हो गई। घटना कादिरगंज थाना क्षेत्र के बंधुबीघा मोड़ के पास की है। मृतका की पहचान ओहारी के बंधुबीघा गांव के रामस्वरूप रजक की 20 वर्षीय बेटी रानी कुमारी के रूप में की गयी है। रानी की मार्च माह में शादी होनी थी। बताया जाता है कि मृतका पूजा करने मंदिर जा रही थी। अचानक पीकअप ने जोरदार धक्का मारो दिया जिससे वह जमीन पर आ गिरी। वाहन का चक्का चढ़ने से घटनास्थल पर मौत हो गयी। चालक वाहन लेकर फरार होने में सफल रहा। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष श्रवण राम ने बताया पिता के बयान पर अज्ञात पिकअप के मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई आरंभ कर दी गयी है।

## न्यूज बाइट्स

### 18 अक्टूबर को नवादा में नियोजन मेला

**नवादा (नि.सं.)**। जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि श्रम संसाधन विभाग बिहार सरकार के निदेश के आलोक में मॉडल करियर सेन्टर-सह-जिला नियोजनालय, नवादा द्वारा दिनांक-18 अक्टूबर 2024 को औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र (आई0टी0आई0 कैम्पस), नवादा के प्रागंण में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला आयोजित किया जा रहा है। इस नियोजन मेले में राज्य एवं अन्य राज्यों से लगभग 20-25 नियोजकों के भाग लेने की संभावना है। साथ ही इस कार्यक्रम में स्वरोजगार एवं कौशल विकास हेतु मार्गदर्शन कार्यक्रम एवं सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी जायेगी। जिसमें बेरोजगारों के साथ-साथ अन्य जरूरतमंद लाभार्थी भी इस अवसर का लाभ उठा सकेगें।

### गांव से निकलकर लंदन में परचम लहरा रही नवादा की बेटी, बढ़ा रही जिले का मान



**नवादा (नि.सं.)**। गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंदन में नवादा की बेटी धूम मचा रही है। इंग्लैंड की राजधानी लंदन में जिले के नरहट बदलपुर से जुड़ाव रखने वाली बेटी शिवानी सिंह ने कंसलटेंट के रूप में अपनी सेवा शुरू की है। दुनिया के बड़े उद्योगपतियों व व्यावसायिक घराने के लोगों को बेहतर बिजनेश सलाह देने वाली इंटरनेशनल कंपनी कॉगनीजेंट लंदन में जिले की शिवानी बड़े- बड़े उद्योगपतियों को अपने व्यपार बढ़ाने की सलाह दे रही हैं। बेटी की सफलता पर गदगद सिंचाई विभाग में अधिक्षण अभियंता के रूप में काम करते हुए सेवानिवृत होने वाले पिता मिथलेश कुमार सिन्हा की खुशी देखती बनती है। समाज में महिलाओं की अच्छी स्थिति नहीं होने की धारना को तोड़ते हुए जिले की बेटी लंदन में जाकर जो कमाल कर रही है, वह अनुकरणीय है। पिता मिथलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि नरहट प्रखंड के बदलपुर गांव हमारा पैतृक गांव है। नौकरी व अन्य काम के कारण फिलहाल पटना में शिफ्ट हैं। परिवार के अन्य सदस्य गांव में ही रहते हैं। नवादा में शुरूआती शिक्षा के बाद शिवानी ने पटना के संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल पटना से मैट्रिक व इंटर तक की पढ़ाई की। इसके बाद बीटेक की पढ़ाई कलिंगा इंर्फमेशन इंजीनियरिंग टेक्निकल भुवनेश्वर से की। लंदन में एमएस बिजनेश एनयलास्टिक वारविक यूनिवर्सिटी यूके में पढ़ाई की और फिलहाल यूके के लंदन में काम करते हुए जिला को गौरवान्वित कर रही है। सेवा निवृत सिंचाई विभाग के अधिकारी मिथलेश कुमार सिन्हा की बेटी शिवानी सिंह की सफलता से परिवार सहित पूरा जिला गौरवान्वित महसूस कर रहा है। शिवानी ने कहा कि परिवार का पूरा सपोर्ट उसके साथ है। पापा और परिवार के लोगों के सपना को वह पूरा कर रही है। परिवार में एजुकेशनल माहौल ने आगे बढने की ताकत दी। मां नूतन सिंह व भाई शशांक का खूब साथ मिला। पिता ने कहा कि नवादा जैसे छोटे जिले से निकलकर विश्व क्षितिज पर अपना परचम लहराने वाली शिवानी ने साबित कर दिखाया है यदि आप में कुछ कर गुजारने की इच्छा हो तो निश्चित ही सफलता आपके कदम चुनती है। उन्होंने लोगों से निवेदन करते हुए कहा कि बेटा और बेटी का फर्क मिटाएं तथा एक लक्ष्य लेकर बच्चों को आगे बढ़ने की छूट दें।

### आस्था का प्रतीक मड़ही पूजा 19 अक्टूबर को



**नवादा (नि.सं.)**। दशहरा पूजा के समापन के साथ ही जिले के वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के बाली व कौआकोल प्रखंड क्षेत्र के पाण्डेयगंगौट में मनाये जाने वाले दो दिवसीय मड़ही पूजा की तैयारियां आरंभ कर दी गयी है। 19 अक्टूबर कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वितीया से आरंभ होने वाले महंथ जी पुण्यतिथि पर हजारों श्रद्धालुओं का आगमन को देखते हुए व्यवस्थापकों द्वारा तैयारियां आरंभ कर दी गयी है। प्रेम पंथ के पथिक हाजी हाफिज वारिस अली शाह के शिष्य महंथ पंचवदन सिंह के चाहने वाले सर्व धर्म समभाव के लोग जाति - पाती, धर्म - मजहब से उपर उठकर चादर चढ़ा मनौतियां मांगते हैं। मौके पर बच्चों का मुंडन संस्कार कराते हैं। दो दिवसीय पूजा के प्रथम दिन चादरपोशी के साथ बच्चों का मुंडन संस्कार कराया जाता है। दूसरे दिन महंथ जी को चाय पेश करने की रस्म अदायगी के साथ प्रसाद का वितरण किया जाता है। आगंतुकों के लिए भोजन, नाश्ता व रहने के साथ मनोरंजन की भरपूर व्यवस्था के कारण लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का अहसास तक नहीं होता। इस क्रम में वारिस की शान में कौव्वाली, महंथ जी की शान में विख्यात सूफी संत प्रेम विनोद के रचयिता पंडित श्यामलाल मिश्र रचित भजन संध्या का विशेष आयोजन लोगों को आकर्षित कर झूमने पर विवश कर देता है। लोगों को अहसास होता है जो रब है वही राम है। तभी तो औघट शाह ने कहा हैः- प्रेम का सौदा मिठाई भाई, पहले लगता जैसे जहर। प्रेम सदा सतगुरु से राखो, जिसका नाम है मुरलीधर। वैसे सनातन धर्म भी कहता हैः- राम नाम सबकोय कहै। ठग ठाकुर और चोर।। बिना प्रेम रिझै नहीं, तुलसी नंदकिशोर। बाली मड़ही के व्यवस्थापक देवाश्रय कुमार चंचल व पाण्डेयगंगौट के नारायण मोहन स्वामी के अनुसार मड़ही पूजा समिति की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हर सुविधा मुहैया कराने की तैयारियां आरंभ कर दी गयी है।

### माता प्रतिमा का हुआ विसर्जन, जयकारे लगाते रहे जन-जन

**नवादा (नि.सं.)**। विजयादशमी को विधान पूर्ण कर लेने के बाद माता भगवती का भौतिक रूप से रविवार को विसर्जन सम्पन्न हो गया। विसर्जन मेले में निरंतर श्रद्धालु नर-नारियों की भारी भीड़ उमड़ती रही। माता के जयकारे लगते रहे। महानवमी से उमड़ने वाली माता भक्तों की भीड़ का रविवार को अलग ही नजारा रहा। जहां महानवमी को माता दरबार में गोद भराई यानी खोइंछा भराई की आपाधापी लगी थी वहीं विजयादशमी को माता के चरणों में सिंदूर अर्पण की होड़ लगी थी। सुहागिनों ने माता के चरणों में सिंदूर का अर्पण किया और एक-दूसरे की मांग भरने के साथ ही एक-दूसरे के गाल पर सिंदूर लगा कर माता से अखंड सुहाग की कामना की। प्रतिमा विसर्जन के लिए पंडालों से मूर्ति के उठने के पूर्व तक यह सिलसिला जारी था जबकि विसर्जन के लिए निकल चुकी प्रतिमाओं के भ्रमण के क्रम में भी श्रद्धालु सुहागिनों इस विधान को पूर्ण किया। मां को दी गयी कारुणिक माहौल में विदाई मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन से पूर्व पूजा पंडालों में विदाई आरती गायी गयी, जिससे बेहद कारुणिक दृश्य उत्पन्न हो गया। इसके बाद पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा समेत माता लक्ष्मी, माता सरस्वती और भगवान गणेश व कार्तिकेय की प्रतिमाएं विभिन्न वाहनों पर रख कर अश्रुपूरित नेत्रों से विसर्जन शोभायात्रा निकाली गयी। विभिन्न मार्गों से होते हुए निर्धारित जलस्थलों यानी विभिन्न ताल-तलैयों में प्रतिमाओं को प्रवाहित किया गया। इसके साथ ही रविवार से पूजा पंडाल सूने हो गए। इसकी टीस भक्तों में साफ-साफ नजर आने लगी है। पिछले कई दिनों से उल्लास का गवाह बन रहे पूजा स्थल की यह वीरानगी माता भक्तों के हृदय का द्रवित कर जा रही है। मूर्ति विसर्जन के दौरान व्यवस्था रही चुस्त-दुरुस्त मूर्ति विसर्जन के लिए प्रशासन ने कई स्तर के इंतजाम किए थे। डीएम आशुतोष कुमार वर्मा व एसपी अभिनव धीमान के निर्देशन में विभिन्न क्षेत्रों में अधिकृत अधिकारी मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की अपनी भूमिका के निर्वहन में तत्पर दिखे।

## ऑनलाइन ठगी करते साइबर अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता | नवादा

जिले के अकबरपुर थाने की पुलिस ने फर्जी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन ठगी करते एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। घटना शुक्रवार की बतायी जाती है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अकबरपुर थाना क्षेत्र के पचरूखी बाजार में छापेमारी की। अपराधी के पास से दो मोबाइल बरामद की गयी। जिसमें कई ट्रांजैक्शन बारकोड व अन्य दस्तावेज बरामद किये गये। गिरफ्तार अपराधी की पहचान नारदीगंज थाना क्षेत्र के भदौर गांव के भागीरथ चौधरी के बेटे 21 वर्षीय रितु रौशन कुमार के रूप में की गयी। पुलिस ने उसके मोबाइल से बरामद किये गये दस्तावेजों से फर्जीवाड़े के कई साक्ष्य बरामद किये हैं। नवादा के एसपी अभिनव धीमान के निर्देश पर रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार की मॉनिटरिंग में की गयी छापेमारी का नेतृत्व अकबरपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने किया। बाबा वेबसाइट के नाम पर ठगी पुलिस के मुताबिक अपराधी द्वारा बाबा के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाया गया था। जिसके माध्यम से उपभोक्ताओं को फोन कर झांसा देकर अपने जाल में फंसाया जाता था और लाखों रुपये विभिन्न फर्जी अकाउंट में ट्रांसफर कराये जा रहे थे। पुलिस द्वारा मोबाइल से बरामद किये गये दस्तावेजों से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं से ठगी किये जाने के साक्ष्य मिले हैं। आरोपित से पुलिस टीम द्वारा की गयी पूछताछ में गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम भी सामने आये हैं। जिसके आधार पर वेरिफिकेशन के बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## 19 अक्टूबर को होने वाली जन आशीर्वाद संवाद यात्रा को सफल बनाने लेकर बैठक का आयोजन

### समाज सेवी निशिकांत सिन्हा का राजनीति में कूदने की हो रही तैयारी

निज संवाददाता | नवादा



आगामी 19 अक्टूबर को नवादा -गया पथ पर स्थित आदर्श वाटर पार्क के मैदान में समाजसेवी निशिकांत सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित होने वाली जन आशीर्वाद संवाद यात्रा सफल बनाने को लेकर जिले के रोह प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्रैण्ड पंचम मैरेज हॉल में कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कुशवाहा सेवा समिति के सदस्यों सहित क्षेत्र के विभिन्न गावों से सैकड़ो की संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प समर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने आगामी 19 अक्टूबर को समाज सेवी सह प्रसिद्ध उद्योगपति निशिकांत सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित रैली की सफलता के लिये कुशवाहा बहुल गावं से हजारों हजार की संख्या में पहुंचने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा की समाजिक कार्यों में हमेशा सहयोग करने वाले समाजसेवी हमारे समाज के धरोहर हैं इनके नेतृत्व में समाज का शैक्षिक एवं आर्थिक विकास सुनिश्चित है। इनकी सोच और इनका कार्य हमेशा गरीबों की मदद करना होता है। वे हमेशा वँचितो एवं शोषितों के विकास के लिये सोचते रहते है। वर्तमान समय में समाज एवं बिहार का विकास इनके ही कार्यशैली से सम्भव हो सकता है। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं समिति के दायित्वधारियों ने आयोजित होने वाली रैली में बढ़ चढ़ कर भागीदारी करने एवं तन मन धन से रैली को सफल बनाने के लिये युद्ध स्तर पर क्षेत्र भ्रमण एवं जनसंपर्क अभियान चलाने पर बल दिया।बैठक में निशिकांत सिन्हा के युवा बिग्रेड की टीम के सैकड़ों युवाओं ने बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।बैठक का संचालन अविनाश निराला ने किया।मौके पर पंचम मेहता,समिति के अध्यक्ष महेश्वरी प्रसाद, कोआकोल से मनोज कुशवाहा, पकरीवरावां से बाल्मीकि कुशवाहा, राजेश कुमार, अजय कुशवाहा, यमुना प्रसाद, वारिसलीगंज से सोनू कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, दीपक कुमार, बसंत प्रसाद, मिथिलेश कुमार, संगम वर्मा, सौरभ कुशवाहा, उपेंद्र कुमार, शैलेन्द्र महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पूजा में हुड़दंगियों के विरोध करने पर की गई मारपीट, घायल

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि विजयदशवीं के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। किन्तु मेले में हुड़दंगियों के विरोध किये जाने पर सोमवार की सुबह छतनी गांव में धमनी गांव से आ रहे परिजनों के साथ रास्ता रोककर मारपीट एवं पत्थरबाजी किया गया। साथ ही महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार भी किया गया। घटना कि सूचना पीड़ित पक्ष द्वारा डायल 112 एवं थाना को दी गई। पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच मामले को शांत कराकर घायल लोगों को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे डॉ. पारितोष कुमार ने घायलों का प्राथमिक इलाज कर जरूरी दवाइयां दी। घायल धमनी गांव निवासी सोनू कुमार ने बताया कि धमनी गांव के काली मंडा में धूमधाम से पूजा एवं ग्रामीण मेला का आयोजन किया गया था। जिसमें छतनी गांव से आये कुछ उपद्रवियों द्वारा बदमाशी किया जा रहा था। जिसका विरोध गांव के लोगों द्वारा किया गया। इस दौरान कुछ लोगों से हाथापाई भी हुई। हालांकि उस समय मामला आगे नहीं बढ़ा, किन्तु जब पूजा के समाप्ति के बाद धमनी गांव से कुछ लोग वापस कलकत्ता जा रहे थे, छतनी गांव पहुंचते ही उपद्रवियों ने रास्ता रोककर लाठी-डंडे से मारपीट एवं पत्थरबाजी करने लगे। इस दौरान कलकत्ता जा रहे कुल चार से पांच लोग घायल हो गए। वहीं महिलाओं के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। इसी बीच पीड़ित परिजन द्वारा डायल 112 एवं थाना को सूचित किया गया। सूचना पाकर पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंची और उपद्रवियों को समझा-बुझाकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले आई। पीड़ितों ने कहा कि मारने वालों में छतनी गांव निवासी सुरेश यादव के पुत्र सोनू कुमार, धीरज कुमार व विकास रजक के अलावे अन्य लोग शामिल थे। साथ ही बताया कि वे हर वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर कलकत्ता से सपरिवार गांव आते हैं। इस बार हुई मारपीट की घटना से वे काफी दुःखी हैं। पीड़ित परिजनों ने थाने को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित परिजन द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

## परमा गांव में शोभायात्रा के साथ माता दुर्गा की प्रतिमा विसर्जित



निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

शारदीय नवरात्रा को लेकर परमा गांव में स्थापित माता दुर्गा की सोमवार को शोभायात्रा निकाली गई ।इसके पहले श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से समपन्न हो गया। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से माता की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। इसके पूर्व रविवार को मेला आयोजित हुई, जहां लोगों ने जमकर आनन्द उठाया। इस दौरान जय माता दी के उद्घोष से सारा वातावरण गूंजता रहा। आयोजक मंडल दुर्गा पूजा के अध्यक्ष, सचिव समेत अन्य ग्रामीण शोभायात्रा में शरीक हुए। इस मौके पर दंडाधिकारी त्रिलोकनाथ, पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## पिछले सप्ताह कुल 172 गिरफ्तारियां : एसपी

निज संवाददाता | नवादा

पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि विगत सात दिनों के अन्दर (07 अक्टूबर 2024 से 13 अक्टूबर 2024 तक) नवादा जिला में पुलिस द्वारा काफी संख्या गिरफ्तारियां की गई हैं, जो निम्नवत हैः- हत्या में 04, अनुसूचित जाति/जनजाति में 02, हत्या के प्रयास में 04, पुलिस पर हमला में 02, पोक्सो में 02, मद्य निषेध संबंधी पीने के आरोप में 21, अन्य गंभीर आरोप में 34 एवं अन्य गिरफ्तारी 103 कुल 172 गिरफ्तारियां की गई हैं। सात दिनों के अन्दर बरामदगी अन्तर्गत 2544 लीटर देशी शराब, 148 लीटर विदेशी शराब, वाहन अन्तर्गत ट्रैक्टर 05, मोटरसाईकिल 27, आग्नेयास्त्र में देशी कट्टा 02, वाहन चेकिंग में फाईन की कुल राशि 04 लाख 03 हजार रू0 बरामद किया गया। अन्य बरामदगी अन्तर्गत- गांजा-127 ग्राम0, मोबाईल-04 एवं फ्रीज 01, बरामद किया गया।

## शराब के नशे में 19 शराबी गिरफ्तार, एक दोबारा धराये

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आने वाले विभिन्न वाहनों से 19 शराबियों को उत्पाद विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराबियों में एक शराबी दुबारा शराब पीकर धराये शामिल है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर समेकित जांच चौकी पर प्रत्येक दिन 24 घंटे उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा छोटी व बड़ी यात्री व मालवाहक वाहनों की सघन जांच की जाती है। जिसका नेतृत्व उत्पाद अवर निरीक्षक संगम कुमार विद्यार्थी के द्वारा किया जा रहा है। रविवार की रात्रि से लेकर सोमवार की सुबह भी जांच चौकी पर तैनात उत्पाद पुलिस टीम के द्वारा झारखंड की ओर से आने वाली वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दरम्यान में झारखंड से शराब पीकर आ रहे अलग-अलग वाहनों से 19 शराबियों को हिरासत में लिया गया। जिनकी ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच होने के बाद शराब पिए हुए होने की पुष्टि हुई। फलस्वरूप सभी लोगों को कब्जे में लेकर उत्पाद विभाग के नियमानुसार सोमवार को नवादा मजिस्ट्रेट के समक्ष पुलिस बलों के सहयोग से पेश किया गया। जहां शराबियों से जुर्माना राशि वसूल कर छोड़ दिया गया। वहीं दुबारा शराब पीकर गिरफ्तार हुए शराबी नवादा जिले के पकरीबरवां थाना क्षेत्र निवासी राकेश कुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। समेकित जांच चौकी पर वाहन जांच के मौके पर उत्पाद एएसआई पंचम लाल धीरज व एएसआई राकेश कुमार के अलावे दर्जनों उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## डीएम ने किया स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा किए एवं उपस्थित डॉक्टरों को बेहतर ढंग से स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को सुसंचालित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सबसे कम प्रसव अकबरपुर एवं मेसकौर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। जिसपर जिलाधिकारी ने कहा कि इसे प्राथमिकता के आधार पर ज्यादा से ज्यादा सरकारी अस्पतालों में प्रसव कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी एमओआईसी को निर्देश दिया कि आशा, एएनएम एवं जीएनएम के साथ बैठक कर सरकारी अस्पतालों में अधिक से अधिक प्रसव की संख्या बढ़ायें। उन्होंने कहा कि अपने-अपने स्वास्थ्य केन्द्रों पर ओपीडी की संख्या बढ़ाएं एवं मरीजों को अच्छी तरह से ईलाज करें। उन्होंने ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिये। गरीब परिवार के महिलाओं का प्रसव अपने-अपने स्वास्थ्य केन्द्रों पर आशा द्वारा प्रोत्साहित कर कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आशा के द्वारा किये गए कार्यों यथा-घरों की संख्या, गर्भवती महिलाओं की संख्या, प्रसव की संख्या आदि का समीक्षा करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि शहर/प्रखंडों में अवैध रूप से चल रहे जॉच घर, क्लिनिक आदि को बंद करवाने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। एएनसी जांच के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि गर्भवती महिलाओं का हिसुआ में सबसे ज्यादा 110.38 प्रतिशत एएनसी जॉच की गई जबकि नवादा सदर का सबसे कम 52.16 प्रतिशत जॉच की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी और प्रबंधक को एएनसी जांच करने में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य नहीं करने वाले आशा और आशा फैसलिटेटर पर कार्रवाई अवश्य करें। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधित सभी योजनाओं का विशेष प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिये। उन्होंने सभी पीएचसी में दवा की उपलब्धता रखने का निर्देश सभी एमओआईसी एवं बीएचएम को दिया। एम्बुलेंस की स्थिति, नशामुक्ति केन्द्र को सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य चिकित्सक तथा पारा मेडिकल स्टाप की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। अस्पताल के इमर्जेंसी वार्ड को बेहतर बनाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन नवादा नीता अग्रवाल, डीआईओ नवादा अशोक कुमार, डीपीएम स्वास्थ्य विभाग अमित कुमार, सभी प्रभारी पदाधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवादा, जिला स्वास्थ्य प्रबंधक नवादा, सभी एमओआईसी एवं बीएचएम के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## सायबर फ्रॉड ने पीएनबी के खाताधारक से उड़ाये एक लाख रुपये

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड क्षेत्र में वित्तीय साक्षरता को लेकर कई तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद लोग सावधान नहीं हो रहे हैं, जिसके कारण लोग अपनी खून-पसीने की कमाई खो देर रहे हैं। वहीं सायबर फ्रॉड के गिरोह ऐसे लोगों को मूर्ख बनाकर चांदी काटने में जुटे हुए हैं। हालांकि पुलिस सायबर फ्रॉड करने वाले लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर उन्हें जेल भेजने का काम कर रहे हैं। इसके बावजूद सायबर फ्रॉड रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला धमनी पंचायत के कुम्हरुआ गांव का है, जहां सायबर अपराधकर्मियों ने एक युवक के खाते से एक लाख रुपये उड़ा लिया है। पीड़ित कुम्हरुआ गांव निवासी तुलसी यादव के पुत्र पिन्टू कुमार ने बताया कि बीते चार-पांच दिनों पहले उनके एंड्रॉयड मोबाइल पर पीएम किसान एप का एक लिंक आया। युवक द्वारा उस लिंक को क्लिक किया गया, जिसके बाद विभिन्न समयांतराल पर मोबाइल में ओटीपी आने लगा और बीते रविवार को युवक के खाते से पचास-पचास हजार रुपये के दो ट्रांजेक्शन के बाद कुल एक लाख रुपये सायबर अपराधकर्मियों ने उड़ा दिए। बैंक खाते से पैसा निकलने की शिकायत पीड़ित युवक ने पंजाब नेशनल बैंक के कस्टमर केयर से की। बैंक के कस्टमर केयर द्वारा युवक से जरूरी पूछताछ के बाद उसके खाते को फ्रिज कर दिया गया। पीड़ित युवक ने बताया कि उनका खाता पीएनबी बैंक रजौली से है। बीते दिन रविवार होने की वजह से वे बैंक नहीं आ पाए थे। इसलिए वे सोमवार को बैंक आकर मैनेजर से अवैध तरीके से निकाले गए रुपये को वापस दिलाने की गुहार लगाई है। वहीं बैंक मैनेजर द्वारा पीड़ित युवक को आश्वस्त किया गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# कंधे पर उठाकर मां दुर्गा का विसर्जन

## ♦ बक्सर में सबसे पहले बड़ी देवी की प्रतिमा होती है विसर्जित, 21 भक्त बने कहार, सालों की परंपरा



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में बड़ी देवी पूजा समिति की ओर से मां दुर्गा का विसर्जन सोमवार को भक्तों द्वारा कंधे पर उठाकर किया जा रहा है। पूजा समिति के 21 सदस्य कहार बने हुए हैं। जिसमें सैंकड़ों महिलाएं, पुरुष विसर्जन शोभा यात्रा में नाचते गाते हुए नजर आ रहे हैं। बड़ी देवी का विसर्जन आज भी वर्षों से चली आ रही अनूठी परंपरा के तहत विसर्जन किया जा रहा है। बताया जाता है कि जिले में प्रथम विसर्जन बड़ी देवी का ही होता है। उसके बाद सभी पंडाल से मूर्तियां विसर्जन के लिए निकलती हैं।

**कंधे पर मां की मूर्ति भ्रमण की परंपराः** पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। जहां बाकी जगहों पर प्रतिमा विसर्जन के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली या किसी दूसरे वाहन का सहारा लिया जाता है। वहीं, बक्सर की बड़ी देवी दुर्गा पूजा समिति की परंपरा के अनुसार माता की विदाई के लिए आज भी लोगों के कंधे की जरूरत पड़ती है। कंधे पर बड़ी दुर्गा माता के विसर्जन की परंपरा कई दशकों से चली आ रही है। बताया जाता है कि प्रथम विसर्जन बड़ी देवी का ही होता है। विसर्जन से पहले मां की प्रतिमा को कंधे पर ही पूरे शहर में भ्रमण करवाया जाता है। इस दौरान मां के दर्शन के लिए पूरे रास्ते लोगों की भीड़ दिखाई देती है। शहरवासियों के अलावा बाहर के लोग भी दर्शन करने के लिए आते हैं।

**नम आंखो से मां की विदाईः** हर साल की तरह इस साल भी बड़ी देवी के विसर्जन के दौरान हजारों लोग शामिल हैं। फिलहाल प्रतिमा को कंधे पर उठाकर पूरे शहर का भ्रमण करवाया जा रहा है। जिसके बाद जिला प्रशासन द्वारा चयनित स्थान सेंट्रल जेल के पास गंगा घाट किनारे पहुंचकर नाचते-गाते मां का विसर्जन किया जायेगा। बता दें कि मां की प्रतिमा को कंधा पर लेकर भ्रमण कराते हुए भक्तों में बेहद खुशी दिखाई से रही है। लोग अपनी नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दे रहे हैं। इसके साथ ही अगले साल मां को जल्दी आने की कामना कर रहे हैं।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**आरा।** भोजपुर जिले के सिकरहटा थाना क्षेत्र के चंदा गांव में सोमवार को विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक उसी गांव के निवासी स्व. जगेशर राम के 63 वर्षीय पुत्र लाल बहादुर राम है। जो पेशे से किसान हैं। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों के बीच अफरा-तफरी मच गई। मृतक के पुत्र रोहित कुमार ने बताया कि उनके पिता कल घर से खेत घूमने निकले हुए थे। उसी दौरान यह घटना घटी।

रात को घर वापस नहीं लौटे। पुत्र ने आगे की जानकारी देते हुए बताया कि रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। परिजन उन्हें खोजबीन करते हुए खेत की ओर गए तो उन्होंने देखा कि वह धान के खेत में बिजली के तार से सटे मृत अवस्था में पड़े है। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई और एक बहन में तीसरे स्थान पर थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात शव का कराया अंतिम संस्कार

**आरा।** संत रविदास जनसेवा संगठन एवं टीम मदर टेरेसा सेवाकर्मी ने एक अज्ञात शव का अंतिम संस्कार करवाया है। संस्था द्वारा बताया गया कि 109वां अज्ञात व लावारिस पुरुष शव के का दाह संस्कार किया गया है। 70वर्षिय अज्ञात लावारिस हालात में मृत पुरूष का शव जीआरपी आरा द्वारा प्राप्त हुआ था। पोस्टमार्टम के पश्चात 72 घंटे के लिए आरा सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस के शीतगृह में सुरक्षित रखा गया था। पहचान नहीं होने पर संस्था द्वारा उक्त शव का अंतिम संस्कार गांगी मुक्ति धाम पर करवा दिया गया है। अंतिम संस्कार करवाने में संस्था के महासचिव अमरदीप कुमार जय, रिटायर बैंककर्मी अशोक कुमार श्रीवास्तव, मिश्रीलाल, वी जैन, डा शम्भूनाथ राय, मेजर विकास सिंह, आरा रेल थाना इंचार्ज रोहित कुमार सिंह, मकलू राम व विशाल राम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### स्वास्थ्य शिविर 20 अक्टूबर को लगेगा

**आरा।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में 20 अक्टूबर को वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाएगा। इस शिविर में शहर के जाने-माने के करीब एक दर्जन चिकित्सक अपनी सेवा देंगे। सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया, के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शिविर में स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सीय परामर्श भी दिया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए संगठन के संचालन समिति की बैठक मंगलवार को प्रोफेसर दिवाकर पांडे के निवास पर होगी।

### हनुमान मंदिर रमना में हुआ प्रसाद बंटा

**आरा।** विजयादशमी के दिन रमना के हनुमान मंदिर में प्रसाद का वितरण मंदिर के महंत सुमन बाबा के नेतृत्व में, भाजपा नेता गुड्डू सिंह बबुआन के सौजन्य से किया गया। गुड्डू सिंह बबुआन ने कहा कि हनुमान जी के कृपा से आज लगभग चार हजार से भी ज्यादा लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया है। मंदिर प्रबंधन के अध्यक्ष सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण करना बहुत ही अच्छी पहल है। हर शनिवार को विशेष प्रसाद वितरण से श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी। मौके पर मंदिर प्रबंधन के कोषाध्यक्ष संजय राय, संरक्षक मण्डल अभय विश्वास भट्ट, सुनील पाठक, यशवन्त नारायण, रोहित सिंह बजरंगी, प्रियांशू सिन्हा, लाली कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### पति ने पत्नी को मारपीट कर किया घायल

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा के समीप शुक्रवार की शाम पति ने अपनी ही पत्नी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में महिला घायल हो गई। जख्मी महिला के बाएं हाथ का अंगूठा और दाहिना हाथ कई जगह कट गया है। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जख्मी महिला टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा निवासी 42 वर्षीय बिंदु देवी है। वह सुबास गोड़ कि पत्नी है। जख्मी महिला की बेटी रानी कुमारी ने बताया कि पिता का किसी दूसरे महिला से अवैध संबंध चला आ रहा है और वह उसी के साथ रहते है। हम लोग चार बहन व दो भाई है। उसके पिता और उसकी दादी ने हम लोगों को घर से निकाल दिया था। हमलोग धरहरा में किराए का मकान लेकर रहते है। मां बिंदु देवी दूसरे के घर चौका बर्तन कर उन लोगों का पालन पोषण करती है।

### हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का लफंगों ने तोड़ी खिड़की

**बक्सर।** बक्सर सदर प्रखंड के बड़कागांव हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का खिड़की को शरारती तत्वों ने तोड़ दिया है। सीएचओ कुमारी गीता कन्नौजिया ने बताया कि सुबह 9:10 बजे सेंटर पर पहुंची तो देखा की खिड़की टूटा हुआ है। जिसे जमीन पर फेंक दिया गया था। हालांकि सामान सुरक्षित था। घटना की सूचना मिलते हीं औद्योगिक थाने की पुलिस पहुंच कर मामले की जांच की, तथा घटना के सबंध में आस-पास के लोगों से पूछताछ किया। सीएचओ ने बताया कि इसकी लिखित सूचना सदर पीएचसी में भी दे दी गई है।

### श्रीराम चौक पूजा पंडाल में हुए आरती व शस्त्र पूजन



**आरा।** नवरंग कला मंदिर, श्री राम चौक पर पूजा पंडाल में विशेष आरती एवं शास्त्र पूजन किया गया। इस दौरान तलवार, फरसा, लाठी व अन्य शस्त्र के साथ पूजन कर भगवती मां शक्ति को स्मरण किया गया। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के जिलाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि हर साल इस तरह से शस्त्र पूजन करे और हम सभी सनातनी एकता का परिचय दे। मौके पर सह मंत्री अभिषेक चौरसिया, बजरंग दल जिला प्रमुख अमित पांडे, गोलू पांडे, जतिन समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जयप्रकाश नारायण की जयंती पर गोष्ठी व दीपोत्सव का आयोजन



**आरा।** लोकनायक जयप्रकाश स्मारक स्थल कलेक्ट्रेट के समीप जयप्रकाश नारायण की122 वीं जयंती मनाई गई। संध्या समय जयप्रकाश स्मारक पर दीपोत्सव भी हुआ। 1974 आन्दोलन के जेपी सेनानी और शहर के गणमान्य नागरिकों ने लोकनायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया। इस उपलक्ष्य में पूर्व विधायक सह जेपी सेनानी रमाकांत ठाकुर की अध्यक्षता में गोष्ठी भी हुआ। संस्थान के महासचिव सुशील कुमार ने कहा कि जेपी द्वारा अमेरिका में अध्ययन के दौरान जेपी लिखित थीसिस से लेकर सम्पूर्ण क्रांति के आह्वान तक की वैचारिक दिशा में एकरूपता दिखती है। जेपी ने कहा था कि रोटी के लिये मैं आजादी से समझौता नहीं कर सकता। वे महात्मा गांधी की विरासत के सच्चे वाहक थे। धन्यवाद ज्ञापन अशोक मानव ने किया। मौके पर रवीन्द्रनाथ त्रिपाठी, सुशील तिवारी, नाथूराम, उदय प्रकाश सिंह, अरुण कुमार यादव, सरफराज अहमद, डा राजेन्द्र, अश्विनी कुमार सिन्हा, जन्मेजय ओझा, बाल्मीकि शर्मा, ब्रजेश सिंह, गंगा प्रसाद सिंह, अर्थ दीप, प्रह्लाद सिंह, अमरेन्द्र कुमार, जीतेन्द्र कुमार, अरविंद राय, आलोक दीपक, रामनाथ ठाकुर, अखिलेश राय, सलील भारतीय, साहेब लाल, अदिति, मिष्टी, आद्या, कृष्ण बिहारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# भोजपुर में हत्यारे पति को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के राम शहर गांव में कविता देवी हत्या हुई थी। मामले में मृतका के पिता बलिराम लाल के बयान पर पति भोला लाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पति भोला लाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतका के पिता ने आरोपी पति पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाया है। कविता के पिता बलिराम लाल ने लिखित आवेदन में पुलिस को बताया है कि कविता की शादी भोला लाल से 2013 में हुई थी। 11 अक्टूबर की रात कविता की उसके पति भोला लाल ने पीट–पीटकर और बिजली के तार से मारकर उहत्या कर दी थी। पति भोला लाल ने मुझे फोन कर सूचना दे दिया था पापा कविता की तबीयत अच्छी नहीं लग रही है। जैसे ही हम अपने बेटी और भोला लाल के घर के पास पहुंचे तो भोला लाल के शोर की आवाज आई। देखा कि घर का गेट थोड़ा सा खुला था, जैसे ही मेन गेट के पास से अंदर देखा मेरी बेटी का शरीर जमीन पर पड़ा दिखा। पूरा शरीर जख्म से भरा हुआ था और खून जमा दिखाई दे रहा था। कविता के पति भोला लाल हमेशा उसके साथ मारपीट करता था। भोला शादी के बाद से ही कविता को अच्छे से नहीं रखता था। हमेशा किसी न किसी बात को लेकर उसके साथ मारपीट करता था। वह कई बार जेल भी जा चुका है। 10 सितंबर को नशे की हालत में मारपीट के आरोप में जेल भी गया था। जेल में कविता के नहीं जाने से वो गुस्सा था।

# पंडाल में गोलीबारी मामले में केस दर्ज, महिला श्रद्धालु से अभद्र व्यवहार पर हुआ था विवाद

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग स्थित पंडाल में रविवार की सुबह गोलीबारी हुई थी। घटना को लेकर घायल अरमान के बयान पर देवनगर, मझौंवा निवासी रितिक सिंह और शांतिनगर, मौलाबाग निवासी मनीष सिंह को नामजद समेत चार अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। बताया जा रहा कि रात में महिला से अभद्र व्यवहार हुआ था, इसी को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। करीब 12 से 15 राउंड फायरिंग का आरोप है। घायल पूजा कमेटी के सदस्य मो. अरमान ने अपने बयान में पुलिस को बताया है कि शनिवार की रात करीब दो बजे पूजा पंडाल में महिला व पुरुष श्रद्धालु दर्शन के लिए जुट थे। इस दौरान रितिक सिंह पांच-छह साथियों के साथ पहुंचा। महिलाओं व बच्चियों के साथ अभद्र व्यवहार करने लगा। इस दौरान पूजा कमेटी के सदस्यों ने विरोध किया तो बता देने की धमकी देकर चले गए थे।

**सभी घायलों का चल रहा इलाजः** गोलीबार में चार को गोली लगी थी। जख्मियों में नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग मोहल्ला निवासी कमालुद्दीन अंसारी का 19 वर्षीय पुत्र अरमान अंसारी, टुनटुन यादव का 26 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार यादव, शिव कुमार का 25 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार और सिपाही कुमार शामिल है। इसमें अरमान अंसारी को दाहिने साइड पीठ, सुनील कुमार यादव को बाएं हाथ व बाएं साइड पंजरा, रौशन कुमार को दाहिने पैर में घुटने के नीचे और सिपाही कुमार को दाहिने साइड कमर के निचले हिस्से पर गोली लगी है। सभी जख्मियों का इलाज प्राइवेट क्लीनिक में चल रहा है।

**तीन कमेटी के सदस्य हैं, चौथा घायल आसपास घूम रहा थाः** पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि मौलाबाग स्थित पंडाल के पास गोली लगने से चार व्यक्तियों के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलने के साथ ही नवादा थानाध्यक्ष और सहायक पुलिस अधीक्षक पहले बाबू बाज़ार स्थित अस्पताल और उसके बाद घटनास्थल पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि यह घटना आपसी विवाद में हुई है। घायल तीन व्यक्तियों में से दो पंडाल कमेटी से संबंधित हैं। तीसरा व्यक्ति जिसके पैर से गोली छूकर निकली है वह आस पास घूम रहा था । इलाज के बाद घायल व्यक्ति सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घटना में शामिल अभियुक्तों की पहचान हो गई है। पुलिस की छापेमारी जारी है।

# 5 अपराधियों ने की दो राउंड फायरिंग, मौके से पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले के महाराजा पेट्रोल पंप के पास पांच अपराधियों द्वारा दो राउंड फायरिंग होने से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। घटना के दौरान एक व्यक्ति को गोली लगने की आशंका जताई जा रही है। इसकी सूचना बक्सर डीएसएपी समेत नगर थाना को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही डीएसएपी समेत नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। इस दौरान मामले को लेकर पूछताछ करने के लिए मौके से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। जिसमें पूर्व में जेल जा चुके के एक व्यक्ति का नाम सामने आया है। जिसके नाम की जानकारी पुलिस ने नहीं दी है।

**मौके से एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछः** मामले को लेकर मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी अमन मिश्रा ने बताया कि अपराधी पांच की संख्या में थे। जिसने दो राउंड गोली चलाया है। बताया कि बदमाशों ने निशाना बनाकर गोली चलाई जिससे भगदड़ मच गई। जिसके बाद सभी तुरंत मौके से भाग निकले। इस दौरान एक व्यक्ति की गोली लगने की सूचना भी मिली है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल का जांच कर रही है। साथ ही उस जगह पर कैंप कर रही है। इस संबंध में बक्सर डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि गोली चलने की घटना का सत्यापन किया जा रहा है। इसके साथ एक व्यक्ति को गोली लगने की भी सूचना मिली है। लेकिन वैसा व्यक्ति अभी तक कोई सामने नहीं आया है और ना किसी हॉस्पिटल में एडमिट है। गोली चलाने वाला मौके से फरार है। मामले के सत्यापन के बाद ही सही तरीके से बताया जा सकता है।

# किसान अशोक तिवारी की हत्या में पुलिस प्रशासन की संलिप्तता



## ♦ बक्सर में संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने लगाया आरोप, पीड़ित परिवार से मुलाकात

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के बनारपुर किसान अशोक तिवारी की मौत के बाद से पुलिस लगातार जांच में जुटी हुई है। दूसरी तरफ संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेताओं ने पीड़ित परिवार से मिलकर ढाढस बढ़ाया। इसकी जानकारी संयुक्त किसान मोर्चा बिहार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके दी। उनलोगों का कहना है कि किसान नेता अशोक तिवारी की नौ अक्टूबर की रात्रि में हुई हत्या एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। जिसमें चौसा थर्मल पावर के निर्माणाधीन कंपनी एसजेवीएन के अधिकारियों और पुलिस प्रशासन की कथित संलिप्तता शामिल है।

**हत्या में पुलिस प्रशासन के संलिप्तता का आरोपः** संयुक्त किसान मोर्चा नेता और भारतीय किसान यूनियन के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार, पूर्व मंत्री अखलाक अहमद और अधिवक्ता अरुण कुमार के नेतृत्व में एक टीम बक्सर के चौसा स्थित बनारपुर गांव पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। साथ ही कहा कि सभी नामजद अभियुक्तों और हत्या में शामिल साजिशकर्ताओं की गिरफ्तारी होने तक आंदोलन जारी रहेगा । इस मामले को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल बिहार के मुख्य सचिव और डीजीपी से मिलकर एक ज्ञापन के जरिए यह मांग करेगी कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच के लिए एस आई टी गठित की जाए। स्थानीय पुलिस प्रशासन की भूमिका पहले से ही यहां संदिग्ध है। किसान नेता अशोक तिवारी दिनांक नौ अक्टूबर को प्रसाद वितरण में जुटे थे। लगभग सवा आठ बजे रात्रि में रिंकू राय दो आदमी के साथ पहुंचे और अशोक तिवारी की नहीं इच्छा के बावजूद उन्हें सिकरौल गांव ले गए।

**एसडीएम और एसजेवीएन के लिए काम करते हैं पूर्व मुखियाः** मामले को लेकर आगे बताया कि उस दिन पूर्व मुखिया संजय राय उर्फ गुड्डू राय लगातार फोन करके सिकरौल आने को दबाव बना रहे थे। लेकिन अशोक तिवारी जाने से इन्कार करते रहे। वो रात्रि में नौ बजे तक गुड्डू राय के घर पर ही थे। यह उनकी पत्नी द्वारा फोन करने पर बताया गया था। दस बजे के बाद उनका फोन स्विच ऑफ हो गया। दूसरे दिन सुबह उनका लाश अनेक जख्मों के निशानों के साथ बरामद हुआ। बताया गया कि पूर्व मुखिया संजय राय उर्फ गुड्डू राय के बारे में जगजाहिर है कि वे पिछले कुछ वर्षों से बक्सर के एसडीएम धीरेंद्र मिश्रा और एसजेवीएन के अधिकारियों के एजेंट के रूप में काम करते थे। अशोक तिवारी भी इनके साथ बिजनेस पार्टनर के रूप में काम करते थे और लेन देन को लेकर उनके बीच विवाद था।

# मूर्ति विसर्जन के लिए कृत्रिम पोखर निर्माण डीएम ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले में नौ दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव के उपरांत देवी दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन के लिए सिपाही घाट पर गंगा किनारे कृतिम पोखर बनाया गया है। पूजा समिति के सभी लोग प्रतिमा विसर्जन के लिए नाचते-गाते हुए पहुंच रहे है। पोखर बनने के बाद डीएम अंशुल अग्रवाल और एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र समेत प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इसके साथ मौके पर एसडीआरएफ की टीम तैनात किया गया है।

**एनजीटी के नियमों के तहत विसर्जनः** डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि शांतिपूर्ण दशहरा के समापन के बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिमाओं का विसर्जन कृतिम पोखरों में किया जा रहा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) के निर्देशों का पालन करते हुए यह व्यवस्था की गई है। जिससे जल प्रदूषण से बचा जा सके। विसर्जन स्थल पर सुरक्षा के मद्देनज़र एसडीआरएफ की टीम तैनात है। जो किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। नगर परिषद ने मार्गों से लेकर विसर्जन स्थल तक लाइटिंग की पूरी व्यवस्था की है, जिससे रात के समय भी कोई असुविधा न हो।

**पूरे जिले में विसर्जन की प्रक्रिया जारीः** डीएम के मुताबिक जिले के अन्य हिस्सों में भी चिह्नित स्थलों पर प्रतिमा विसर्जन का कार्य किया जा रहा है। कई स्थानों पर कृतिम पोखर बनाए गए हैं। जहां पूजा समितियों द्वारा विसर्जन किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखें और माइकिंग के माध्यम से जनसमुदाय को जागरूक करते रहें। बताया गया है कि सभी पूजा समितियों को विसर्जन के समय नियमों का पालन करना होगा। यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी प्रतिमा प्राकृतिक जल स्रोतों में न विसर्जित की जाए बल्कि कृतिम पोखरों में ही विसर्जन हो।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑनलाइन म्यूटेशन के आवेदन में अब सुधार की सुविधा मिलेगी

**भागलपुर**। ऑनलाइन दाखिल-खारिज के आवेदन में सुधार करने की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए राजस्व व भूमि सुधार विभाग के सचिव ने डीएम को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि ऑनलाइन दाखिल-खारिज की प्रक्रिया के क्रियान्वयन के लिए सॉफ्टवेयर में किए गए बदलाव के मुताबिक आवेदन के निपटारे के लिए त्रुटि जांच की प्रक्रिया लागू की गई है। ऑनलाइन दाखिल-खारिज के आवेदनों के निपटारे के लिए ई-म्यूटेशन सॉफ्टवेयर में सुधार किया गया है। इसमें रैयतों की ओर से जमा दाखिल-खारिज के आवेदनों में सुधार का विकल्प सीओ के लॉगिन से बंद कर दिया गया और आवेदनों को फिर से उसमें सुधार के लिए लौटाए जाने की व्यवस्था की गई है। अंचलों में पेंडिंग दाखिल-खारिज के मामलों की समीक्षा के बाद आवेदनों के निपटारे के लिए डिफेक्ट चेक मॉड्यूल लागू किए जाने के पहले सभी आवेदनों की त्रुटियों को सुधार किए जाने की सुविधा पहले की तरह ही सीओ के लॉगिन में उपलब्ध करा दी गई है। पत्र में कहा गया है कि ऑनलाइन दाखिल-खारिज के आवेदनों के निपटारे के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए जाएं। पत्र की कॉपी कमिश्नर, एडीएम, डीसीएलआर और सीओ को भी भेजी गयी है।

### जेपी ने महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का किया नेतृत्व

**भागलपुर**। गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र, संपूर्ण क्रांति आंदोलनकारी मंच और लोकनायक जय प्रकाश नारायण स्मारक समिति के संयुक्त तत्वावधान में जेपी स्मारक स्थल सदर अस्पताल में जेपी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज हम देश के महान स्वतंत्रता सेनानी को याद कर रहे हैं, जिन्होंने दो-दो आंदोलन का सफलतापूर्वक संचालन किया और निष्कर्ष के बिंदु तक लाने में सफलता हासिल की। आज जयप्रकाश नारायण को याद करने की आवश्यकता है। बेरोजगारी तथा भ्रष्टाचार चरम पर चला गया तो उन्होंने सर्वोदय और गांधी परंपरा की परवाह किए बगैर देश की दूसरी लड़ाई का नेतृत्व किया। इस लड़ाई से सत्ता परिवर्तन तो हुआ लेकिन व्यवस्था परिवर्तन अधूरा है।

### डेंगू के लक्षण वाले 5 मरीज सदर अस्पताल में हुए भर्ती

**मुंगेर**। जिले में डेंगू का दंश लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण सदर अस्पताल में प्रतिदिन डेंगू संभावित और कंफर्म मरीजों मरीज इलाज के लिये डेंगू वार्ड में भर्ती किये जा रहे हैं। शनिवार को सदर अस्पताल में डेंगू के 5 नये संभावित मरीजों को इलाज के लिये भर्ती किया गया। जबकि रविवार तक सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में कुल 6 मरीज इलाजरत थे। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ रमन कुमार ने बताया कि डेंगू वार्ड में 5 नये संभावित मरीजों को इलाज के लिये भर्ती किया गया है। जिसमें नौवागढ़ी निवासी 28 वर्षीय गौरव कुमार, बेटवन बाजार निवासी 43 वर्षीय संजय कुमार राउत, मकसुसपुर निवासी 17 वर्षीय हर्ष कुमार, 16 वर्षीय केशव कुमार तथा धरहरा अमारी निवासी 45 वर्षीय करूण साव को एनएस-1 पॉजिटिव पाये जाने के बाद इलाज के लिये भर्ती किया गया। सभी संभावित मरीजों का सैंपल एलाइजा जांच के लिये भेजा गया है। वहीं वार्ड में पूर्व से भर्ती हेमजापुर निवासी 30 वर्षीय दिव्यांशु कुमार को मिलाकर डेंगू के कुल 6 मरीजों का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा और रविवार को लेकर अवकाश होने के कारण किसी मरीज का एलाइजा रिर्पोट नहीं आया है। सोमवार तक सभी मरीजों का रिर्पोट आयेगा।

### ड्यूटी के दौरान आर्मी जवान की हुई मौत

**टेटिया बंबर**। टेटिया बंबर प्रखंड अंतर्गत बनहरा पंचायत के मिल्की गांव निवासी निरंजन सिंह उर्फ निरो के पुत्र आर्मी जवान शुभम कुमार उर्फ संगम की मौत ड्यूटी कार्य के दौरान राजस्थान कोटा में हो गई। उसके मौत की खबर मिलते ही परिजन समेत ग्रामीणों के बीच मातमी सन्नाटा छा गया। बताते चलें कि शुभम कुमार वर्ष 2014 में आर्मी की नौकरी ज्वाइन किया था। वर्तमान में वह राजस्थान कोटा में पदस्थापित था। ड्यूटी कार्य के दौरान पेट में दर्द महसूस हुआ एवं चिकित्सा के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। यह खबर रविवार दोपहर बाद घर पहुंचते ही परिजन के बीच चीख पुकार मचने लगी। वहीं ग्रामीणों के बीच भी यह खबर फैलते मातमी सन्नाटा छा गया।

### 18 अक्टूबर से शुरू होगी बीसीए की परीक्षा

**टेटिया बंबर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में बीसीए सेमेस्टर-2, सत्र 2023-26, सेमेस्टर-4, सत्र 2022-25 एवं सेमेस्टर-6, सत्र 2021-24 की परीक्षा 18 अक्टूबर से शुरू होगी। परीक्षा कार्यक्रम पूर्व में जारी कर दिया गया है। पीआरओ डॉ प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि बीसीए की परीक्षा 18 अक्टूबर से शुरू होगी। जो 29 अक्टूबर तक चलेगी। बीसीए की परीक्षा के लिए तीन परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें आरडी कॉलेज शेखपुरा परीक्षा केन्द्र पर एसके कॉलेज लोहंडा एवं एसकेआर कॉलेज बरबीघा के परीक्षार्थियों की परीक्षा होगी। जबकि एसकेआर कॉलेज बरबीघा केन्द्र पर आरडी कॉलेज शेखपुरा के परीक्षार्थियों की परीक्षा होगी। वहीं जेएमएस कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर आरडी एंड डीजे कॉलेज मुंगेर, बीआरएम कॉलेज मुंगेर, आरएस कॉलेज तारापुर एवं इंटरनेशनल कॉलेज घोसैठ के परीक्षार्थियों की परीक्षा होगी। परीक्षा दोनों पालियों में होगी। प्रथम पाली 9 से 12 तथा द्वितीय पाली 1 से 4 बजे तक होगी।

### 5 चरणों में 26 नंवबर से चुनाव, 57 पैक्सों में वोटिंग

**मुंगेर**। जिले के 57 पैक्स अध्यक्ष पदों के लिए चुनाव नवंबर माह में शुरू होगा। 26 नंवबर से होने वाले पैक्स चुनाव पांच चरणों में आयोजित होंगे। निर्वाचन आयोग ने भी पैक्स चुनाव को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। जिला सहकारिता पदाधिकारी नवीन मोहन प्रसाद ने बताया कि 15 नंवबर को पैक्स चुनाव के लिए अधिसूचना जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 25 अक्टूबर को प्रकाशित किया जाएगा। चुनाव लड़ने के लिए भी मतदाता सूची में नाम रहना जरूरी है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पैक्स निर्वाचन पदाधिकारी डीसीओ कार्यालय के सूचना पट्ट के अलावा प्राधिकार की वेबसाइट पर किया जाएगा।

### लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई

**टेटिया बंबर**। जेपी सेनानी की ओर से तुलसीपुर गांव में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जेपी सेनानी के जिला उपाध्यक्ष गोरेलाल मंडल ने की। कार्यक्रम में सबसे पहले लोकनायक जयप्रकाश नारायण के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए गोरेलाल मंडल ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश कल भी प्रासंगिक थे और आज भी। उनका कहना था कि सत्ता परिवर्तन तो हो गया लेकिन व्यवस्था परिवर्तन अभी बाकी है। अन्य वक्ताओं ने भी उनके जीवन वृति पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। मौके पर अशोक मंडल, अर्जुन मंडल, विक्रम पासवान, नर्सिंग मंडल, हीरालाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, लखन लाल सिंह, श्याम सुंदर सिंह, सुधीर कापरी, श्रीकांत पांडे, चुन चुन शर्मा, राजेंद्र पासवान, बद्रीनाथ पासवान, हेमराज मंडल शामिल थे।

### कल से शुरू होगी पार्ट-2 की बाढ़ में स्थगित हुई परीक्षा

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में 23 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आयोजित स्नातक पार्ट-2, सत्र 2022-25 ऑनर्स एवं सब्सिडियरी की परीक्षा बाढ़ के कारण स्थगित की गई थी। अब जब बाढ़ की स्थिति सामान्य हो गई है, तो स्थगित परीक्षा का नया कार्यक्रम 9 अक्टूबर को ही जारी कर दिया गया है। पीआरओ डॉ. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि अब स्नातक पार्ट-2 की स्थगित ऑनर्स एवं सब्सिडियरी विषयों की परीक्षा नए कार्यक्रम के अनुसार पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। ऑनर्स के स्थगित विषयों की परीक्षा मंगलवार यानी 15 और 16 अक्टूबर का दोनों पालियों में ली जाएगी। जबकि सब्सिडियरी विषयों की परीक्षा 17 अक्टूबर से शुरू होकर 26 अक्टूबर तक चलेगी। बता दें कि इसके लिए 23 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। सभी छात्र-छात्राएं अपना परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर देख सकेंगे।

## जल संसाधन विभाग से बांध बनाने का अनुरोध

# भागलपुर के मसाडू गांव में 40 से अधिक घर गंगा में विलीन

निज संवाददाता। भागलपुर

**कटाव कार्य में तेजी के निर्देश**



भागलपुर के सबौर के मसाडू गांव ने आधे आबादी की अस्तित्व खो दिया। अब जिला प्रशासन इस पर पहल कर रही है। जलस्तर घटने के बाद इलाके की स्थिति और भयावह हो गई। घर गंगा में समा रहे है। अब तक 40 से अधिक घर गंगा में विलीन हो चुके है। जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल की ओर से किए जा रहे कटाव निरोधी कार्य का अवलोकन किया और कार्य में तेजी लाने का भी निर्देश दिया है।

डीएम ने नवल किशोर ने बताया कि मसाढ़ में लगभग 40 घर नदी में विलीन हुए हैं। कटाव से प्रभावित लोगों को मुआवजा दिया गया है और घर के लिए भी स्वीकृति पत्र सोमवार को दे दिया जाएगा। जो लोग भूमिहीन या गृहविहीन हैं उनके लिए भी अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उनको भी उचित मुआवजा दिया जाएगा। इस इलाके को बाढ़ से सुरक्षित करने के लिए बरारी से ममलखा तक मजबूत बांध बनाने का अनुरोध जल संसाधन विभाग से किया गया है।

**बैंक खाते से आधार लिंक नहीं**: कुछ ग्रामीणों के बैंक खाते और आधार लिंक नहीं होने के कारण राशि नहीं मिल सकी है। जिलाधिकारी ने बताया कि स्थानीय समिति ने सभी बाढ़ प्रभावितों का नाम अनुशंसित किया है। अधिकारियों ने भी उनके नाम को अग्रसारित किया है। जीआर (अनुग्रह अनुदान) की राशि लगभग सभी बाढ़ प्रभावित लोगों के खाते में भेजी गई है। अगर कुछ लोगों के खाते में राशि नहीं गई है तो उसका कारण यह है कि उनका बैंक खाता आधार से जुड़ा नहीं है। वैसे लोगों से अनुरोध है कि वे जल्द से जल्द अपना बैंक खाता आधार से लिंक करा लेंगे। तभी उनके खाते में पैसा आएगा।

# भागलपुर में फंदे से लटका मिला किशोर का शव

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ पिता से मारपीट पर मौसा से हुआ था विवाद, पिता ने हत्या की जताई आशंका

भागलपुर में सुबह फंदे से लटकता हुआ 17 वर्षीय किशोर का ननिहाल में शव मिला है। घटना बरारी थाना क्षेत्र के खंजरपुर के बिशहरी मंदिर के सामने वाली गली की है। जहां, किशोर का शव साड़ी के बने फंदे से लटका हुआ पाया गया। मरने वाले की पहचान बांका जिला के रजौन थाना क्षेत्र के सांझा गांव निवासी प्रमोद पासवान के बेटे प्रिंस कुमार (17) के रूप में की गई है। मृतक प्रिंस बचपन से ही खंजरपुर स्थित अपने ननिहाल में रहता था। परिजनों को घटना की जानकारी सुबह 3 बजे हुई। जिसके बाद फंदे से शव उतारा।

बताया जा रहा है कि रविवार को मृतक के पिता प्रमोद पासवान और मौसा अधिक पासवान के बीच भैंस के दूध को लेकर विवाद हुआ था। मौसा अधिक पासवान ने उनके साथ मारपीट की थी। मृतक जब मेला देखकर घर वापस लौटा तो उन्होंने पिता के चेहरे पर जख्म की निशान को देखा। उसके बाद अपने मौसा से इस बात को लेकर कहा तो उनके साथ भी मौसा ने मारपीट की। घटना के बाद मायागंज अस्पताल पहुंचे मृतक के पिता प्रमोद पासवान ने बेटे की हत्या का आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि देर शाम साढ़ू अपने चार सहयोगी के साथ घर पहुंचे थे। फिर वे लोग चले गए।

मृतक का बेटा नानी के पास सोया था। देर रात साढ़ू अधिक पासवान और उनके साथ एक अन्य लोग आए। बेटे को साथ ले गए। सुबह 3:00 बजे जब मृतक की बहन कमरे में गई तो शव लटकते देखा। इसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# पेट्रोल पंप कर्मी से मांगी रंगदारी, कर्मियों को जान से मारने की दी धमकी

## हथियार के साथ तीन बार मचाया उत्पात

निज संवाददाता। भागलपुर



अलीगंज रोड स्थित हुसैनाबाद में पेट्रोल पंप पर अपने साथियों के साथ आए एक बदमाशों ने रंगदारी में 100 रुपए का पेट्रोल मांगा। नहीं देने पर पंप के कर्मचारियों को जान से मारने की उसने धमकी दी। इसके बाद कर्मचारियों ने उसे समझा-बुझाकर पैसे देने को तैयार तो कर लिया। उसने पैसे भी दे दिए, लेकिन जाते-जाते कहा कि आकर देख लेंगे। आधे घंटे बाद वह आठ-दस साथियों के साथ आया और कर्मचारियों से मारपीट करने को उतारू हो गया, जब कर्मचारियों ने मोर्चा संभाला तो वे लोग हथियार लहराते हुए भाग गए।

**थानेदार को कार्रवाई के दिए निर्देश**: इस बीच पेट्रोल पंप के मालिक मो. महताब आलम भी पहुंच गए और हबीबपुर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद भी तीसरी बार चार लड़कों के साथ वह फिर आ गया, लेकिन पेट्रोल पंप पर स्थानीय लोगों की भीड़ देख वह भाग गया। सीसीटीवी फुटेज में हथियार लहराते हुए वह नहीं दिख रहा है। पंप मालिक का कहना है कि सीसीटीवी कैमरा के रेंज से बाहर जाने के बाद उसने हथियार लहराया था। पंप मालिक मो. महताब आलम ने बताया कि हम लोगों ने समझा-बुझा कर मामले को शांत करवाया, नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। इस सूचना पर वहां पुलिस पहुंची और छानबीन शुरू कर दिया है, इसकी सूचना एसएसपी आनंद कुमार को भी लग चुकी है। उन्होंने संबंधित थानेदार को निर्देश दिया है कि एक्शन लें। हालांकि रविवार की रात पंप मालिक ने पुलिस से लिखित शिकायत नहीं की थी। बता दें कि वह अपराधी दो माह पहले ही जेल से बाहर आया है।

# हॉस्टल खाली करने का आज अंतिम मौका, पीजी छात्रावास में अवैध रूप से रह रहे छात्र

निज संवाददाता। भागलपुर

**निर्देश का पालन नहीं करने पर एफआईआर होगी दर्ज**




भागलपुर तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के पीजी पुरुष हॉस्टल में अवैध रूप से रहने वाले छात्रों के लिए आज (सोमवार) तक खाली करने का मौका है। अवैध रूप से रह रहे छात्र अगर आज हॉस्टल को खाली नहीं करेंगे तो विश्वविद्यालय प्रशासन कार्रवाई करेगी। दरअसल, विश्वविद्यालय प्रशासन ने सोमवार तक अवैध रूप से रह रहे छात्रों को हॉस्टल खाली करने का निर्देश दिया था। डीएसडब्ल्यू प्रो. बिजेंद्र कुमार ने कहा कि सभी पीजी हॉस्टल में एक सप्ताह पहले पत्र भेजकर अवैध रूप से रहने वाले छात्रों को सोमवार तक खाली करने का निर्देश दिया गया था। इसको लेकर सभी अधीक्षक से जानकारी मांगी जा रही है। इसके बाद भी हॉस्टल में कोई अवैध रूप से रहता है तो विवि प्रशासन एफआईआर दर्ज कराने के साथ डिग्री भी रद्द करेगी।

**हॉस्टल में मारपीट की थी**: मालूम हो कि 5 दिन पहले पीजी हॉस्टल में अवैध रूप से रहने वाले एक छात्र ने हॉस्टल के छात्र नायक से मारपीट की थी। छात्र नायक ने गला दबाने के प्रयास का आरोप लगाया था। डीएसडब्ल्यू ने मामले की छानबीन कराई तो सामने आया कि जमीन का कारोबार करने वाला एक व्यक्ति हॉस्टल में अवैध रूप से रह रहा था। घटना के बाद से कमरा छोड़कर फरार हो गया है। करीब 2 माह पहले पीजी हॉस्टल 4 में वर्चस्व को लेकर छात्रों के दो गुट में जमकर मारपीट हुई थी। मामले में विवि प्रशासन की ओर से जांच कराने पर हॉस्टल में अवैध रूप से रहने वाले छात्रों का नाम सामने आया था।

**स्नातक सेमेस्टर टू की बची परीक्षा इसी माह होने की संभावना**: टीएमबीयू में स्नातक सत्र 2023-24 सेमेस्टर टू की बची परीक्षा इसी माह शुरू होने की संभावना है। बाढ़ के कारण विवि प्रशासन ने परीक्षा बीच में ही स्थगित कर दी थी। विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि बची परीक्षा जल्द ही ली जाएगी। कुलपति प्रो. जवाहर लाल से परीक्षा संबंधित दिशा निर्देश मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# घाट पर समय से डेढ़ घंटा पहले पहुंची पहली प्रतिमा

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में रविवार की देर रात तक मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम होता रहा। सबसे पहले रविवार की दोपहर 1:40 में पहली प्रतिमा पार्वती स्टेशन चौक से गुजरी, लेकिन घाट पर रात 7:30 में पहुंची। यह पहली दफा है जब समय से डेढ़ घंटा पहले प्रतिमा विसर्जन घाट पर पहुंची है। यहां रात 9:00 बजे प्रतिमा का विसर्जन संपन्न हुआ। इसके बाद बारी-बारी से शहर के विभिन्न इलाकों के छोटी और बड़ी प्रतिमाएं विसर्जन के लिए पहुंचती रही। विसर्जन छिटपुट घटनाओं के साथ शांतिपूर्ण हुआ। प्रतिमा विसर्जित रुक-रुक कर हो रहा था। इसलिए ज्यादा टाइम के कारण की भीड़ काफी जमा हो गई थी। **छोटी-बड़ी गाड़ियां रहीं शामिल**: विसर्जन शोभायात्रा में सबसे पीछे सत्कार क्लब, कचहरी, मुंदीचक गढ़ैया व जुबक संघ मारवाड़ी पाठशाला की निकाली गई। शोभायात्रा में ढाक पार्टी, लाइट और छोटी-बड़ी गाडियां शामिल थीं। गाजे-बाजे की धुन पर श्रद्धालु थिरक रहे थे। प्रतिमा के साथ-साथ चलने वाले श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। जगह-जगह पर प्रतिमा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। मुंदीचक गढ़ैया की शोभायात्रा का संचालन अध्यक्ष राजेश मंडल, सचिव कुमार धर्मेंद्र, सत्कार क्लब का धर्मेंद्र कुमार, अभिषेक किशोर आदि ने किया। जुबक संघ की शोभायात्रा का संचालन सचिव बबन साहा ने किया। देर रात विसर्जन घाट पर बारी-बारी से प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया।

# लोहिया के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प

निज संवाददाता। मुंगेर



समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की 57वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को समाजवादी पार्टी ने जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव ने की। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ लोहिया की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। साथ ही उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर सपाध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि भारतीय राजनीति में छठे दशक तक क्रांतिकारी परिवर्तन की नई बयार चलाई। सड़क से लेकर संसद तक उसकी गूंज पैदा की। जिसकी धमक आज तक सुनाई पड़ती है। वहीं पार्टी के प्रधान महासचिव मनोज कुमार मधुकर एवं लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा ने कहा कि प्रखर विचारक चिंतक व समाजवादी आंदोलन के प्रणेता डॉ लोहिया भारतीय राजनीति के अजेय योद्धा थे। मौके पर पार्टी नेता मिथिलेश यादव, मो आजम, मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति, मनीष यादव, मथुरी यादव, सत्यजीत पासवान, अशोक शर्मा, कुणाल रंजन आदि मौजूद थे।

# पुलिस पर मारपीट का आरोप, थानेदार का पुतला दहन

निज संवाददाता। भागलपुर

♦ डीएसपी के हस्तक्षेप के बाद विसर्जन

भागलपुर में अभद्र व्यवहार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मारपीट की। मामले में कहलगांव डीएसपी अर्जुन कुमार गुप्ता ने ग्रामीणों को समझाकर मामले को शांत कराया। मामला शांत होने के बाद ग्रामीणों ने मूर्ति का रविवार की देर रात विसर्जन कर दिया। मालूम हो कि शनिवार देर रात मंदिर प्रांगण में गीत गा रही महिलाओं के बीच शराब के नशे में पहुंचे सिट्टू यादव समेत उनके गुर्गों ने अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज किया गया था। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी। बुद्धूचक थानेदार मुकेश यादव मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मारपीट की। जिसका वीडियो भी सामने है। रविवार की देर शाम को लोगों ने सड़क जाम कर थानेदार का पुतला दहन करते हुए पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद का नारे लगाकर आक्रोश व्यक्त किया।

**ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार नहीं हुआ**: कहलगांव डीएसपी अर्जुन कुमार गुप्ता ने पुलिस की ओर से ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करने से इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को समझा दिया गया है। लोगों का कहना था कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है, लेकिन हमने कहा कि पुलिस ने केस नहीं किया है। इसके बाद वह लोग शांत हुए। डीएसपी ने बताया कि पुलिसकर्मी और ग्रामीणों के बीच कहासुनी हो रही थी मारपीट नहीं हुई। ना ही वीडियो दिखाया गया।

**थानेदार पर कार्रवाई की मांग**: मुखिया मनोहर कुमार ने बताया कि समझौते के बीच थानेदार को डीएसपी ने नहीं बुलाया। महिलाएं काफी आक्रोशित थी। अगर आता तो चप्पल से उसकी पिटाई होती। मारपीट मामले में अगर कार्रवाई नहीं होती है तो महिलाएं एकजुट होकर थानेदार की पिटाई कर सकती है। डीएसपी के समझाने के बाद ग्रामीणों ने रविवार की देर रात को मूर्ति को विसर्जित किया। मामले में थानेदार पर कार्रवाई की मांग ग्रामीणों ने भागलपुर के एसएसपी आनंद कुमार, रेंज डीआईजी विवेकानंद और भागलपुर सांसद अजय कुमार मंडल से की है।

कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू
(जिला शस्त्र शाखा)
दूरभाष सं0–06562–224033 (का)/224044(आ) Email Id: dc-pal@nic.in

आम–सूचना

आगामी विधानसभा आम चुनाव, 2024 के मद्देनजर स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पलामू जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–14.10.20204 से 17.10.2024 तक अपने शस्त्र का सत्यापन शस्त्र निर्गत किये जाने वाले थाने से कराना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू

PR 338764 (Palamu)24-25*D

कार्यालय,असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा
(राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा)

विज्ञापन संख्या–06/2024–25 दिनांक–14.10.2024

संविदा आधारित नियुक्ति–सूचना

जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–06/2024–25 दिनांक–14.10.2024 गढ़वा जिले के बेबसाईट garhwa.nic.in पर Upload किया गया है।

इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन में दिए गये पद की अर्हत्ता के अनुसार, निबंधित डाक से निर्धारित अंतिम तिथि 30.10.2024 तक असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा के पते पर भेजना सुनिश्चित करेंगे।

विज्ञापन में दिए गये शर्तों एवं निर्देश के आलोक में सुस्पष्ट अक्षर/कम्प्यूटरीकृत आवेदन पत्र को भरकर वांछित सभी कागजातों के साथ जमा करेंगे। त्रुटिपूर्ण, अधूरा अथवा अस्पष्ट, अपठनीय आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। नियुक्ति संबंधी अन्य सुचनाएँ अधिकारिक रूप से समय–समय पर, समाचार–पत्र एवं जिले के बेबसाईट garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा

PR 338802 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D

## संक्षिप्त समाचार

### बहन को घर छोड़ कर लौट रहे भाई की हादसे में मौत

**धनबाद, एजेंसी।** पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर–साहेबगंज मार्ग पर मोहलीडीह के पास रविवार की शाम लगभग छह बजे एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार मैरानवाटांड़ निवासी बलाई दां (37) की मौत हो गयी। बलाई दां अपनी बहन को मैरानवाटांड़ में अपने घर में छोड़ कर काम करने कुमारधुबी जा रहा था। वह पिछले 10 साल से कुमारधुबी में रह कर काम करता था। घटना से गांव में मातम है। कैसे हुई घटना - बलाई दां अपनी बहन को छोड़ने घर गया था। लौटने के क्रम में मोहलीडीह के पास गोविन्दपुर से जामताड़ा की ओर जा रही कार संख्या 10सीएक्स 1405 की चपेट में आ गया। पूर्वी टुंडी पुलिस ने लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए धनबाद भेला, जहां उसकी मृत्यु हो गयी। इधर, पुलिस ने कार व बाइक को जब्त कर ली है। जब्त कार फकीराडीह की बतायी जा रही है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

### एनएचआरसी ने रांची एसएसपी को जारी किया नोटिस, कहा- सशरीर हो उपस्थित

**रांची, एजेंसी।** तुपुदाना ओपी पुलिस के अधिकारियों द्वारा चोरी के संदेह में विकास कुमार (32 वर्ष) के साथ थर्ड डिग्री टॉर्चर मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने रांची के एसएसपी को सशर्त नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया है कि एसएसपी धुर्वा थाना कांड संख्या 16/2023 का जांच परिणाम और वर्तमान स्थिति के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही इस मामले में 22 नवंबर 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे विभागीय कार्रवाई के परिणाम की रिपोर्टों के साथ आयोग के समक्ष खुद उपस्थित हों। साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि उक्त रिपोर्ट 15 नवंबर 2024 को आयोग को मिल जाती है, तो एसएसपी को व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि मामले में बाबूलाल मरांडी ने आयोग से शिकायत की थी। इससे पहले आयोग के निर्देश पर रांची के एसएसपी की 18 अप्रैल 2023 की रिपोर्ट उपायुक्त सह जिला मजिस्ट्रेट, रांची द्वारा 30 मई 2023 को पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था। इसमें बताया गया था कि मामले में जांच की गयी है।

### महिला से सोने की चेन की छिनतई, 5 किमी तक किया पीछा

**जमशेदपुर, एजेंसी।** मानगो पारडीह ऊपर बस्ती निवासी शिक्षक ब्रजेश नारायण प्रसाद की पत्नी नीरा नारायण प्रसाद के गले से बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन और जितिया छीन कर मौके से फरार हो गये। घटना रविवार की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नीरा अपने पति ब्रजेश के साथ स्कूटी से मानगो से साकची की ओर जा रही थी। उसी दौरान एक सीबीजेड बाइक से आये बदमाशों ने गले से सोने की चेन छीनकर मौके से फरार हो गये। ब्रजेश ने बताया कि छिनतई के बाद अपराधी शीतला मंदिर, नागरमल, मरीन ड्राइव होते हुए भाग निकले। उन्होंने अपराधियों का लगभग पांच किलोमीटर तक पीछा किया, लेकिन अपराधी पकड़ में नहीं आए। घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा नेता विकास सिंह भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। नीरा ने बताया कि घटना के बाद कई बार उन्होंने 100 नंबर पर फोन कर पुलिस को जानकारी देने का प्रयास किया। लेकिन उनका फोन कनेक्ट ही नहीं हो पाया।

### पेड़ से लटका मिला बुजुर्ग का शव

**बोकारो, एजेंसी।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत पोंडा पंचायत के धधकिया में रविवार की सुबह कसमार पुलिस ने जंगल से एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद किया। शव की पहचान मोचरो निवासी बलदेव रजवार (64 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह गांव के कुछ चरवाहे मवेशी चराने जंगल गये थे। इसी क्रम में उनकी नजर जंगल के एक पेड़ पर एक व्यक्ति के लटकता शव पर पड़ी। इसकी जानकारी गांव वालों को दी। सूचना मिलते ही जंगल में ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो, स्थानीय मुखिया हारू रजवार एवं पंसस रवि कुमार भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पेड़ से उतारा। परिजनों ने बताया कि बलदेव की घर में बेटे से थोड़ी बहुत अनबन थी। उनके चार दिनों तक घर नहीं पहुंचने से परिजन परेशान थे। उसकी खोजबीन की गयी, पर कहीं कोई अता–पता नहीं चला। अचानक रविवार को जंगल में उनका शव पेड़ पर लटकता मिला।

# नम आंखों से दी गयी मां जगदंबा को विदाई



**धनबाद, एजेंसी।** शारदीय नवरात्र में नौ दिनों तक अपने मायके पृथ्वीलोक में भक्तों के बीच खुशियां बांटकर मां दुर्गे रविवार की शाम प्रतिमा विसर्जन के साथ वापस कैलाश पर्वत लौट गयीं। शनिवार को घट विसर्जन कर दिया गया था। कई जगह सोमवार तो कई जगह मंगलवार को प्रतिमा विसर्जित की गयी।

इस अवसर पर पूजा पंडालों में बंगला परंपरा के अनुसार महिलाओं ने सिंदूर खेला की रस्म निभायी और मां दुर्गा को खोइछा दिया। माता का मुंह मीठा कराने व जल अर्पित करने के बाद प्रतिमा उठायी गयी। विदाई देते वक्त भक्तों की आखें छलक उठीं। हीरापुर के हरि मंदिर, दुर्गा मंदिर, श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति रेलवे स्टेशन पुराना बाजार, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी चिल्ड्रेन पार्क, श्रीश्री हनुमान मंदिर दुर्गा पूजा समिति हाउसिंग कॉलोनी, दुर्गा मंदिर रीलिजियस एंड चैरिटेबल ट्रस्ट हीरापुर द्वारा रविवार को मां की प्रतिमा विसर्जित की गयी।

विदाई से पहले सुहागिनों ने मां का खोइछा भरा, उन्हें सिंदूर लगाकर खुद के मांग टीके सदा सुहागन रहने का आशीष मांगा। भूल-चूक के लिए माफी मांगी गयी। अगले साल जल्दी आने के लिए विनती की गयी। महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य की कामना की। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ भव्य प्रतिमा विसर्जन जुलूस निकाला गया। इसमें सभी नाचते-झूमते तालाब तक पहुंचे और विधि-विधान के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। गोविंदपुर। आपणो घर में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से हो गया। इसके पूर्व महिलाओं में सिंदूर खेला की परंपरा का निर्वाह किया। इसके बाद आकाशगंगा कॉलोनी तालाब में मां की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

हरि मंदिर दुर्गा पूजा समिति की ओर से रविवार को मां की प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया। शनिवार को घट विसर्जन किया गया था। समिति के अमिताभ ने बताया कि 1933 में यहां पूजा की शुरुआथ हुई थी। पूजा का 92वां साल है। हर साल विजया दशमी के दिन मां की प्रतिमा विसर्जित कर दी जाती है। ग्वालों के कंधे पर मां को पंपू तालाब ले जाया जाता है। उसके बाद प्रतिमा विसर्जित की जाती है। इस बार एकादशी को मां की प्रतिमा विसर्जित की गयी। इससे पहले 2011 में एकादशी के दिन प्रतिमा विसर्जित की गयी थी।

श्रीश्री दुर्गा पूजा काली पूजा समिति रांगाटांड़, नया बाजार श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गोत्सव कमेटी बैंकमोड़, सत्यम शिवम सुंदरम दुर्गा पूजा समिति झारखंड मैदान।

श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति सरायढेला कोला कुसमा ग्राम पंचायत में मां की बड़ी प्रतिमा राजा तालाब में विसर्जित की जायेगी। मां की छोटी प्रतिमा विसर्जित कर दी गयी है। यूथ क्लब दुर्गा पूजा समिति एलसी रोड की ओर से भी मां दुर्गा की प्रतिमा 15 अक्तूबर को पंपू तालाब में विसर्जित की जायेगी।

धनबाद। कोल्फील्ड गुजराती समाज ने रविवार को शास्त्री नगर स्थित श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रीय समाज भवन में रास गरबा महोत्सव का आयोजन किया। इसमें सोना रावल, दीपेश याज्ञनिक तथा नितिन पटेल ने एक से बढ़कर एक पारंपरिक गरबा गीत प्रस्तुत किये।

इस पर महिलाएं, पुरुष एवं बच्चों ने झूम कर गरबा किया। वहीं महोत्सव में पारंपरिक गरबा नृत्य के अलावा हुड़ो, टिमली, टेटुड़ो, सनेड़ो नृत्य भी किया। सीमा चौहान के नेतृत्व में महिलाओं ने जोगणी रास कर मां अम्बे गौरी का आह्वान किया। मौके पर कोलफील्ड गुजराती समाज के चेयरमैन कमल संघवी, अध्यक्ष रिटाबेन चावड़ा, सचिव समिता परमार, कोषाध्यक्ष तेजल देसाई, सोनल संघवी, सोना रावल, उर्वशी ठक्कर, प्रीति त्रिवेदी, रोशनी संघवी, नेहा माटलिया, सीमा चौहान, दक्षा यादव, नैना पटेल, सोनल पटेल, मयूरी त्रिवेदी, रश्मि भट्ट, किशोर परमार, यमेश त्रिवेदी, भावेश ठक्कर, राजेश माटलिया, दीपक उदानी, पीयूष वेगड़, लक्ष्मीकांत चावड़ा, दीपेश याज्ञनिक, शैलेश रावल, परेश ठक्कर, योगेश जोशी, हिमांशु दोशी, विपेन्द्र ठक्कर, महेन्द्र चौहान, गोपाल ठक्कर, दिनेश सोनेटा के अलावा बड़ी संख्या में धनबाद, झरिया, कतरास इत्यादि से गुजराती समाज के लोग उपस्थित थे।

# गढ़वा में धर्म परिवर्तन; हिंदू संगठनों का विरोध

**गढ़वा, एजेंसी।** गढ़वा जिला के रमकंडा थाना क्षेत्र के मंगरही गांव में धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना के बाद जमकर हंगामा हुआ। बाद में प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद लोगों को शांत कराया जा सका। अभी भी पूरे घटना पर प्रशासन नजर बनाए हुए हैं। इस संबंध में रामकंडा थाना के एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। घटना के संबंध मैं बताया गया कि रमकंडा थाना क्षेत्र के मंगरही गांव में 200 की संख्या में ग्रामीणों को एक समुदाय विशेष के लोगों ने बुलाया था।

### शुरू हो गई थी धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया

एसडीपीओ के मुताबिक धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। इसी बीच कुछ ग्रामीणों ने इसकी सूचना विभिन्न हिंदूवादी संगठन को दे दी। धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना के बाद विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य संगठन के लोग उक्त स्थल पर पहुंच कर इसका विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान जमकर हंगामा भी हुआ। हंगामे की सूचना पर तत्काल पुलिस उक्त स्थल पर पहुंच गई। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद स्थिति नियंत्रण में है।

### क्या कहते हैं हिंदूवादी संगठन के लोग

इस संबंध में उत्तम पांडेय ने कहा कि उन लोगों को धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना मिली थी। ईसाई समुदाय से जुड़े लोग गांव के करीब 200 भोले भाले गरीबों को धर्म परिवर्तन कर ईसाई बनाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंदूवादी संगठन इस तरह के किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने देगा।

उन्होंने प्रशासन से मांग किया कि इसके लिए दोषी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किया जाना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर हिंदूवादी संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस दौरान उत्तम पांडेय के नेतृत्व में सूरज चंद्रवंशी, चप्पू चंद्रवंशी, रानू राज, कमल सिंह, सोनू मधेशिया, छोटू झा सहित बजरंग दल रंका और रमकंडा के की लोग उपस्थित थे।

# गढ़वा में दशहरा देखकर लौट रहे युवक को हाथियों ने कुचलकर मार डाला, 3 ने भागकर बचाई जान



**गढ़वा, एजेंसी।** गढ़वा जिले के दक्षिणी वन क्षेत्र वाले रमकंडा और भंडरिया में हाथियों का आतंक जारी है। शनिवार की रात भंडरिया से दशहरा देखकर जोन्हीखांड़ के रास्ते अपने गांव चुटिया लौट रहे 28 वर्षीय युवक रामदेव सिंह को हाथियों ने कुचलकर मार डाला। हाथी इतने आक्रोशित थे कि रामदेव को पटकते पटकते उसे जंगल में ले गये। इस घटना में बाइक पर बैठे तीन अन्य युवकों ने भागकर अपनी जान बचायी।

इधर घटना की जानकारी मिलते ही सुबह ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। वन विभाग व पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। बताया जाता है कि गढ़वा जिले के चुटिया में रहने वाले रामदेव सिंह, सचिन सिंह, अभिलाष सिंह व आलोक सिंह दशहरा देखकर दो बाइक पर सवार होकर जोन्हीखांड़ के रास्ते अपने गांव चुटिया लौट रहे थे। इसी बीच रात करीब 10 बजे जोन्हीखांड़ सिंजो के जंगल में ललमटिया के पास सड़क पर हाथियों का झुंड आ गया।

हाथियों को देखकर एक मोटरसाइकिल चालक ने अपनी बाइक घुमाकर भागने में सफल रहा। वहीं, दूसरे बाइक पर रामदेव के साथ सवार युवक सचिन भी कूदकर जंगलों की ओर भाग निकला। लेकिन बाइक चला रहे रामदेव को हाथियों ने कुचलकर मार डाला।

भागकर अपनी जान बचाने वाले युवकों ने अपने गांव जोन्हीखांड़ पहुंचने वाले युवकों ने घटना की सूचना दी। इसके बाद उसी रात जेनेवा पंचायत के मुखिया के पति इंद्रदेव सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीणों ने रात में टॉर्च लेकर जंगल पहुंचे। थोड़ी देर खोजबीन के बाद शव की बरादगी हो गयी। इधर रात में ही वन विभाग के वनपाल कमलेश कुमार सहित अन्य कर्मी भी पहुंचे थे।

घटनास्थल पर पहुंचे भंडरिया वन क्षेत्र के पदाधिकारी अजय टोप्पो ने मृतक के परिजनों को तत्काल 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। उन्होंने 10 हजार रुपये अतिरिक्त अपनी ओर से सहयोग देने की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद मृतक के आश्रित को मुआवजा राशि उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने लोगों से रात में जगंल के रास्ते आवागमन नहीं करने की अपील की है। इस मौके पर वनपाल कमलेश कुमार, शुभम कुमार, तुसार कुमार, वनकर्मी अनुपम, अंकित, असलम, दयानंद, रोशन, जनेवा के मुखिया पति इंद्रदेव सिंह, बिजका पंचायत के मुखिया पति महेश्वर सिंह, झामुमो नेता हिरदयानंद मिंज, रंजन केरकेट्टा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# राहुल गांधी इसी महीने झारखंड दौरे पर आ सकते हैं, केशव महतो कमलेश ने दिए संकेत



**रांची, एजेंसी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शनिवार को नई दिल्ली से वापस लौट गए। नई दिल्ली में उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेताओं से बातचीत की और पत्रकारों के सवाल पर कहा कि इसी महीने राहुल गांधी झारखंड दौरे पर आ सकते हैं। एयरपोर्ट पर ही झारखंड कांग्रेस के नेता अभिलाष साहू, लाल किशोर नाथ शाहदेव, सतीश पाल मुंजनी, विनय सिन्हा, शशि भूषण राय, जगदिश साहू, शकील अंसारी आदि ने उनका स्वागत किया।

वहीं, दिल्ली से आलाकमान से मुलाकात कर रांची लौटे झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष ने एयरपोर्ट पर ही सीट शेयरिंग के सवाल पर कहा कि जल्द ही गठबंधन दलों के नेताओं की बैठक होगी तभी तय होगा किसको कितना सीट मिलेगा।

हरियाणा चुनाव परिणाम का झारखंड में कितना असर होगा के सवाल पर केशव ने दो टूक जवाब देते हुए कहा झारखंड में उसका कोई असर नहीं पड़ेगा। झारखंड की जनता सरकार के कामकाज से खुश है और इस काम पर जनता वर्तमान सरकार को दोबारा सत्ता में लाएगी।

वहीं, राहुल गांधी के झारखंड दौरे से संबंधित सवाल पर कमलेश ने साफ तौर पर कहा अभी तारीख नहीं बता सकते लेकिन इसी महीने राहुल गांधी झारखंड दौरे पर आ सकते हैं।

# कसमार के युवक की ओडिशा में करंट लगने से मौत

**बोकारो, एजेंसी।** कसमार थाना क्षेत्र का एक युवक फिर पलायन की भेंट चढ़ गया। पोंडा पंचायत के धधकिया निवासी भरत करमाली के पुत्र सुधाकर करमाली उर्फ रोहित करमाली (20 वर्ष) की मौत ओडिशा में काम करने के दौरान बिजली का करंट लगने से हो गयी। शनिवार को मृतक का शव घर पहुंचते ही परिजनों की चीत्कार से पूरे गांव में मातम पसर गया। बताया जाता है कि घटना के बाद कंपनी ने मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया।

मामले की सूचना मिलते ही ऑल राइट्स ड्राइवर मजदूर महासंघ एसोसिएशन चालक संघ ने मौत को लेकर हंगामा करते हुए मुआवजा की मांग की। उसके बाद कंपनी व चालक एसोसिएशन संघ के बीच समझौता होने के बाद चालक के शव को कसमार लाया गया। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने एंबुलेंस से रोहित के शव को परिजनों के घर तक पहुंचाया। बताया गया कि मृतक सुधाकर ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के गोपालपुर में एसजीआर माइनिंग लॉजिस्टिक्स कंपनी में हाइवा चालक का काम करता था। इसी पांच अक्तूबर को वह ओडिशा गया था। 10 अक्तूबर को दोपहर में हाइवा में गंदगी होने के कारण इंजन खोलकर वह वाशिंग कर रहा था। इसी बीच हाइवा में करंट फैल गया और इसकी चपेट में आकर चालक रोहित की मौत हो गयी। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कंपनी द्वारा मिली मुआवजा राशि चार लाख 60 हजार की राशि मृतक सुधाकर के माता-पिता को सौंपी गयी। मौके पर स्थानीय मुखिया हारु रजवार, पंसस रवि कुमार, ऑल राइट्स ड्राइवर मजदूर महासंघ के इरफान खान, गुलशन पूर्ति, कृष्णा नायक, मोहित केशरी, समर कुंभकार, आरिफ अंसारी, तोकीर अंसारी, रोहन कुमार, अब्दुल वाहिद, मुर्शीद अंसारी, उमा शंकर महतो, राम किशुन रजवार, हरेंद्र कुमार, सुखदेव रजवार, विमल सिंह आदि मौजूद थे।

# मौसम : झारखंड में अगले 5 दिन बेहद खास




**रांची, एजेंसी।** बंगाल की खाड़ में बने लो-प्रेशर का असर एक बार फिर राजधानी समेत राज्यभर में देखने को मिलेगा। जिसे लेकर अगले पांच दिनों तक राज्यभर में बारिश होने की संभावना है।

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण झारखंड के दक्षिणी हिस्सों में अगले पांच दिनों तक बारिश होने की संभावना है। वहीं, इसका असर राजधानी में देखने को नहीं मिलेगा। 16 से 18 अक्टूबर तक बादल छाए रहने का अनुमान है। इससे न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि लो-प्रेशर का सबसे अधिक असर सरायकेला-खारसावां के खरसेमा में देखने को मिलेगा। सोमवार को राज्यभर में मौसम शुष्क रहेगा। मंगलवार को राज्य के दक्षिणी भाग पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सराईकेला-खरसावां में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी।

बुधवार को दक्षिण एवं निकटतम क्षेत्रों में बारि होगी। गुरुवार को दक्षिणी भाग और शुक्रवार को भी दक्षिणी भागों में बारिश होने की संभावना है। शनिवार को राज्य के दक्षिणी हिस्सों में बादल आंशिक रूप से छाये रहेंगे। वहीं, पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान देवघर में रिकार्ड किया गया। जबकि सबसे न्यूनतम तापमान राजधानी रांची में दर्ज किया गया।

दुर्गापूजा के साथ लगभग मानसून की विदाई भी अंतिम पड़ाव पर है। वहीं, 18 अक्टूबर को मानसून की अंतिम वर्षा होने की संभावना है। इसके बाद से शहर के तापमान में गिरावट देखने को मिलने लगेगा।

वर्तमान में शहर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस है लेकिन अगले चार से पांच दिनों के अंदर दो से तीन डिग्री तापमान में गिरावट देखी जा सकती है।

हालांकि, रात के दौरान अभी से ही शहर में ठंड का अहसास होने लगा है। रात में कूलर व एयर कंडीशन चलाकर सोने वाले लोगों की संख्या भी अब कम होने लगी है। ऐसे में मौसम में जल्द ही आपको बदलाव देखने को मिलेगा।

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार देश में सामान्य से आठ प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है। इससे पूर्व देश को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा है। ऐसे में इस बार कड़ाके की ठंड पड़ने की भी संभावना है।

मौसम विभाग ने अक्टूबर और नवंबर माह के बीच ला नीना के एक्टिव होने की भी संभावना जताई है। इससे तापमान में कमी देखने को मिलेगी।

# झारखंड के गढ़वा में मूर्ति विसर्जन को लेकर झड़प, दो डीएसपी सहित दर्जन भर ग्रामीण घायल, पुलिस ने किया लाठीचार्ज




**बड़गड़/भंडरिया, एजेंसी।** झारकंड के गढ़वा में शनिवार और रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की दो अलग-अलग घटनाओं में हिंदू और मुस्लिम पक्ष के लोगों में झड़प हो गई। दोनों ओर से हुई मारपीट और पत्थरबाजी में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए।

रविवार को अपराह्न तीन बजे भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगड़ी (क) गांव में बड़ा बवाल हुआ। यहां उपद्रवियों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। साथ ही आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए।

जवाब में ग्रामीणों ने पुलिस पर भी पत्थर चलाए, जिसमें अभियान डीएसपी राहुल बड़ाइक व रंका डीएसपी रोहित रंजन सिंह समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पथराव में एलआरडीसी परमेश कुमार को भी पैर में चोट आई है।

उधर, लाठी चार्ज में भी दर्जन भर ग्रामीण घायल हैं, जिनका अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। बबाल के कारण यहां घंटों विसर्जन जुलूस रुका रहा।

रात लगभग नौ बजे दोनों पक्षों में सहमति बनने के बाद डीसी शेखर जमुआर और एसपी दीपक कुमार की निगरानी में विसर्जन जुलूस को आगे बढ़ाया गया। पूजा कमेटी के सदस्यों और मुस्लिम पक्ष के लोग जुलूस को लेकर निकले।

अशांति की आशंका को देखते हुए भीड़ में शामिल अन्य लोगों को आगे जाने से रोका गया। देर रात प्रतिमा का विसर्जन हुआ। यहां मुस्लिम बस्ती के लोगों को बस्ती होकर विसर्जन जुलूस ले जाने पर आपत्ति थी। इस कारण उसे विवादित मार्ग बताकर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी थी, लेकिन हिंदू पक्ष के लोग उसी मार्ग से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को ले जाने पर अड़े थे।ग्रामीणों ने बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया। इस बीच पुलिस व ग्रामीणों के बीच धक्का-मुक्की प्रारंभ हो गई। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ग्रामीणों पर लाठी चार्ज कर दिया। इससे ग्रामीण उग्र हो गए और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। बाद में दोनों पक्षों में सहमति बनी और विवादित रास्ते से होकर ही जुलूस को सुरक्षा के बीच निकाला गया।

दूसरी घटना गढ़वा थाना क्षेत्र के लखना गांव में शनिवार अपराह्न करीब तीन बजे हुई। यहां भी रास्ते के विवाद में ही दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हिंदू और मुस्लिम पक्ष के लोगों में झड़प हुई। इससे गांव में करीब 10 घंटे तक तनावपूर्ण स्थिति रही।

बाद में प्रशासन के बीच-बचाव से मामला शांत हुआ और तड़के करीब तीन बजे को प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया। यहां भी दोनों पक्षों में हुए पथराव में एक समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं।मामले में रविवार को 15 नामजद एवं 250 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

# हाथियों के झुंड ने 25 एकड़ में लगी धान की फसल को रौंदा

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड की चरगी पंचायत के नवाखाप गांव व कोह पंचायत के बुढन गोड़ा गांव में हाथियों के झुंड ने 25 एकड़ में लगी धान व कुरथी की फसल को बर्बाद कर दिया। नवाखाप गांव के तीन दर्जन से ज्यादा किसानों की खेतों में लगी धान की फसल को हाथियों के झुंड ने खाकर और रौंद कर बर्बाद कर दिया। नवा खाप के प्रभावित किसानों ने बताया कि शुक्रवार की रात में 24 हाथियों का एक झुंड गोला वन क्षेत्र के रास्ते चरगी पंचायत के नउवा खाप स्थित डैम के पास पहुंचा और किसानों के जंगल के किनारे स्थित धान की खेतों में घुस कर धान की फसलों को बर्बाद कर दिया। किसानों ने कहा कि खेत में लगी धान की फसलों के उपज से उनका परिवार साल भर खाता था, लेकिन हाथियों ने उसे बर्बाद कर दिया। किसानों ने बताया कि नउवा खाप के तीन दर्जन से ज्यादा किसानों की करीब 20 एकड़ जमीन पर धान की फसल की थी। धान की बालियां भी निकल आयी थीं। वहीं पेटरवार प्रखंड अंतर्गत कोह पंचायत के बुढन गोड़ा गांव में हाथियों के झुंड ने रविवार की अहले सुबह चार बजे हीरालाल मांझी, प्रकाश मांझी, बृजलाल मांझी व हीरालाल भोक्ता की करीब डेढ़ एकड जमीन पर लगी धान की फसल को खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। साथ ही अम्बा गड़ा नदी के पार हलधर मांझी, महेश मांझी व अरुण मांझी की धान व कुरथी की फसल को बर्बाद कर दिया। साथ ही गोला प्रखंड के सगातु बोरवा कोचा गांव में साढ़े तीन एकड़ खेत में लगी धान का फसल को बर्बाद कर दिया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### जहां सबसे ज्यादा हुआ खर्च, वहीं हुई सबसे ज्यादा प्रदूषित हुई यमुना

नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बावजूद अगर यमुना की हालत और खराब होती जा रही है तो इसके लिए किसे जिम्मेदार माना जाएगा? यह छिपी बात नहीं है कि यमुना का प्रदूषण दूर करने के लिए सरकार और संबंधित महकमों ने जितने भी प्रयास किए हैं, अमूमन वे सभी नाकाम दिखते हैं। आखिर क्या वजह है कि इस मद में भारी राशि खर्च किए जाने और यमुना को स्वच्छ बनाने के तमाम दावों के उलट यह नदी आज अपने अस्तित्व के लिए जूझ रही है? दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति की एक ताजा रपट में बताया गया है कि सितंबर महीने में यमुना में प्रदूषण अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। रपट में यह तथ्य भी दर्ज किया गया है कि फरवरी, 2022 के बाद यह प्रदूषण का उच्चतम स्तर है जब अशोधित जलमल का एक प्रमुख संकेतक 'फीगल कोलिफार्म जीवाणु' का स्तर तिरसठ लाख पाया गया। यह स्थिति तब है जब इस वर्ष अपेक्षया अच्छी बरसात से जल प्रवाह और उसमें आक्सीजन की मात्रा में बढ़ोतरी हुई और इसमें खतरनाक जीवाणुओं के बह जाने की उम्मीद की गई थी। मगर उनका स्तर उच्च बना रहा। विचित्र है कि यमुना को स्वच्छ बनाने पर सबसे ज्यादा जोर दिल्ली में दिया जाता है, लेकिन यह सबसे ज्यादा इसी महानगर में प्रदूषित पाई जाती है। अन्य शहरों से गुजरते हुए भी यमुना का यही हाल हो जाता है। अलग-अलग शहरों में औद्योगिक अपशिष्ट से लेकर सीवर आदि की गंदगी इस नदी में बहाए जाने पर रोक लगाने को लेकर अब तक की घोषणाओं की हकीकत यह है कि इस वर्ष ज्यादा बारिश के बावजूद यमुना में प्रदूषण का स्तर सबसे ज्यादा पाया गया। दिल्ली के बड़े हिस्से में पेयजल की आपूर्ति इसी नदी के पानी को शोधित कर की जाती है। मगर दिल्ली में अधिकांश नाले, पड़ोसी राज्यों के कीटनाशक और औद्योगिक अपशिष्ट जिस तरह यमुना में मिल जाते हैं, वैसे में इससे तैयार पेयजल के जोखिम का अंदाजा लगाया जा सकता है। सवाल है कि अरबों रुपए की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं के बावजूद इस नदी पर अस्तित्व का संकट क्यों खड़ा है और यह और ज्यादा प्रदूषित क्यों होती जा रही है!

### आरक्षण की सियासत

अपने देश में आरक्षण पर ऐसी दुखद सियासत होने लगी है, जिसका तथ्य और तर्क से कोई लेना-देना नहीं है। मुंबई में राज्य सचिवालय में शुक्रवार को उस समय अजीब दृश्य सामने आया, जब विधानसभा के उप-सभापति नरहरि झिरवाल और तीन अन्य विधायक तीसरी मंजिल से कूद गए। यह तो भला हो कि नीचे पहले से ही जाल लगाकर सुरक्षा इंतजाम किया गया था। सुरक्षा इंतजाम न होता, तो आत्महत्या की यह कोशिश भारतीय विधायिका पर एक स्याह धब्बा लगा जाती। अगर एक विधायक को अपनी मांग मनवाने के लिए आत्महत्या करने की नौबत आ जाए, तो फिर विधायिका की समग्र व्यवस्था की मजबूती के बारे में क्या कहा जाए? हालांकि, यह सियासत है और विधायक कूदे, क्योंकि उन्हें पता था कि नीचे जाल है। वास्तव में, आत्महत्या की कोशिश का यह दिखावा कोरी सियासत है, उसके अलावा कुछ नहीं। विधायकों के इस कृत्य की सिर्फ निंदा हो सकती है। यह विधायिका को भी शर्मसार करने वाला पल है और इस पर सभी दलों को गंभीरता से विचार करना चाहिए कि आखिर वे देश के सामने कैसी जानलेवा सियासत पेश कर रहे हैं? आत्महत्या का बहाना तो और भी दुखद है। यह सियासी कोशिश वास्तव में आरक्षण मांगने के लिए नहीं है, बल्कि एक जाति विशेष को मिलने जा रहे आरक्षण के विरोध में है। धनगर समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में शामिल करने की मांग का विरोध विचारणीय हो सकता है, पर उसके लिए ठोस तर्क या विमर्श की जरूरत है। इन विधायकों को जब लगा कि उनका विरोध काम नहीं कर रहा है और धनगर समुदाय को एसटी में शामिल कर लिया जाएगा, तब उन्होंने कूदने का दुस्साहस दिखाया। अब यह सोचने की बात है कि धनगर समुदाय के नेताओं और लोगों को कैसा लग रहा होगा? झिरवाल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अजीत पवार गुट के सदस्य हैं। वास्तव में, यह पूरी पार्टी इन दिनों बहुत बेचैन है। सियासी लाभ और चुनाव जीतने के लिए इसके नेता हरसंभव दांव आजमा रहे हैं। उनका यह नया दांव पता नहीं कितना कारगर होगा, पर इससे सत्ता पक्ष और एकनाथ शिंदे की सरकार की किरकिरी तो हो ही रही है। सरकार में भाजपा भी शामिल है और कूदने वालों में एक भाजपा विधायक भी शामिल बताए जाते हैं। वास्तव में, यह सत्ताधारी विधायकों की बेचैनी है। उन्हें इसी महीने चुनावी मैदान में जाना है।

## रतन टाटा की बेमिसाल सादगी की 13 कहानियां

**(रितेश कुमार वर्मा)**

टाटा ट्रस्ट के मानद अध्यक्ष रतन नवल टाटा को मुंबई में राजकीय सम्मान के साथ गुरुवार शाम अंतिम विदाई दे दी गई। पद्म विभूषण रतन टाटा का बुधवार की रात मुंबई में निधन हो गया था। टाटा के व्यापार को ईमानदारी और नैतिकता के साथ देश-विदेश में फैलाने वाले रतन टाटा को लोग उनके सादगी भरे जीवन, भलाई करने की उनकी आदत के लिए याद कर रहे हैं। आम लोगों के दिल में जो सम्मान रतन टाटा ने पाया, उद्योग जगत में ना पहले किसी को मिला, ना आगे ऐसा कोई दिखता है। अपनी श्रद्धांजलि में रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने उनके नेतृत्व का जिक्र करते हुए याद दिलाया कि 1991 में रतन टाटा ने कंपनी का चेयरमैन बनने के बाद ग्रुप को 70 गुना बड़ा कर दिया। रतन टाटा की याद में रेडिफ डॉट कॉम के लिए पत्रकार और लेखक शैलेश कोट्टारी ने एक स्मृति लेख लिखा है। खबर और किताब के सिलसिले में रतन टाटा के साथ कई दिन और शाम बिताने वाले शैलेश कोट्टारी ने लेख में रतन टाटा के सादगी भरे जीवन की कुछ ऐसी बातें बताई हैं जो अब तक किसी को नहीं पता है। उस श्रद्धांजलि लेख से और कुछ दूसरे लोगों की बताई अनसुनी बातें। घर का फोन खुद उठाते, ताज होटल में भी बिल भरते थे रतन टाटा अपने घर पर लैंडलाइन फोन खुद उठाते थे। रतन टाटा से कम कारोबार और हस्ती वाले व्यापारी भी घर पर फोन उठाने के लिए सचिवालय रखते हैं। लेकिन रतन टाटा के घर का जो टेलीफोन नंबर सार्वजनिक था, उस पर आने वाले हर कॉल को यथासंभव वो खुद उठाते थे। 1991 में जब रतन टाटा को पहली बार चेयरमैन बनाया गया तो उनके लिए मुंबई का वो बंगला सजाया गया, जिसमें उनसे पहले टाटा सन्स के 53 साल चेयरमैन रहे भारत रत्न जेआरडी टाटा रहते थे। लेकिन उन्होंने कभी उस बंगले को अपना घर नहीं बनाया। कोलाबा के दो कमरे वाले फ्लैट में ही रहे। लगभग पांच-छह साल पहले रतन टाटा बढ़ती उम्र की जरूरतों के लिहाज से खुद के बनाए एक बंगले में शिफ्ट हो गए थे। रतन टाटा पहली पारी में 21 साल चेयरमैन रहे। जब तक वो चेयरमैन रहे, जेआरडी टाटा वाले बंगले के बदले कोलाबा में बख्तावर अपार्टमेंट के अपने दो कमरे के साधारण फ्लैट में ही रहे। पहले फ्लोर पर रतन टाटा का घर था और दूसरे फ्लोर पर उनकी सौतेली मां सिमोन टाटा का। टाटा ग्रुप के वारिस के तौर पर जिन नोएल टाटा के नाम की चर्चा हो ही है वो सिमोन और नवल टाटा के बेटे हैं। रतन टाटा के कोलाबा वाले फ्लैट में जो सबसे महंगी चीज थी वो थी बोस कंपनी का म्यूजिक सिस्टम। इसके अलावा घर में बस जरूरत की चीजें थीं। दिखावे का कोई सामान नहीं था, चाहे देश की हो या विदेश की। रतन टाटा हवाई सफर के दौरान आम लोगों के साथ कतार में लगते थे और अपना सामान खुद ही उठाते थे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी इसके गवाह रहे हैं जब उनके न्योते पर रतन टाटा एक अस्पताल का उद्घाटन करने औरंगाबाद गए थे। औरंगाबाद एयरपोर्ट पर नितिन गडकरी ने रतन टाटा की आवभगत के लिए लोग लगा रखे थे लेकिन उन्होंने अपना बैग खुद उठा लिया। नितिन गडकरी से बोले- मेरा बैग है, मैं ही उठाऊंगा। रतन टाटा जब एयर इंडिया के चेयरमैन बनाए गए तो उनको कंपनी प्रमुख के नाते अपनी कार जहाज तक ले जाने की इजाजत थी। लेकिन रतन टाटा आम लोगों की तरह हवाई सफर करते रहे। कंपनी के दूसरे डायरेक्टर इस सुविधा का नियमित इस्तेमाल करते थे, जिस पर वो चकित रहते थे। रतन टाटा हमेशा साफ-सुथरे और ढंग से कपड़े पहनते थे। लेकिन ये कपड़े विदेश से नहीं आते थे। शैलेश कोट्टारी ने जब एक बार पूछा कि सूट कहां से सिलवाते हैं तो रतन टाटा ने बताया था कि वो कोलाबा के ही एक लोकल दर्जी से सूट सिलवाते हैं। ये सुनकर कोट्टारी चौंक गए थे। रतन टाटा एक शाम मुंबई के ताज होटल में जोडिएक ग्रिल रेस्तरां में शैलेश कोट्टारी और एक मीडिया समूह के अध्यक्ष के साथ डिनर कर रहे थे। डिनर के बाद वेटर ने रतन टाटा को बिल पकड़ा दिया। रतन टाटा ने कार्ड से पेमेंट कर दिया। मीडिया कंपनी के प्रेसिडेंट भौंचक्के रह गए। उन्होंने रतन टाटा से पूछा कि आपके अपने ही होटल ने आपको बिल कैसे दे दिया। रतन टाटा ने उनसे कहा कि फिर कॉरपोरेट में मानक कैसे स्थापित होंगे, आपको खुद उदाहरण बन कर इसे कायम करना होगा। शैलेश शेट्टी ने लिखा है कि जब भी रतन टाटा के साथ वो किसी रेस्तरां में डिनर करने जाते तो कुछ देर बाद मैनेजर रतन टाटा की कार की चाबी दे जाता था। जब शैलेश ने उनसे पूछा कि ये क्या माजरा है तो रतन टाटा ने कहा कि वो नहीं चाहते हैं कि उनका ड्राइवर निर्धारित समय से ज्यादा उनकी ड्यूटी में रहे। ड्राइवर का परिवार है और उसे समय पर अपने परिवार और बच्चों के साथ होना चाहिए। डिनर के बाद अक्सर वो अपनी कार खुद चलाकर घर लौटते थे। रतन टाटा के खुद कार चलाने की कहानी नितिन गडकरी ने भी सुनाई है। गडकरी ने बताया कि एक बार रतन टाटा उनके घर आने वाले थे। उन्हें रतन टाटा का फोन आया और वो रास्ता पूछने लगे। जब नितिन गडकरी ने ड्राइवर और सुरक्षा के बारे में पूछा तो रतन टाटा ने बताया कि वो अकेले हैं और खुद गाड़ी चलाकर आ रहे हैं। रतन टाटा की सादगी की एक कहानी उत्तर प्रदेश के मंत्री और पूर्व आईपीएस अफसर असीम अरुण ने भी साझा की है। असीम अरुण तब प्रधानमंत्री और उनके परिवार की सुरक्षा के लिए बनाए गए फोर्स स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप में तैनात थे। एसपीजी के एक कार्यक्रम में रतन टाटा को आमंत्रित किया गया था। असीम उन्हें रिसीव करने ताज मान सिंह होटल गए और पाया कि वहां रतन टाटा किसी सुइट के बदले एक सामान्य कमरे में रुके थे। रतन टाटा कार और ड्राइवर के साथ निकले। असीम अरुण को भी अपनी कार में ही बिठा लिया। असीम ने पहले से एसपीजी की एक पायलट कार उनके आगे चलने के लिए लगा रखी थी। रतन टाटा ने जैसे यह नोटिस किया, उन्होंने असीम से कहा कि इसे आगे से हटवा दीजिए। जब तक वो कार आगे चलती रही, रतन टाटा बेचैन रहे। असीम अरुण ने उनसे तब पूछा था कि आपके साथ कोई सुरक्षा क्यों नहीं है तो रतन टाटा ने कहा था कि उन्हें किससे खतरा हो सकता है। रतन टाटा ने कंपनी के लिए एक आचार संहिता बनवाई और खुद आगे बढ़कर उसका पालन किया। टाटा ग्रुप फिर से एयरलाइन बिजनेस में आना चाहती थी लेकिन कंपनी की लाइसेंस की अर्जी अटकी हुई थी तब उनसे एक बिचौलिए ने कहा कि किस आदमी को पैसा देने से काम हो जाएगा। रतन टाटा ने घूस देकर काम कराने से मना कर दिया। रतन टाटा ने कंपनी की आचार संहिता के उल्लंघन में फंसे अपने भरोसेमंद लोगों को भी कोई रियायत नहीं दी। जब उनके प्रिय वित्तीय सलाहकार और टाटा फिनांस के प्रमुख दिलीप पेंडसे के बारे में पता चला कि बिना कंपनी को बताए उन्होंने खुद से एक कंपनी में भारी निवेश किया है तो उनकी शामत आ गई।

> *असीम ने पहले से एसपीजी की एक पायलट कार उनके आगे चलने के लिए लगा रखी थी। रतन टाटा ने जैसे यह नोटिस किया, उन्होंने असीम से कहा कि इसे आगे से हटवा दीजिए। जब तक वो कार आगे चलती रही, रतन टाटा बेचैन रहे। असीम अरुण ने उनसे तब पूछा था कि आपके साथ कोई सुरक्षा क्यों नहीं है।*

## हिंसा से नहीं विकास से होगा नक्सलवाद का खात्मा

**(योगेंद्र योगी)**

अब तक ऐसी सैकड़ों मुठभेड़ों में भटके हुए युवा हजारों की संख्या में अपनी जान गंवा चुके हैं। सुरक्षा बलों की संख्या और मजबूती के सामने नक्सली कहीं नहीं टिक सकते। यह जानते हुए भी नक्सलवाद एक हारी हुई लड़ाई है, गुमराह नक्सली जान देने पर आमदा हैं। लोकतंत्र का रास्ता छोड़ कर हथियारों के बल पर क्रांति लाने का ख्वाब पाले नक्सलियों को इसकी कीमत अपने खून से लगातार चुकानी पड़ रही है। हथियारों के बल पर हिंसा के जरिए दहशत फैलाने वाले नक्सलियों को यह समझ में नहीं आया कि क्रांति वहां होती है, जहां राजशाही या तानाशाही का शासन हो। लोकतंत्र में लोकतांत्रिक तरीकों से अपनी मांग मनवाई जा सकती है। इसका सीधा रास्ता है चुनाव की प्रक्रिया के जरिए अपने मनपसंद प्रतिनिधियों को चुनना और कानून बनवाना। इसके विपरीत हथियारों के बलबूते हिंसा के रास्ते पर चलने का नतीजा खून-खराबे के अतिरिक्त कुछ नहीं हो सकता। नक्सली प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की लगातार कसती जा रही घेराबंदी में बड़ी तादाद में युवा नक्सलियों की जान जा रही है। छत्तीसगढ़ में नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा के पास सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के साथ जंगल में हुई मुठभेड़ में 32 माओवादियों को मौत के घाट उतार दिया। अब तक ऐसी सैकड़ों मुठभेड़ों में भटके हुए युवा हजारों की संख्या में अपनी जान गंवा चुके हैं। सुरक्षा बलों की संख्या और मजबूती के सामने नक्सली कहीं नहीं टिक सकते। यह जानते हुए भी नक्सलवाद एक हारी हुई लड़ाई है, गुमराह नक्सली जान देने पर आमदा हैं। इससे ज्यादा अफसोसजनक बात क्या हो सकती है, बदलाव के लिए जिन युवाओं के हाथों में कलम, कम्प्युटर या ऐसे ही समाज और राष्ट्रनिर्माण के उपकरण हो सकते हैं, उनके हाथों में हथियार हैं। इसमें भी उन्हें कहीं चैन-सुकून नहीं है। पुलिस की गोली जंगलों में कब उनका काम तमाम कर दे, इसका डर उन्हें दिन-रात सताता रहता है। परिवार और समाज से दूर यायावरों की तरह जंगलों में भटकने वाले नक्सलियों पर हर वक्त मौत का साया मंडराता रहता है। देश की आजादी को 75 साल से ज्यादा हो गए। देश में बदलाव लाने के लिए नक्सलियों के हिंसात्मक आंदोलन को भी 6 दशक से ज्यादा का समय हो गया। नक्सलियों का दायरा लगातार सिकुड़ता जा रहा है। कभी आठ-दस राज्यों में प्रभाव रखने वाले नक्सलियों का दायरा सिमटता हुआ दो-तीन राज्यों में रह गया। देश की पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त और सशक्त कार्रवाई के सामने नक्सली बौने साबित हुए हैं। इस वर्ष अब तक दंतेवाड़ा और नारायणपुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में 171 माओवादियों को मार गिराया है। नक्सलवाद की शुरुआत पश्चिम बंगाल के एक छोटे से गांव नक्सलबाड़ी से हुई थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता कानू सान्याल और चारू माजूमदार ने सरकार के खिलाफ 1967 में एक मुहिम छेड़ी थी। देखते ही देखते ये एक आंदोलन बन गया और चिंगारी फैलने लगी। इस आंदोलन से जुड़े लोगों ने खुद सरकार के खिलाफ हथियार उठा लिए। सरकार के खिलाफ ये विद्रोह उन किसानों का था, जो जमींदारों के अत्याचार से परेशान हो चुके थे। इसमें कोई संदेह नहीं कि जंगलों में पैतृक अधिकारों से वंचित आदिवासियों ने सरकारी तंत्र के जुल्म-सितम से तंग आकर कोई विकल्प नहीं देख कर नक्सली विचारधारा का दामन थामा। राज्यों की सरकार ने दशकों तक इन इलाकों में विकास को तरजीह नहीं दी। इससे नक्सलियों के कुप्रचार का रास्ता और भी आसान हो गया। यही वजह रही कि पश्चिमी बंगाल से शुरु हुआ नक्सलवाद सीमावर्ती राज्यों में फैलता चला गया। बीते दशकों के दौरान नक्सलियों और सुरक्षाबलों को भारी जनहानि उठानी पड़ी। नक्सलियों के प्रभाव वाले क्षेत्रों में विकास कार्य ठप्प पड़ गए।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5522

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | 9 | | | |
| | | | | | | 1 | 7 | |
| 7 | 9 | 6 | | | 3 | 2 | | |
| | | | | 1 | 5 | | 9 | |
| 3 | 6 | | | | | | 2 | 1 |
| | 4 | | 6 | 9 | | | | |
| | | 2 | 8 | | | 3 | 1 | 4 |
| | 1 | 8 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5521

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 6 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 5 |

## वर्ग पहेली 5522

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | ■ | 4 | 5 | |
| 6 | | | 7 | ■ | 8 | | ■ |
| | ■ | 9 | | 10 | | ■ | 11 |
| 12 | 13 | | ■ | | ■ | 14 | |
| 15 | | ■ | 16 | | 17 | ■ | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 |
| | ■ | 21 | | ■ | 22 | 23 | |
| ■ | 24 | | ■ | 25 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. मुहम्मद अली जिन्ना ने यहां भारत से अलग मुस्लिम राष्ट्र पाकिस्तान की मांग की (3)
4. वेस्टइंडीज के ग्रेअर एंटीजील समूह का एक द्वीप है जिसकी राजधानी किंग्सटन है (3)
6. निरूत्तर, अनुपम, बेजोड़ (4)
8. वचन, प्रतिज्ञा, इकरार (2)
9. दिवंगत अभिनेता अशोक कुमार फिल्म इंडस्ट्री में इस नाम से भी जाने जाते थे (4)
12. बारह राशियों में से एक (3)
14. आदत, वेष, सजधज (2)
15. भास्कर, दिनपति, दिनकर, सूरज (2)
16. विकृत होने का भाव (3)
18. रिश्ता, संबंध (2)
19. काइयां, चालाक, परमधूर्त (3)
21. बुनियाद, जड़, आदि कारण (2)
22. राजकाज से संबंधित राजनीतिक (3)
24. चीर फाड़ द्वारा की जाने वाली चिकित्सा (2)
25. अभिप्राय, आशय (3)

**ऊपर से नीचे**

1. अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से शतक लगाने वाला पहला क्रिकेटर (7)
2. कुंड, नांद, चहबच्चा (2)
3. रवा से युक्त (4)
4. तरूणावस्था, युवावस्था (3)
5. बहुत ही महीन आटा (2)
7. भाग्य में लिखा हुआ, नियत (2)
10. मुखमुद्रा, मुंह की बनावट या आकृति (4)
11. कोलम्बस ने इस देश के लिए अमेरिका की खोज की, इस देश की राजधानी मेड्रिड है (2)
13. रसात्मक काव्य, शायरी (3)
16. बहुत बड़ा, विराट (3)
17. चकाचौंध (4)
20. टहलनी, दास वर्ग की स्त्री (2)
21. दाम, मोल, कीमत, भाव (2)
23. स्मरण, स्मृति (2)

### वर्ग पहेली 5521 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | र | त | ■ | मं | गो | लि | या |
| ग | त | ■ | ब | ग | ल | ■ | या |
| खु | ■ | ब | द | ला | ■ | भा | व |
| ल | त | र | ■ | च | क्षु | ■ | र |
| ना | ■ | सा | हि | र | ■ | दे | ■ |
| ■ | सू | ना | ■ | ण | ■ | वा | म |
| ही | र | ■ | हां | ■ | आ | नं | द |
| रो | मा | नी | | ना | शा | द | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में कुछ कठिनाई हो सकती है। ऑफिस के माहौल में आपके लिए मन लगाना कुछ मुश्किल हो सकता है। माहौल को जिंदादिल बनाने की आपकी कोशिश कामयाब हो सकती है बशर्ते आपके सहयोगी सपॉर्ट करें। आज आपको जो भी मिलेगा वह सिर्फ आपकी मेहनत का ही नतीजा होगा। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

### वृष
आज दिन काफी परेशानी और तनाव वाला रहेगा और आपको दिन भर काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आज कार्यस्थल में साथियों का और घर में अपने से छोटे सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रियजन से दूरी होने पर फोन या ई मेल के जरिए उसे मिटाना मुश्किल नहीं होगा। शाम के वक्त आपको लाभ और योजनाओं में तरक्की मिलेगी और धन सम्मान का फायदा होगा।

### मिथुन
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आपको कुछ दिनों पहले खोई हुई कोई खास चीज मिल सकती है। किसी को बहुत पहले दिया गया उधार आज वापस मिल जाएगा। खास बात यह है कि इसके अलावा भी दिन भर आपको कई सरप्राइज मिलते रहेंगे। आपको धन लाभ होगा।

### तुला
आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। ऑफिस में हर तरह की रुकावटें आप अपने ही बूते पर खत्म कर लेंगे। आप अपने सहयोगियों की मदद से हटाते रहेंगे। एसएमएस के जरिये कोई महत्वपूर्ण खबर मिलेगी। जायदाद के मामले में आपकी जीत होगी और धन के मामले से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपको कोई भी डील करने से पहले इस बारे में अच्छे से सोचने की जरूरत है।

### वृश्चिक
आज आपके लिए प्रॉपर्टी के मामले हल हो सकते हैं। कमाई में बढ़ोत्तरी होगी लेकिन साथ ही खर्च के बहाने भी मिल जाएंगे। लेखक और पत्रकार जैसे लोग लोगों की नजरों में चढ़ जाएंगे। आपका पॉजिटिव मूड खराब से खराब माहौल में भी ताजगी भर देगा। आपको अपने मन में खुशी होगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### धनु
आज आपका दिन कई रंग बदलेगा। पहले आपको अपने काम में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है और उसके बाद सब कुछ सही हो जाएगा और आपका ठीकठाक चलता रहेगा। दिन बीतने के साथ साथ काम बनते नजर आएंगे। घर के छोटे सदस्यों के करियर की चिंता खत्म होगी और कोई शुभ सूचना मिलने से आपको खुशी होगी।

### कर्क
आज दिन काफी मिलाजुला रहेगा और दिन आपके लिए परीक्षा जैसा रहेगा। मेहनत से जो कुछ भी करेंगे वह काफी अच्छा रिजल्ट लेकर आएगा। रोमांटिक पार्टनर के साथ घूमने फिरने का मौका मिलेगा और इससे आपकी खुशी दोगुनी हो जाएगी। पिछले दिनों हुए नुकसान की भरपाई होने की उम्मीद है। बिजनस में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है।

### सिंह
आज करियर के मामले में लाभ होगा और किसी मामले में आपका दिन बेचैनी से भरा होगा। जो काम आप करेंगे वह इसी बेचैनी के चलते होगा। ऐसे में महसूस होगा कि आपने एक ही दिन में ढेर सारे लटके हुए काम निपटा लिए हैं। थोड़ा घूमना फिरना पड़ सकता है। आपको जरूरी कार्य पूर्ण करने के लिए कहीं यात्रा पर जाना पड़ सकता है और उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी।

### कन्या
आज दिन सामान्य रहेगा। आप किसी सौदे या लेन देन के दौरान टेंशन न लें। बढ़ते खर्च को काबू मे करना काफी कठिन लगेगा लेकिन थोड़ी सी इच्छा शक्ति से सब कुछ संभव है। दोस्तों के सपॉर्ट से किसी बड़े प्रॉजेक्ट को फाइनलाइज कर सकेंगे। रोमांटिक अफेयर्स में मजबूती आएगी।

### मकर
आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। सोसाइटी में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। इसके लिए कोई आयोजन हो सकता है। आपको अपने जानने वाले लोगों से बात करके खुशी होगी। कुछ फायदों को देखते हुए इसमें कोई नुकसान भी नहीं है। विरोधियों का सिर नीचा करने में आपको कामयाबी मिलेगी और आपके धन सम्मान में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

### कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। ऑफिस का माहौल काम के लिए बिल्कुल ठीक रहेगा। जीवनसाथी से सपॉर्ट मिलता रहेगा और किसी मामले मे आपकी जूनियर्स से कहासुनी हो सकती है। बेहतर होगा कि सावधान रहें और अपने काम पर फोकस करें। वरना आपको परेशानी हो सकती है और आपका काम अधूरा छूट सकता है।

### मीन
आज करियर के मामले में लाभ से भरा होगा। आपका दिन चुस्ती से भरा होगा और कई रुके कार्य बन जाने से आपको खुशी होगी। सहयोगी कुछ रिलैक्स मूड में रहेंगे और पहले से ज्यादा काम करने की इच्छा जताएंगे। बदलाव के तौर पर आप अपने अन्दर छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने में सफल होंगे और हर कार्य में सफलता मिलने से आपको खुशी होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### अजमेर में दुकानदारों ने दुकानों के बाहर चस्पा किए स्टे आदेश

**अजमेर, एजेंसी।** राजस्थान के अजमेर के कचहरी रोड पर पिछले करीब छह माह से सड़क व नाली निर्माण का दंश झेल रहे व्यापारी मात्र तीन-चार घंटे ही दुकान खोल पा रहे हैं। दुकानदानों ने अदालती स्टे के आदेश दुकानों के बाहर चस्पा किए हैं। दुकानदारों का कहना है कि पिछले तीस-चालीस सालों से काबिज हैं। इसलिए उनकी संपत्ति पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। इसके चलते दीपावली तक कचहरी रोड का काम पूरा होना मुश्किल है।

नाली निर्माण कार्य में अड़चन बनी विद्युत केबल व डीपी आदि नहीं हटाई गई है। इससे नाली का निर्माण नहीं हो पा रहा। इसके साथ कई दुकानों के निर्माण नाले पर बने हैं। दुकानों के आगे बने चबूतरों के नीचे नाले के ब्लॉक डाले जाने हैं। मनमर्जी से ब्लॉक डाले जा रहे हैं। पहले के पानी को भी खाली नहीं किया गया है। जिससे समतल नहीं हो पा रहे। सड़क निर्माण के बाद कई ब्लॉक ऊंचे नजर आ रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि नाली डाले जाने के बाद सड़क के अनुपात में समतलीकरण होना चाहिए अन्यथा सीवरेज की तरह नाली के ब्लॉक भी ऊंचे रहेंगे। जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाएगी। दुकानदारों का कहना है कि इस कार्य को कौन देख रहा है, क्या योजना है कोई अता-पता नहीं है। ठेकदार नाले के लिए ब्लॉक डाले जा रहा है। इसका जॉइंट व सड़क से क्या लेवल है इसका कोई सुपरविजन नहीं है। मार्केट से ग्राहकी टूटती जा रही है। दुकानों के आगे शाम तक धूल-मिट्टी उड़ती रहती है। दुकानों में रखा सामान खराब हो रहा है।

### सीतामढ़ी में मूर्ति विसर्जन के दौरान बवाल, दो गुटों में मारपीट में एक की मौत, एक दर्जन जख्मी

**सीतामढ़ी , एजेंसी।** दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान बिहार के कई जिलों से हिंसा और बवाल की खबरें मिली हैं। सीतामढ़ी में बात इतनी बढ़ गई कि विसर्जन के विवाद के दौरान हुई मारपीट में एक युवक को जान से हाथ धोना पड़ा।। घटना सुप्पी थाना क्षेत्र के ढ़ेंग गांव की है। रविवार की देर शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान दो गुटों में जमकर मारपीट हो गयी। इस घटना में ढ़ेंग गांव के वार्ड संख्या तीन निवासी कलेवर सहनी समेत करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुप्पी मे भर्ती कराया गया।

मारपीट में घायल कलेवर सहनी इतनी गंभीर हो गई। नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें सीतामढ़ी सदर अस्पताल मे रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान घायलों में से एक कलेवर सहनी (45 वर्ष) की मौत हो गयी। मौत के बाद इलाके में और तनाव बढ़ गया है। जिस गुट के लोगों पर कलेवर के साथ मारपीट का आरोप है वे सभी गांव छोड़कर फरार हैं।

घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष विष्णु देव कुमार ने बताया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान मौत की घटना को लेकर ढ़ेंग गांव में दो गुटों के बीच काफी तनाव व्याप्त हो गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि ढ़ेंग गांव में दो पक्षों के बीच तनाव को देखते हुए यहां पुलिस जवानों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। स्थानीय जन प्रतिनिधियों की मदद से हालात को सामान्य बनाने की कोशिश की जा रही है।

### सप्तक्रांति से लेकर संपर्क क्रांति समेत 2 दर्जन ट्रेनें प्रभावित, कितनी रद्द रहेंगी

**पटना, एजेंसी।** अगर आप ट्रेन से सफर करते हैं तो आपको यह खबर जरूर पढ़नी चाहिए। गोरखपुर-गोंडा रेलखंड के डोमिनगढ़-जगतबेला के बीच ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य और डोमिनगढ़-गोरखपुर बीच तीसरी लाइन की प्री-नॉन इंटरलाकिंग का कार्य 14 से 25 अक्टूबर तक होगा। इसके बाद 26 व 27 अक्टूबर को नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किए जाएंगे। इसके कारण गोरखपुर स्टेशन से गुजरने वाली 130 ट्रेनें प्रभावित होंगी। इसमें मुजफ्फरपुर से आनंद विहार, नई दिल्ली और अमृतसर जाने वाली वैशाली, सप्तक्रांति, बिहार संपर्क क्रांति सहित दो दर्जन जोड़ी ट्रेनें प्रभावित होंगी। इसके अलावा चार जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों को विभिन्न तारीखों में रेलवे ने निरस्त कर दिया है। सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे ट्रैक की क्षमता बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है।

# बाबा सिद्दीकी के कत्ल पर महायुति में बवाल, देवेंद्र फडणवीस पर अपनों ने ही उठाए सवाल





**मुंबई, एजेंसी।** एनसीपी यानी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता बाबा सिद्दीकी की मौत महायुति में ही खटास पैदा करती नजर आ रही है। खबर है कि अब सिद्दीकी की मौत को लेकर सबसे ज्यादा सवाल उपमुख्यमंत्री पर उठ रहे हैं। गठबंधन के साथी दल एनसीपी ने यह तक कह दिया है कि यह गृह विभाग की नाकामी है। खास बात है कि महाराष्ट्र सरकार में फडणवीस ही गृह मंत्रालय संभालते हैं।

**क्या बोले साथी:** एनसीपी के प्रवक्ता एमएलसी अमोल मितकारी ने कहा दिया कि यह हत्या उनकी पार्टी के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने कहा, हत्या मुंबई में भयंकर सुरक्षा स्थिति को दिखा रही है। अगर एक आम आदमी के साथ ऐसा हो तो हम समझते हैं... लेकिन एक पूर्व मंत्री की मौत हो गई है, जो गृह विभाग की नाकामी को दिखाता है। उन्होंने कहा, अगर मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी की जान पर बने खतरे को गंभीरता से लिया होता, तो यह हत्या नहीं होती। हमारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार ने अपने करीबी को खो दिया।

एनसीपी के साथ-साथ राज्य के विपक्षी दल भी फडणवीस और राज्य सरकार को घेर रहे हैं। कांग्रेस ने कहा, कहां है सरकार जब भी कानून और व्यवस्था पर सवाल उठते हैं, तो सरकार एक कहानी के साथ सामने आ जाती है। मुंबई, पुणे, नागपुर और राज्य के अन्य हिस्सों में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। शिवसेना ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर फडणवीस के विभाग में दखल देने के आरोप लगाए और इस्तीफे की मांग की है।

**मुंबई पुलिस और गृह विभाग पर उठे सवाल:** बीते साल सितंबर में पुलिस ने मनोज जरांगे पाटिल की अगुवाई वाले प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज कर दिया था। उस दौरान फडणवीस को साथी दलों के सवालों का भी सामना करना पड़ा था। हालांकि, एनसीपी नेता छगन भुजवल उनके बचाव में आ गए थे। फरवरी में भाजपा के कल्याण पूर्व के विधायक गणपत गायकवाड़ ने शिवसेना कार्यकर्ता महेश गायकवाड़ को पुलिस स्टेशन में गोली मार दी थी। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर हुई फायरिंग के दौरान भी फडणवीस पर सवाल उठे थे। बदलापुर में नाबालिग लड़कियों के साथ हुए यौन उत्पीड़न मामले में भी सरकार, पुलिस और गृह विभाग को बॉम्बे हाईकोर्ट के सवालों का सामना करना पड़ा था।

### मूसेवाला से लेकर बाबा सिद्दीकी तक, कैसे बिश्नोई गैंग ने युवाओं से करवाई नामी हस्तियों की हत्या



मुंबई में एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की गोलियां मारकर हत्या करने के बाद देश भर में सनसनी फैली हुई है। इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने। वही गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की गैंग जिसने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की थी और गैंग के सरगना लॉरेंस ने जेल से दिये इंटरव्यू में बेखौफ इस वारदात की जिम्मेदारी ली थी। साथ ही बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को भी जान से मारने की बात दोहराई थी। बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में मुंबई पुलिस ने हरियाणा के कैथल जिले के एक 23 वर्षीय गुरमेल सिंह को गिरफ्तार किया है। वो लॉरेंस गैंग का शूटर है। इस से पहले देश में हुई कई हाई प्रॉफाइल हत्याकांड को हरियाणा के शूटरों ने अंजाम दिया है जो लारेंस गैंग के लिए काम करते थे। ये सब एक ही एज ग्रुप के रहे हैं। यानी 19 से 23 या 24 साल। वो उम्र जो अपना करियर बनाने की होती है, उस उम्र में ये लोग अपराध में अपना नाम कमाने में लगे हैं। सिद्धू मूसेवाला, राजस्थान में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी, बाबा सिद्दीकी के मर्डर से लेकर बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर फायरिंग के मामले में हरियाणा के शूटरों का नाम आया था। कहा जाता है कि भारतीय सेना में हर दसवां जवान हरियाणा से है तो फिर नई पीढ़ी की ये कौन सी दीवानगी है जो देश के लिए मर मिटने वालों की धरती को कलंकित कर रही है और आखिर इसकी वजह क्या है पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड को हरियाणा के सोनीपत जिले के रहने वाले अंकित सेरसा, प्रियव्रत फौजी, चरखी दादरी के दीपक मुंडी और झज्जर से कुलदीप उर्फ कशिश और सचिन भिवानी ने अंजाम दिया था। इनमें से अंकित सेरसा सबसे छोटा था। महज 19 वर्षीय अंकित ने सिद्धू मूसेवाला पर सबसे करीब से गोलियां बरसाई थी। प्रियव्रत फौजी के साथ अंकित उसकी गाड़ी में ही मौजूद था। शुरू में अंकित और फौजी दोनों एक साथ भागे थे। प्रियव्रत को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। फिर अंकित को पकड़ा। सचिन भिवानी सिद्धू मूसेवाला मामले के चार शूटरों को पनाह देने के लिए जिम्मेदार था। उसे भी काबू कर लिया था।



### अकेले बाबा सिद्दीकी ही नहीं बेटे जीशान भी थे निशाने पर बड़ी प्लानिंग से बांद्रा आते थे शूटर

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच जारी है। खबरें ये भी हैं कि हमलावरों के निशाने पर उनके बेटे जीशान सिद्दीकी भी थे। हालांकि, इसे लेकर पुलिस ने आधिकारिक तौर पर अब तक कुछ नहीं कहा है। फिलहाल, पुलिस ने दो हमलावरों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। शिवकुमार गौतम नाम के एक और आरोपी की तलाश जारी है। सिद्दीकी को शनिवार रात मुंबई के बांद्रा इलाके के खेर नगर में गोली मार दी थी।

मिड डे की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों का कहना है कि शूटर्स को जीशान और बाबा सिद्दीकी दोनों को निशाना बनाने के निर्देश दिए गए थे। खास बात है कि बांद्रा पूर्व विधानसभा सीट से विधायक जीशान घटना के कुछ देर पहले ही दफ्तर से निकले थे। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस को शक है कि किसी अंदर के व्यक्ति ने ही सिद्दीकी के बारे में जानकारी मुहैया कराई थी।

रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि तीनों हमलावर कुर्ला में 10-12 हजार रुपये महीन के किराये से रह रहे थे। तीनों कथित तौर पर हर रोज ऑटो के जरिए बांद्रा पहुंचते थे और सिद्दीकी पिता-पुत्र की लोकेशन की जानकारी जुटाते थे। शनिवार को बाबा और जीशान दोनों ही एक लोकेशन पर मौजूद थे।

अखबार से बातचीत में सूत्रों ने बताया है कि सिद्दीकी का उस दिन आना रुटीन का हिस्सा नहीं था। खबर है कि उन्होंने दफ्तर पहुंचकर जीशान के बारे में पूछा, तो उन्हें जानकारी दी गई वह कुछ देर पहले ही निकले हैं। इसके बाद बाबा सिद्दीकी अपनी कार की तरफ बढ़े, जहां हमलावर ने 9 एमएम पिस्टल से उनपर गोलियां चला दीं।

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग का हाथ:** इस हत्याकांड में लॉरेंस बिश्नोई गैंग कनेक्शन की भी जांच की जा रही है। हालांकि, अब तक स्थिति एकदम स्पष्ट नहीं है और पुलिस इस एंगल से जांच कर रही है। खबरें थीं कि एक फेसबुक पोस्ट के जरिए गैंग ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है।

# गुरुग्राम-झज्जर को जोड़ने के लिए बनेगा एक नया रास्ता, हर दिन हजारों वाहनों को होगा फायदा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम को झज्जर से जोड़ने के लिए गांव धनकोट के पास वैकल्पिक रास्ता बनाने की तैयारी की जा रही है। शहरी विकास विभाग के प्रधान सलाहकार एवं हरियाणा के रिटायर्ड मुख्य सचिव डी.एस. ढेसी ने इस सिलसिले में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य नगर योजनाकार बीके सैनी को आदेश जारी किए हैं।

अब मुख्य नगर योजनाकार की तरफ से इंजीनियरिंग सेल के साथ मिलकर वैकल्पिक रास्ते के निर्माण की संभावनाओं को तलाश किया जाएगा। मॉनसून में गुरुग्राम-झज्जर रोड पर गांव धनकोट के पास एक से डेढ़ फीट तक पानी भर गया था। इसकी वजह से वाहन चालकों को बेहद असुविधाओं का सामना करना पड़ा था। इस रोड से रोजाना 50 से 60 हजार वाहनों का आवागमन होता है।

द्वारका एक्सप्रेसवे इस रोड से जुड़ने के कारण दिल्ली के द्वारका क्षेत्र जाने के लिए झज्जर के वाहन चालक इस रोड का इस्तेमाल करते हैं। जलभराव के चलते डेढ़ महीने तक वाहन चालकों को हुई असुविधाओं को देखते हुए शहरी विकास के प्रधान सलाहकार ने वैकल्पिक रास्ते तलाशने के आदेश जारी किए हैं, जिसकी तैयारी जीएमडीए ने शुरू कर दी है।

जीएमडीए के मुख्य नगर योजनाकार बीके सैनी ने कहा, शहरी विकास के प्रधान सलाहकार ने गुरुग्राम-झज्जर के बीच गांव धनकोट के पास वैकल्पिक रास्ते का इंतजाम करने के आदेश जारी किए हैं। इस रोड के साथ-साथ एक और सड़क है, जो अभी द्वारका एक्सप्रेसवे से जुड़ी नहीं है। इस सड़क को जल्द जोड़ा जाएगा, जिससे एक और रास्ता मिल जाएगा। मौजूदा सड़क पर जलभराव की समस्या का हल भी जल्द कर दिया जाएगा।

**लोग बोले, इस सड़क पर ट्रैफिक का दबाव अधिक:** सेक्टर-102 इम्पीरियल गार्डन निवासी सुनील सरीन ने कहा, यह रोड गांव धनकोट के पास द्वारका एक्सप्रेसवे और ऊपरी द्वारका एक्सप्रेसवे को आपस में जोड़ती है। एक किलोमीटर लंबी यह रोड दो-दो लेन की है। बारिश में इस सड़क पर जलभराव हो गया था, जिससे वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बसई रोड या हीरो होंडा चौक की ओर जाने के लिए इस रोड का अधिक इस्तेमाल होता है।

सेक्टर-99 ए हैबिटेट प्राइम निवासी प्रवीण कुमार ने कहा, गांव धनकोट के पास मेरी सोसाइटी में करीब 700 परिवार रहते हैं। इस सड़क से ओल्ड गुरुग्राम में आना-जाना होता है। बारिश में एक से डेढ़ फीट पानी इस सड़क पर भर गया था। कई वाहन बारिश के कारण बंद हो गए थे। रोजाना सुबह और शाम इस सड़क पर यातायात जाम रहता है।

### वसुंधरा राजे के समर्थकों को मिलेगा टिकट

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी कांग्रेस से दो कदम आगे चल रही है। जहां कांग्रेस ने अभी तक बैठकों का दौर ही शुरू किया है, वहीं भाजपा ने उम्मीदवारों का पैनल तक तैयार कर लिया है। रविवार को प्रदेश की 7 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा में जयपुर से लेकर दिल्ली तक मैराथन बैठकों का दौर चलाय् प्रदेश कोर कमेटी ने केंद्रीय नेतृत्व के सामने हर विधानसभा सीट के लिए तीन-तीन नाम का पैनल तैयार रखा। दौसा से शंकर लाल शर्मा, जगमोहन मीणा और अर्चना मीणा। इनमें शंकर लाल शर्मा को वसुंधरा राजे का समर्थक माना जाता है। जबकि किरोड़ी लाल अपने भाई जगमोहन को टिकट दिलाना चाहते है। पूर्व सांसद जमकौर मीणा अपनी बेटी अर्चना के लिए पैरवी कर रही है। खींवर से ज्योति मिर्धा, रामगढ़ से पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा इस बार खुद चुनाव लड़ने को इच्छुक बताए जा रहे है। पिछली बार उनके भतीजे जय आहूजा को हार का सामना करना पड़ा था। जबकि अलवर शहर के पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल भी दावेदारी जता रहे है। सिंघल को राजे समर्थक माना जाता है। पार्टी सूत्रों की मानें तो बीजेपी पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हारे बड़े चेहरों पर दांव खेल सकती है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के समर्थकों को पार्टी देगी या नहीं।

### भूपेंद्र हुड्डा बुद्धिहीन, हमने कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया लेकिन...गुरनाम चढ़ूनी के बयान से बवाल

**चंडीगढ़, एजेंसी।** कांग्रेस अभी तक हरियाणा विधान सभा चुनाव में मिली हार के सदमे से बाहर नहीं आ पाई है। इस बीच भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के प्रधान गुरनाम चढ़ूनी के बयान ने और बढ़ा दी हैं। चढ़ूनी ने कहाकि हमने कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया, लेकिन भूपेंद्र हुड्डा की गलतियों से कांग्रेस सरकार नहीं बनी। चढ़ूनी ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा बुद्धिहीन है। उन्होंने कहाकि मुझे टिकट नहीं दिया तो किसी दूसरे दो किसान नेताओं को दे देते। कम से कम लोगों के अंदर मैसेज तो जाता। अब किसान क्या करें, बीजेपी वैसे ही किसानों की दुश्मन है। कांग्रेसी नजदीक नहीं लाते। इसीलिए चुनाव में मैं, रमेश दलाल और हर्ष छिकारा खड़े हुए, लेकिन हम हार गए।

**परमात्मा ने हुड्डा को किनारे लगा दिया:** गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहाकि पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने उन सभी को साइडलाइन कर दिया, जो पार्टी के वफादार थे। हुड्डा ने रमेश दलाल को साइडलाइन किया, जो राजीव गांधी मर्डर केस अपनी जान जोखिम में डालकर लड़ा था। मुझे, हर्ष छिकारा, बलराज कुंडू को किनारे किया। एक किसान लीडरों को ग्रुप और गया था इसके पास, उन्हें किनारे किया। इसने कुमारी सैलजा, किरण चौधरी, रणदीप सुरजेवाला को किनारे किया। आम आदमी पार्टी को किनारे किया। हुड्डा ने सभी को किनारे किया, परमात्मा ने अब इसे ही किनारे लगा दिया। भूपेंद्र हुड्डा ने किसी से समझौता नहीं किया और कांग्रेस ने सब इनके ऊपर छोड़ दिया। मैं कांग्रेस हाईकमान को कहना चाहता हूं कि विपक्ष का नेता हुड्डा को न बनाएं।

### 56 साल बाद देखा हार का मुंह, अब राज्यसभा सीट पर कुलदीप बिश्नोई की नजर



**चंडीगढ़ , एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में आदमपुर की सीट पर बिश्नोई परिवार के भव्य बिश्नोई की हार के बाद अब कुलदीप बिश्नोई की नजर राज्यसभा सीट पर है। उन्होंने इसको लेकर दिल्ली का दौरा भी शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि वह राज्यसभा सीट के लिए लॉबीइंग में जुट गए हैं। राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार के विधायक बनने के बाद सदन में एक सीट खाली हो गई है। कृष्ण लाल पंवार ने इस बार इसराना विधानसभा सीट पर जीत हासिल की है।

कुलपीप बिश्नोई के बेटे और भजनलाल के पोते भव्य बिश्नोई को इस बार आदमपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी चंद्र प्रकाश से 1268 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। इस सीट पर बीजेपी की मजबूत पकड़ मानी जाती थी। 1968 से ही आदमपुर की सीट बिश्नोई परिवार के ही हाथ में रही है। पहली बार है जब छोटे अंतर से इस परिवार के उम्मीदवार को हार का मुंह देखना पड़ा।

2022 में ही कुलदीप बिश्नोई कांग्रेस से बीजेपी में आए थे। अपने परिवार की हार के बाद अब वह चाहते हैं कि उन्हें दूसरी तरफ कोई फपायदा मिले। उनके एक करीबी के मुताबिक बिश्नोई अब बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क साध रहे हैं। हाल ही में उन्होंने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात की। उनके साथ उनके बेटे भव्य बिश्नोई और परिवार के अन्य लोग भी मौजूद थे। बिश्नोई ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी पोस्ट की थीं। उन्होंने अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल की भी एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात कर रहे थे। यह तस्वीर पोस्ट करके उन्होंने यह बताने की कोशिश की कि बीजेपी नेतृत्व के साथ उनके पुराने संबंध रहे हैं।

# देवी मुथ्यलम्मा के मंदिर में तोड़ी गई मूर्ति, स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ा; भारी हंगामा

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के हैदराबाद में मुथ्यलम्मा मंदिर की मूर्ति से तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि आरोपी को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि राजधानी में पासपोर्ट कार्यालय के पास कुरमागुडा में यह वारदात हुई। सहायक पुलिस आयुक्त महांकाली डिवीजन के अनुसार, स्थानीय लोगों ने मार्केट पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत एक व्यक्ति को पकड़ा और उसे पुलिस को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर पुलिस टीम की तैनाती की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मंदिर की मूर्ति से इस तरह की बर्बरता को लेकर स्थानीय लोग काफी भड़के हुए हैं। उन्होंने सोमवार को मुथ्यलम्मा मंदिर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इनकी मांग है कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। कुछ दिनों पहले ही हैदराबाद में प्रदर्शनी मैदान में लगे पंडाल में देवी दुर्गा की मूर्ति क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया था। इस आरोप में मानसिक रूप से कमजोर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की ओर से कहा गया कि घटना में किसी भी तरह का कोई सांप्रदायिक पहलू नहीं है।



#### देवी दुर्गा की मूर्ति क्षतिग्रस्त करने का मामला

पुलिस ने बताया कि आरोपी गुरुवार को प्रदर्शनी मैदान आया था और उस समय वहां डांडिया खेला जा रहा था। उसने बताया कि वह प्रदर्शनी मैदान में ही रुका रहा और शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे खाने की तलाश में वह पंडाल में घुस गया। वहां रखा सामान बिखेर दिया, जिससे मूर्ति भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि वह ठीक से विवरण दे पाने में भी समर्थ नहीं है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आयोजकों के खिलाफ पंडाल में 24 घंटे स्वयंसेवक तैनात करने की शर्त का उल्लंघन करने के लिए मामला दर्ज किया गया है।

### पिता-पुत्र की मौत, मां ने बेटे और अपने पति को दी मुखाग्नि

**मधुबनी , एजेंसी।** बिहार के मधुबनी में दशहरा मेला देखकर लौट रहे पिता और पुत्र और की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। लदनियां के झलोन व पिपराही गांव के बीच एनएच-227 पर शनिवार शाम दो बाइकों के बीच सीधी टक्कर में यह घटना हुई। एक बाइक पर सवार महथा गांव के महेश साह (35) और उनके पुत्र प्रिंस कुमार (7) की मौत हो गई। एक परिवार में दो दो लाश देकर परिजन चित्कार मारकर रोने लगे। गमगीन करने वाली सबसे बड़ी बात यह की घर की महिला ने अपने पति और बेटे का अपने हाथों से अंतिम संस्कार किया इस हादसे में महेश की पत्नी समेत तीन लोग घायल हो गए। अन्य दो घायलों में दूसरी बाइक पर सवार दो नेपाली युवक शामिल हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महेश साह अपने पुत्र प्रिंस और पत्नी पवन देवी के साथ दुर्गा स्थान पिपराही परिसर में लगा मेला देखकर घर लौट रहे थे। इसी बीच पश्चिम से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने सामने से ठोकर मार दी। हादसे में महेश और प्रिंस की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। पवन देवी और बरियारपट्टी नेपाल के परमेश्वर राम और शिवशंकर राम जख्मी हो गए। उन्हें सीएचसी भेजा गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। परमेश्वर राम की स्थिति नाजुक बताई गई है। पवन देवी इलाज के बाद घर लौट गईं।



# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ग्रीन बाहर

## आईपीएल भी नहीं खेल पाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के हरफ़नमौला खिलाड़ी कैमरन ग्रीन को पीठ में तकलीफ़ की वजह से सर्जरी से गुज़रना होगा, जिसका मतलब ये हुआ कि वह अब भारत के खिलाफ़ होने वाली टेस्ट सीरीज़ का हिस्सा नहीं होंगे। ग्रीन को पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर है जिसके लिए उन्होंने सर्जरी का विकल्प चुना है, उनकी वापसी अब कम से कम छह महीने बाद ही मुमकिन हो पाएगी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मेडिकल स्टाफ़ के साथ पिछले दो हफ़्तों से चल रही लंबी बातचीत के बाद ग्रीन ने ये फ़ैसला किया है। सीए का मानना है कि वैसे तो सर्जरी के बाद वापसी और पूरी तरह ठीक होना खिलाड़ी के ऊपर निर्भर होता है और इसमें नौ महीनों तक का वक़्त लग सकता है। हालांकि उन्हें भरोसा है कि ग्रीन छह महीनों में वापसी कर सकते हैं। छह महीने क्रिकेट से दूर होने का मतलब है कि ग्रीन अब भारत के ख़िलाफ़ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ के साथ-साथ श्रीलंका के ख़िलाफ़ अहम टेस्ट सीरीज़ और चैंपियंस ट्रॉफ़ी 2025 का हिस्सा नहीं होंगे। इसके अलावा वह आईपीएल भी नहीं खेल पाएंगे और अगर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) फ़ाइनल में ऑस्ट्रेलिया पहुंचती है तो वहां भी ग्रीन टीम का हिस्सा नहीं रहेंगे।

सीए का मानना है कि अगले साल जून और जुलाई में कैरेबियाई दौरे पर जाने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का भी ग्रीन अब हिस्सा नहीं रह पाएंगे, उनकी वापसी होने के बाद गेंदबाज़ी के लिए वह कब तैयार होते हैं ये भी देखना अहम होगा। जानकारी के मुताबिक़ न्यूज़ीलैंड के सर्जन ग्रैम इंग्लस और रोवैन शूटेन ही ग्रीन की सर्जरी कर सकते हैं। इन दोनों ने इसी तरह की परेशानी से जूझ रहे 26 खिलाड़ियों की पिछले दो दशकों में सफल सर्जरी की है। उनमें से एक काइल जेमीसन की सर्जरी सफल नहीं हो पाई थी लेकिन उनकी बीमारी बेहद पेचीदा थी। हालांकि न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा है कि जेमीसन अब वापसी के कगार पर हैं और दिसंबर में शुरू हो रहे सुपर स्मैश में नज़र आ सकते हैं। इनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के तेज़ गेंदबाज़ बेन ड्वारश्विस भी इन्हीं सर्जन से 2019 में अपना इलाज करा चुके हैं। ड्वारश्विस 10 महीनों के अंदर ही घरेलू क्रिकेट खेलने लगे थे।

इसी तरह जेसन बेहरनडॉर्फ़ ने भी अक्टूबर 2019 में पीठ की सर्जरी कराई थी और दिसंबर 2020 में उन्होंने वापसी कर ली थी। हालांकि उसके बाद उन्होंने कोई प्रथम श्रेणी मुक़ाबला नहीं खेला है लेकिन उन्हें अब किसी तरह की कोई समस्या नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के एक और तेज़ गेंदबाज़ जेम्स पैटिंसन को भी इसी तरह की परेशानी के लिए सर्जरी से गुज़रना पड़ा था और उन्होंने 12 महीने बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी की थी।

जबकि उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए 22 महीनों का और इंतज़ार करना पड़ा था, लेकिन वह दूसरी चोटों की वजह से परेशान रहे थे और आख़िरकार 32 साल की उम्र में संन्यास ले लिया था।

## सार समाचार

### पंजाब के हुए हरमनप्रीत

### हॉकी लीग में अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी बने



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सात साल बाद वापसी कर रही हॉकी इंडिया लीग की बोली में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह की 78 लाख की सबसे बड़ी बोली लगी। सरपंच साहब के नाम से मशहूर स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और भारतीय टीम में शामिल खिलाड़ियों को लेने के लिए उम्मीद के मुताबिक टीमों में बड़ी होड़ रही। उनके अलावा अभिषेक शर्मा दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे जिन्हें श्राची रारह बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपये में खरीदा। हार्दिक सिंह को यूपी रुद्धाक्ष ने 70 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। इसके अलावा अमित रोहिदास को तमिलनाडु ड्रैगन्स ने 48 लाख जबकि जुगराज सिंह को इतनी ही राशि में श्राजी रारह बंगाल टाइगर्स ने अपने साथ जोड़ा। हैदराबाद तूफान्स ने सुमित पर 46 लाख रुपये का दांव लगाया है। इसके अलावा हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह और विवेक सागर भी मालामाल हो गए। विदेशी गोलकीपरों में जर्मनी के जीन पाल डेनेबर्ग को हैदराबाद ने 27 लाख रुपये में लिया। भारतीय गोलकीपरों में कृष्ण बहादुर पाठक 32 लाख रुपये में कलिंगा लांसर्स में और सूरज करकेरा 22 लाख में टीम गोनासिका और पवन 15 लाख रुपये में दिल्ली एसजी पाइपर्स में शामिल हुए। तीन दिवसीय बोली में पहले दिन पुरुष खिलाड़ियों की बोली लगी। लीग में पुरुष वर्ग में आठ और महिला वर्ग में छह टीमें हिस्सा लेंगी।

### शंघाई मास्टर्स का खिताब जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने सिनर



**शंघाई, एजेंसी।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। सिनर ने रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच को सीधे सेटों में हराया। 23 वर्षीय सिनर यह खिताब जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बने।

सिनर ने यह मुकाबला 7-6 (7-4), 6-3 से जीता। यह सिनर का चौथा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब है।

#### टूर स्तर पर 100वां खिताब जीतने का इंतजार बढ़ा

इटली के इस खिलाड़ी ने आठ ऐस और 22 विनर लगाए। जोकोविच ने चार ऐस और 12 विनर लगाए, जबकि सिनर ने एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया। जोकोविच टूर स्तर के अपने 100वें खिताब की कोशिश में जुटे थे। जिमी कोनोर्स और रोजर फेडरर ही पुरुष टेनिस में शतक के खिताबी आंकड़े को पार कर पाए हैं। कोनोर्स ने 109 जबकि फेडरर ने 103 टूर स्तर के खिताब जीते हैं।

सिनर ने मैच के बाद कहा, यह बहुत कठिन मैच था, जाहिर है, नोवाक के खिलाफ खेलना हमारे लिए सबसे कठिन चुनौतियों में से एक है। जिस तरह से मैंने स्थिति को संभाला उससे मैं बहुत खुश हूं। वह पहले सेट में शानदार सर्विस कर रहा था, मुझे उसे तोड़ने का कोई रास्ता नहीं मिल रहा था। मैंने वास्तव में अच्छा टाई-ब्रेक खेला जिससे मुझे दूसरे सेट में अच्छी शुरुआत करने का आत्मविश्वास मिला।

# कोहली में है रनों की भूख, हर मैच के बाद आकलन सही नहीं: गौतम गंभीर

**बेंगलुरू, एजेंसी।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर पिछले कुछ अर्से में विराट कोहली के खराब फॉर्म से चिंतित नहीं है और उन्होंने कहा है कि इस स्टार बल्लेबाज में रनों की उतनी ही भूख है जितनी पदार्पण के समय थी लिहाजा हर मैच के बाद आकलन करना सही नहीं है।

कोहली ने पिछली आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक (सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2023 में 76 रन) लगाया। न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले उनका फॉर्म में लौटना जरूरी है चूंकि इसके बाद भारतीय टीम को पांच टेस्ट के दौरे के लिये आस्ट्रेलिया जाना है। गंभीर ने यहां पत्रकारों से कहा, 'विराट को लेकर मेरी सोच एकदम स्पष्ट है कि वह विश्व स्तरीय क्रिकेटर है। उसने इतने साल से इतना अच्छा प्रदर्शन किया है। रनों को लेकर उसकी भूख वैसी ही है जैसी पदार्पण के समय थी।

उन्होंने कहा, 'यही भूख उसे विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाती है। मुझे यकीन है कि वह इस श्रृंखला और आस्ट्रेलिया में भी रन बनाएगा। गंभीर ने कहा कि किसी खिलाड़ी का आकलन




एक खराब मैच या श्रृंखला के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हर मैच के बाद आकलन सही नहीं है।

अगर आप हर मैच के बाद ऐसा करने लगे तो यह उनके लिये सही नहीं होगा। यह खेल है और विफलता का सामना करना ही होता है। अगर हमें नतीजे अनुकूल मिल रहे हैं तो चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, 'रोज कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकता।

हमारा काम खिलाड़ियों का समर्थन करते रहना है। मेरा काम सर्वश्रेष्ठ 11 का चयन करना है, किसी को बाहर करना नहीं। हमें आठ टेस्ट लगातार खेलने हैं और सभी की नजरें अच्छे प्रदर्शन पर है।




# पीआर श्रीजेश के बाद रानी रामपाल भी कहेंगी अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा

## भारत-जर्मनी मैच में करेंगी ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहने वाली हैं। रानी लंबे बीते लगभग 3 साल से 'टीम इंडिया' से बाहर हैं। जनसत्ता.कॉम को पता चला है कि रानी रामपाल दिल्ली में होने वाले भारत-जर्मनी मैच के दौरान अपने फैसले का ऐलान करेंगी।

भारत के लिए खेले 254 मैच

हरियाणा की रहने वाली रानी रामपाल ने साल 2008 में टीम इंडिया में डेब्यू किया था। उन्होंने 254 मुकाबलों में 120 गोल किए। वह साल 2018 में एशियन गेम्स में सिल्वर और 2014 के एशियाड में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली टीम का हिस्सा रहीं। रानी की कप्तानी में भारत ने टोक्यो ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया था।

### टोक्यो ओलंपिक के बाद से टीम से बाहर

ओलंपिक के बाद तत्कालीन कोच श्योर्ड मरीन्ये अपने पद से हट गए थे और उनकी जगह यानेक शॉपमैन जिम्मेदारी संभाली थी। ऐसा माना जाता है कि यानेक और रानी के बीच रिश्तों में तल्खी थी। उस दौरान रानी रामपाल चोट से भी जूझ रही थीं। शायद यह वजह थी कि साल 2022 में गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों में 6 मुकाबलों में 18 गोल करने के बावजूद उनकी 'टीम इंडिया' में वापसी नहीं हुई।

### कोच के साथ रिश्तों में रही खटास

यानेक ने कई बार रानी की तारीफ की, लेकिन हर बार यही कहा कि फिलहाल टीम में उनकी जगह नहीं बन रही। शॉपमैन ने जब महिला हॉकी टीम के कोच का पद छोड़ा तो उन्होंने कहा था कि रानी को टोक्यो के बाद ही खेल को अलविदा कह देना चाहिए था। रानी चोटिल होते हुए टोक्यो ओलंपिक खेली और उन्होंने किसी को नहीं बताया। शॉपमैन के मुताबिक, रानी रामपाल ने कभी उनकी बात नहीं मानी।

दूसरी ओर रानी रामपाल वापसी के लिए प्रतिबद्ध थीं। उन्होंने पिछले साल अंडर-17 का कोच बनने के बाद भी यह प्रतिबद्धता जाहिर की थी। उस दौरान अपने संन्यास को लेकर उन्होंने कहा था, 'मैं कभी हार नहीं मानना चाहती। अगर ऐसा होता तो मैं ओलंपिक के बाद सब कुछ छोड़ देती।'

### रिटायरमेंट से पहले ही की नई पारी की शुरुआत

रानी रामपाल रिटायरमेंट के ऐलान से पहले ही अपनी नई पारी की शुरुआत कर चुकी हैं। जूनियर टीम के बाद वह हॉकी इंडिया लीग में भी कोचिंग स्टाफ के तौर पर दिखेंगी। सूरमा क्लब ने उन्हें बतौर मेंटर और हॉकी कोच चुना है। वह महिला टीम के साथ नजर आएंगी। 15 अक्टूबर को महिला टीम का ऑक्शन है जहां रानी भी नजर आएंगी।

सूत्रों की मानें तो हॉकी इंडिया लीग नीलामी के बाद होने वाले भारत बनाम जर्मनी टेस्ट सीरीज के दौरान रानी रामपाल ने अपने संन्यास का ऐलान करने का मन बनाया है। इस मौके पर हॉकी इंडिया ने उन्हें सम्मानित करने की भी योजना बनाई है।

## शूटिंग वर्ल्डकप:

# बिना वीजा के दिल्ली पहुंची ओलंपिक स्वर्ण विजेता शूटर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** विश्व कप फाइनल के लिए खेलने आ रही ओलंपिक और पूर्व विश्व चैंपियन स्पेन की शूटर फातिमा गालवेज बिना वीजा के भारत पहुंच गई। वह स्पेनिश टीम के साथ शनिवार की देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरीं।

टीम के अन्य दो सदस्यों के पास वीजा था, लेकिन ट्रैप शूटर फातिमा के बिना वीजा नहीं होने के कारण उन्हें इमिग्रेशन अधिकारियों ने रोक दिया। अधिकारियों को हैरानी इस बात की थी कि वीजा नहीं होने के बावजूद महिला शूटर को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने बिठा कैसे लिया। शूटर को वापस स्पेन भेजे जाने की तैयारी थी, लेकिन एनआरएआई के हस्तक्षेप के बाद उन्हें रविवार की सुबह टेंपरेरी लैंडिंग परमिट (टीएलपी) जारी किया गया। इसके बाद वह एयरपोर्ट से बाहर निकल पाईं। वह अब विश्वकप फाइनल में खेल पाएंगी।

कोच द्रादी और साथी शूटर के पास था वीजा

सूत्र बताते हैं कि इस नाटकीय घटनाक्रम ने एयरपोर्ट और एनआरएआई अधिकारियों की नींद उड़ा दी। फातिमा ने ई वीजा के लिए आवेदन किया था, लेकिन इसे कुछ दस्तावेजों के आभाव में खारिज कर दिया गया था। फातिमा के साथ भारत के पूर्व शूटिंग कोच और वर्तमान में स्पेन के कोच मार्सेलो द्रादी और पुरुष ट्रैप शूटर अल्बर्टो फर्नांडीज थे। इन दोनों का वीजा था। फातिमा के साथ ये दोनों भी सुबह तक एयरपोर्ट पर फंसे रहे। एनआरएआई के जरिए फॉरेन रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एफआरआरओ) के पास मामला पहुंचा।

उन्हें बताया गया कि फातिमा नामी शूटर हैं। वह विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण समेत तीन रजत दो कांस्य जीत चुकी हैं और पहले भी भारत आ चुकी है। इसके बाद एफआरआरओ ने उन्हें टीएलपी जारी किया। एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने घटना की पुष्टि करते करते हुए कहा, फातिमा होटल आ चुकी हैं और टूर्नामेंट में खेलेंगी

### भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में चौथे नंबर पर लौटेंगे स्टीव स्मिथ



**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सोमवार को इसकी पुष्टि की।

सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के इस साल संन्यास लेने के बाद से स्मिथ पारी का आगाज कर रहे हैं। उन्होंने नई भूमिका में दूसरे ही टेस्ट में नाबाद 91 रन बनाए लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने चार पारियों में कुल 51 रन ही बनाए। बेली ने कहा, 'पैट कमिंस, एंड्रयू मैकडोनाल्ड और स्टीव स्मिथ से लगातार बात हो रही है। स्टीव ने पारी की शुरूआत की बजाय नीचे उतरने की इच्छा जताई है।

## शूटिंग वर्ल्डकप:

# विश्व कप फाइनल्स में नहीं खेलेंगे भारत के ओलंपिक पदक विजेता शूटर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में तीन पदक जीतने के बाद 23 भारतीय निशानेबाज सोमवार से कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में शुरू होने जा रहे विश्वकप फाइनल्स में



निशाना साधने जा रहे हैं। हालांकि ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, स्वप्निल कुसाले और सरबजोत सिंह फाइनल्स में नहीं खेलेंगे, लेकिन पेरिस में खेलने वाले नौ भारतीय निशानेबाज देश के लिए दावेदारी पेश करेंगे। इनमें रिद्म सांगवान (10 मीटर एयरपिस्टल, 25 मी. पिस्टल), 10 मी. एयरराइफल में चौथे स्थान पर रहने वाले अर्जुन बबूटा, अर्जुन चीमा (10 मी. एयरपिस्टल), अनीश, विजयवीर सिद्धू (25 मी. पिस्टल), अनंतजीत सिंह नरूका, महेश्वरी चौहान (स्कीट), राजेश्वरी कुमारी, श्रेयसी सिंह (ट्रैप) शामिल हैं।

**1.65 करोड़ की इनामी राशि**

टूर्नामेंट में 37 देशों के 131 शूटर भाग ले रहे हैं। इनमें ओलंपिक पदक विजेता तुर्किये के युसुफ डिकेच, हंगरी की मेजर वेरोनिका, स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन जैसे शूटर शामिल हैं। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव के अनुसार टूर्नामेंट में 1.65 करोड़ रुपये की इनामी राशि रखी गई है। स्वर्ण पदक विजेता को 5000 यूरो (लगभग 4.60 लाख रुपये) मिलेंगे। वर्ष के अंतिम टूर्नामेंट फाइनल्स में ओलंपिक पदक विजेता समेत विश्वकप में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शूटर शिरकत करते हैं, लेकिन भारत को मेजबान होने के नाते प्रत्येक इवेंट में दो वाइल्ड कार्ड मिले हैं।

# डेनमार्क ओपन में खोया फॉर्म हासिल करने उतरेंगे सिंधू-लक्ष्य, मालविका-आकर्षि पर भी रहेंगी नजरें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लक्ष्य का सामना पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू से होगा जिनसे उनकी पहली ही टक्कर है। दूसरे दौर में वह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से टकरा सकते हैं। विश्व चैम्पियन थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से क्वार्टर फाइनल में टक्कर हो सकती है।




भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू हो रहे 850000 डॉलर ईनामी राशि के डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के जरिये फॉर्म में वापसी की कोशिश करेंगे। दोनों खिलाड़ियों का पिछले सप्ताह फिनलैंड के वांता में हुए आर्कटिक ओपन में प्रदर्शन औसत रहा। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू पहले ही दौर में बाहर हो गई, जबकि 2021 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता सेन दूसरे दौर में हार गए। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे सेन को चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन ने हराया था। अब यहां उनका सामना पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू से होगा जिनसे उनकी पहली ही टक्कर है। दूसरे दौर में वह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से टकरा सकते हैं। विश्व चैम्पियन थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से क्वार्टर फाइनल में टक्कर हो सकती है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा जो पहले दौर में कनाडा की मिशेले ली से हार गई थी।

नए कोच अनूप श्रीधर और कोरिया के ली ह्यून इल के मार्गदर्शन में वह पहले दौर में चीनी ताइपै की पेइ यू पो से खेलेंगी । दूसरे दौर में उनका चीन की हान युइ से सामना हो सकता है। महिला वर्ग में फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़, आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा भी उतरेंगी।

चीन ओपन के क्वार्टर फाइनल तक पहुंची बंसोड का सामना पहले दौर में वियतनाम की एंगुयेन टी लिन्ह से होगा जबकि कश्यप की टक्कर थाईलैंड की सुपनिदा केटथोंग से होगी। ओडिशा ओपन 2022 विजेता हुड्डा का सामना अमेरिका की लौरेन लाम से होगा।

पुरूष युगल में भारत की कोई टीम नहीं है जबकि महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद खेलेंगी । दोनों का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त मलेशिया की पीयर्ली तान और टी मुरलीधरन से होगा । स्वेतापर्णा और रितुपर्णा पांडा का सामना चीनी ताइपै की चांग चिंग हुइ और यांग चिंग तुंग से होगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### दिल्ली में सम्मानित हुई हसपुरा की कवयित्री

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा प्रखंड के नरसन गांव के कवि स्व. मोहन लाल रवि की बेटी कवयित्री इंदु रवि दिल्ली के करोल बाग में दशहरे के दिन एक समारोह में डॉ. अंबेडकर टीचर अवार्ड 2024 से सम्मानित हुई। दिल्ली में भारतीय बुद्ध अंबेडकर जागृति मिशन तथा जाटव चेतना समिति समाजसेवी संस्था द्वारा साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए चयनित हुई थी। उन्हें समारोह में अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कवयित्री के सम्मानित होने से उनके गांव और परिवार में खुशी का माहौल है। साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल, शंभू शरण सत्यार्थी, अशोक ज्वाला, पवन कुमार, राहुल पासवान, हनुमंत लाल, राजेंद्र प्रसाद, राजेश कुमार, कमलेश कुमार, शंभूलाल सहित दर्जनों लोगों ने हर्ष जताया है। विदित हो कि कवयित्री सामाजिक चिंतक हैं तथा दिल्ली यूनिवर्सिटी में पीएचडी की शोधार्थी हैं। उनकी लेखनी समाज एवं महिलाओं की जागृति के लिए अनवरत चलती रहती है। अपने सामाजिक एवं साहित्यिक योगदान से दर्जनों सम्मान अपने नाम कर चुकी हैं। कुछ दिन पहले ही इंदु रवि को दिल्ली में काव्यश्री सम्मान, यंग वूमेन महिला शक्ति सम्मान 2023, बाबा साहब डॉक्टर भीमराव फिलॉसफी अवार्ड, शिक्षा की देवी सावित्रीबाई फुले सम्मान, एजुकेशन एंड एलिवेशन ट्रस्ट द्वारा वेस्ट राइटर अवार्ड से भी सम्मानित हो चुकी हैं।

### भाजपा नेता के निधन पर कार्यकर्ताओं ने जताया शोक

**औरंगाबाद (का.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री मदनपुर प्रखंड के सढ़ैल ग्राम निवासी धीरेंद्र सिंह के असामयिक निधन पर कार्यकर्ताओं ने दुःख जताते हुए गहरा शोक व्यक्त किया है। गौरतलब है कि दो दिन पहले 11 अक्टूबर को सड़क दुर्घटना में जीटी रोड पर पूर्व जिला महामंत्री का निधन हो गया था। शोक व्यक्त करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि धीरेंद्र सिंह ने भाजपा के पंचायत अध्यक्ष से लेकर प्रखंड अध्यक्ष, जिला मंत्री तथा जिला महामंत्री के रूप में कुशल संगठनकर्ता के रूप में कार्य किया था। वे संगठन के सिद्धांत के प्रति बराबर प्रतिबद्धता रखते थे व जुझारू एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता के रूप में पूरे जिले में संगठन को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास करते रहते थे।मेरा उनसे व्यक्तिगत तथा पारिवारिक लगाव रहा था। आज उनके निधन से भाजपा परिवार तथा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपूरणीय क्षति है, जिसकी निकट भविष्य में भरपाई संभव नहीं है।

### पर्यावरण संरक्षण में बेहतर कार्य करने वाले होंगे सम्मानित

**पटना (नि.सं.)।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सम्मानित करेगा। साथ ही नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, पदाधिकारियों और कृषकों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए प्रमंडल स्तर पर नोडल अधिकारी नामित कर कर्मचारियों की सूची 20 अक्टूबर तक मंगाई जाएगी। विभागीय मंत्री डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को अरण्य भवन स्थित सभागार में हुई उच्च स्तरीय बैठक में इस पर निर्णय लिया गया। बैठक में पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कृषि वानिकी योजना के तहत किसानों को समय पर प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराएं। राज्य की पहाड़ियों पर हरियाली बढ़ाने के लिए सीड बॉल्स का छिड़काव जारी रखने का भी निर्णय लिया गया। डॉल्फिन संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने को लेकर विचार-विमर्श हुआ।

### उपाध्यक्ष अजय और महासचिव परमानंद ने रालोमो से नाता तोड़ा

**पटना (नि.सं.)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के प्रदेश उपाध्यक्ष ई. अजय कुशवाहा और महासचिव डॉ. परमानंद कुशवाहा ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी से नाता तोड़ लिया। दोनों ने सोमवार को स्थानीय होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस में रालोमो से त्यागपत्र देने की घोषणा की। इन नेताओं ने पार्टी में अनुशासनहीनता चरम पर होने का आरोप लगाया। राजद सांसद अभय कुशवाहा के बड़े भाई ई. अजय कुशवाहा लंबे समय तक भाजपा में रह चुके हैं। उन्होंने बेलागंज विधानसभा सीट के उपचुनाव को लेकर पार्टी का रुख स्पष्ट नहीं होने आरोप लगाया। ई. अजय कुशवाहा ने कहा कि बेलागंज उपचुनाव में प्रत्याशी बनने के लिए हमारे समर्थकों का दवाब है। इस संबंध में समर्थकों से बातचीत कर जल्द ही निर्णय लेंगे।

---

मीडिया संवाद में जानकारी : बीआरबीसीएल में 700 करोड़ की लागत से प्रदूषण नियंत्रण तंत्र का होगा विकास, दिसंबर 2026 तक प्रदूषण को शून्य करने की योजना

# बीआरबीसीएल ने केंद्र को भेजा सोलर प्लांट स्थापना का प्रस्ताव

**निज संवाददाता** | नबीनगर(औरंगाबाद)




भारतीय रेल एवं एनटीपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम भारतीय रेलवे बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) ने सतत विकास और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए 22 मेगावाट की सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 110 करोड़ रुपये होगी, जिससे न केवल कंपनी की ऊर्जा उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना भी है। वहीं, कम्पनी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी अपनी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करते हुए एक बड़ी घोषणा की है। दिसंबर 2026 तक बीआरबीसीएल में 700 करोड़ रुपये की लागत से विशेष प्रदूषण नियंत्रण तंत्र स्थापित किया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य बिजली उत्पादन प्रक्रिया में होने वाले प्रदूषण को कम से कम अथवा शून्य करना है, जिससे न केवल क्षेत्रीय पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, बल्कि बीआरबीसीएल को एक पर्यावरण-अनुकूल कंपनी के रूप में उभरने का अवसर मिलेगा। इस बाबत जानकारी सोमवार को बीआरबीसीएल में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम के दौरान, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.जे.सी. शास्त्री ने दी। उन्होंने बताया कि बीआरबीसीएल के पास आवश्यक भूमि एवं आधारभूत संरचनाएं उपलब्ध हैं, जहां सोलर पॉवर प्लांट को स्थापित किया जा सकता है। इस संबंध में प्रस्ताव मंत्रालय को भेजा गया है और स्वीकृति का इंतजार है। स्वीकृति मिलने के बाद इस पर तीव्र गति से कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह योजना बीआरबीसीएल के स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो देश के सतत विकास के लक्ष्यों को पूरा करने में हमारी भूमिका को मजबूत करेगा। सीईओ ने आगे बताया कि दिसम्बर 2026 के अंत तक इस परियोजना में अत्याधुनिक तकनीकियों का उपयोग किया जाएगा, जो प्रदूषण के स्तर को बेहद कम करने में सहायक होंगी। इन तकनीकों में फ्ल्यू गैस डीसल्फराइजेशन (एफजीडी) और इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रिसिपिटेटर्स (ईएसपी) शामिल होंगे, जो उत्पादन प्रक्रिया के दौरान निकलने वाले हानिकारक गैसों और कणों को नियंत्रित करेंगे। यह संयंत्र की कार्यक्षमता को बढ़ाने और प्रदूषण नियंत्रण को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। कम्पनी इनपर 700 करोड़ रूपये खर्च करेगी। दिसंबर 2026 तक परियोजना के पूरा होने की उम्मीद है, जिसके बाद संयंत्र से निकलने वाले हानिकारक तत्वों में लगभग 70% तक की कमी आएगी।

मीडिया को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने यह भी बताया कि बीआरबीसीएल वर्तमान में भारतीय रेलवे की बिजली की कुल खपत का 25% हिस्सा पूरा कर रही है। कंपनी अपने विद्युत उत्पादन का 90% हिस्सा (900 मेगावाट) भारतीय रेलवे को प्रदान कर रही है, जबकि शेष 10% यानी 100 मेगावाट बिजली बिहार राज्य को मुहैया कराई जा रही है। बीआरबीसीएल रेलवे के लिए एक महत्वपूर्ण ऊर्जा स्रोत बन चुका है और यह सुनिश्चित करता है कि रेलवे की संचालन आवश्यकताएं पूरी हों। बीआरबीसीएल द्वारा उपलब्ध कराई जा रही 900 मेगावाट बिजली का इस्तेमाल कहां और कैसे करना है यह पूरी तरह भारतीय रेलवे पर निर्भर करता है।

बीआरबीसीएल ने किसानों से संबंधित 1566 मामलों में से 700 मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि सभी भूमि अधिग्रहण संबंधी विवाद अब सुलझा लिए गए हैं, और कोई भी मामला लंबित नहीं है। कंपनी ने यह भी आश्वासन दिया है कि चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक कुल 1000 मामलों का निपटारा कर दिया जाएगा। यह प्रगति कंपनी की स्थानीय किसानों और समुदाय के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को दर्शाती है।

कार्यक्रम में संदीप दास, महाप्रबंधक (परियोजना), अनिरुद्ध सिंह, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), विजयश्री रंगनाथन, मुख्य वित्त अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिव्य बत्रा, नैगम संचार कार्यपालक द्वारा किया गया।

### इस वजह से देश की बिजली राजधानी के रूप में चर्चित हो रहा नबीनगर



बिहार के औरंगाबाद का नबीनगर यूं ही नही देश की बिजली राजधानी बन रहा है। इसके पीछे खास वजह भी है। वजह यह है कि देश के किसी भी जिले में दो-दो बड़े पावर प्लांट स्थापित नही है। औरंगाबाद का नबीनगर ही देश का एकमात्र ऐसा जगह है, जहां दो बड़े पावर प्लांट स्थापित है और दोनों प्लांटों से कुल मिलाकर अभी 2980 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। इतनी बड़ी मात्रा में बिजली का उत्पादन देश के किसी भी एक जिले के विद्युत उत्पादन संयंत्रों से नही हो रहा है। इन परियोजनाओं में पहला भारतीय रेल और एनटीपीसी लिमिटेड के संयुक्त भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड(बीआरबीसीएल) की एक हजार मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली ताप विद्युत परियोजना है, जहां 22 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाले सौर विद्युत उत्पादन संयंत्र की स्थापना की जानी है। वही दूसरी नबीनगर में ही स्थापित एनटीपीसी की 1980 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली ताप विद्युत परियोजना है। साथ ही इस परियोजना के फेज-2 में 800-800 मेगावाट ताप विद्युत उत्पादन क्षमता वाली तीन नई ईकाइयों की स्थापना पर काम चल रहा है। इस लिहाज से वर्तमान में नबीनगर से अकेले 2980 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है जबकि एनटीपीसी नबीनगर में तीन नई ईकाईयों और बीआरबीसीएल में 22 मेगावाट क्षमता वाले सौर विद्युत उत्पादन संयंत्र की स्थापना होने से नबीनगर की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 5402 मेगावाट हो, जाएगी जो अपने आप में एक रिकॉर्ड होगा। इसी वजह से नबीनगर को देश की बिजली राजधानी के अलंकरण से नवाजा जा रहा है।

### वित्तीय वर्ष 2023-24 में बीआबीसीएल को हुआ 576 करोड़ का शुद्ध मुनाफा



श्री शास्त्री ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान बीआरबीसीएल की परियोजना को 576 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ, जिसमें एनटीपीसी की हिस्सेदारी 74 प्रतिशत और भारतीय रेलवे की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत रही। गौरतलब है कि बीआरबीसीएल की नबीनगर परियोजना में ढाई-ढाई सौ मेगावाट ताप विद्युत उत्पादन क्षमता की कुल चार ईकाइयां स्थापित हैं और इसका निर्माण 8000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से कराया गया है। वहीं, बीआरबीसीएल ने 2023-24 में अपनी अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने 6944.429 मिलियन यूनिट (एमयू) विद्युत उत्पादन किया, जो कंपनी के इतिहास का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इस दौरान प्लांट लोड फैक्टर (PLF) 79.06% तक पहुंच गया, जो कंपनी की क्षमता और दक्षता का प्रमाण है। यह सफलता बीआरबीसीएल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर

### 40 लड़कियों का सशक्तिकरण, 600 डेस्क-बेंच वितरित



बीआरबीसीएल ने अपनी सीएसआर पहलों के अंतर्गत कई सामाजिक विकास परियोजनाएं चलाई हैं। बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत परियोजना प्रभावित गांवों की 40 लड़कियों को 4 सप्ताह की आवासीय कार्यशाला के माध्यम से सशक्त किया गया, जिसके लिए कंपनी को अवार्ड मिला है। कौशल विकास के क्षेत्र में, बीआरबीसीएल ने जिला कौशल विकास समिति के सहयोग से सहायक ब्यूटीशियन और सहायक इलेक्ट्रीशियन के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। सभी प्रशिक्षुओं को आवश्यक किट्स भी वितरित की गईं, जिसके लिए भी बीआरबीसीएल को सम्मानित किया गया। बीआरबीसीएल ने शिक्षा के क्षेत्र में भी अपना योगदान दिया है। उत्कर्ष मेधावी छात्रवृत्ति के माध्यम से कक्षा 10 के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा, विभिन्न स्कूलों में 600 डेस्क-बेंच वितरित कर शैक्षणिक संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया।

### सीएसआर के तहत 6.87 करोड़ का योगदान

पिछले वित्तीय वर्ष में बीआरबीसीएल को 6.87 करोड़ रुपये का सीएसआर फंड मिला था, जिसे औरंगाबाद जिले के विभिन्न विकास कार्यों में खर्च किया गया। सबसे महत्वपूर्ण परियोजना मंझियावां स्थित सरकारी विद्यालय का निर्माण और इसे सुसज्जित करने की रही, जिस पर लगभग डेढ़ से पौने दो करोड़ रुपये की लागत आई। यह कदम शिक्षा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को सुधारने और बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ी पहल साबित हुआ है।

### पर्याप्त कोयला आपूर्तिः 18 दिनों तक निर्बाध उत्पादन की क्षमता



बीआरबीसीएल की कोयला उपलब्धता पर जानकारी देते हुए अधिकारियों ने कहा कि कंपनी के पास पर्याप्त कोयला स्टॉक है, जिससे 18.6 दिनों तक बिना किसी आयात के बिजली का उत्पादन किया जा सकता है। पिछले वित्तीय वर्ष में 51.5 लाख टन कोयला खपत हुआ था, जिससे प्लांट का संचालन सफलतापूर्वक किया गया। कंपनी इस दिशा में और अधिक सुधार कर रही है ताकि भविष्य में बिजली उत्पादन में कोई रुकावट न हो।

### 1.4 लाख पेड़ लगाए, 5000 और पौधे लगाने का लक्ष्य



बीआरबीसीएल ने पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए अब तक 1.4 लाख से अधिक पेड़ लगाए हैं। इस वर्ष का लक्ष्य 5000 और पौधे लगाने का है, जिससे हरित भारत के दृष्टिकोण को सशक्त किया जाएगा। पर्यावरणीय स्थिरता के इन प्रयासों के लिए बीआरबीसीएल को ग्रीन टेक एनवायरनमेंट अवार्ड मिला है।

### औरंगाबाद में ट्रामा सेंटर की मांग, बीआरबीसीएल से सहयोग की अपेक्षा

औरंगाबाद जिला प्रशासन ने बीआरबीसीएल से जिले में एक ट्रामा सेंटर स्थापित करने की मांग की है। बीआरबीसीएल के सीईओ ने इस मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि जिला प्रशासन से डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट), जमीन की उपलब्धता और अन्य आवश्यक जानकारियां मांगी गई हैं। जैसे ही प्रशासन द्वारा पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, इस परियोजना पर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। हालांकि, ट्रामा सेंटर की स्थिति, स्थान और इसे स्थापित करने का अंतिम निर्णय अभी स्पष्ट नहीं है। यह परियोजना बीआरबीसीएल के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड से की जाएगी।

---

# मरही धाम मे महोत्सव की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**निज संवाददाता** | गोह(औरंगाबाद)

गोह प्रखंड के मरही धाम में मरही महोत्सव की तैयारी के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिव कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन विनय कुमार सिंह ने किया। बैठक में महोत्सव के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं और रणनीतियों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला और इसके सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों से सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने महोत्सव की तैयारी के लिए आवश्यक कार्यों को चिन्हित करने और समयबद्ध तरीके से उनका क्रियान्वयन करने पर जोर दिया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें महोत्सव के आयोजन की तिथि, कार्यक्रमों का चयन, और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम शामिल हैं। इन निर्णयों के साथ, मरही महोत्सव का आयोजन सफल और स्मरणीय बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जाएंगी। अध्यक्षता कर रहे शिवकुमार सिंह ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस महोत्सव का कार्य सिद्धेश्वर विद्यार्थी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम के लिए कमेटी गठन तक संयोजक विनय कुमार सिंह, शिवकुमार सिंह, मनोज कुमार एवं विनोद चंद्रवंशी रहेंगे। यह भी प्रस्ताव रखा गया कि महोत्सव का नामकरण, बजट की रूपरेखा तय करने हेतु, अगली बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। इन निर्णयों के साथ मरही महोत्सव का आयोजन सफल और स्मरणीय बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जाएंगी। बैठक मे सिद्धेश्वर विद्यार्थी, लाल देव, दिलीप कुमार विश्वकर्मा, समाजसेवी अमरेंद्र कुमार सिंह, जयनंदन कुमार, सत्येंद्र पासवान, अर्जुन सिंह, उपेंद्र कुमार, पंकज कुमार, अमरजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

---

लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल के सपनों को साकार करने का संकल्प

# मुख्यमंत्री की अगुवाई में हो रहा विकास : श्रवण कुमार



**निज संवाददाता** | हसपुरा (औरंगाबाद)

हसपुरा प्रखंड के बड़ौखर गांव में लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण करते हुए ग्रामीण विकास कार्य मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार सरदार पटेल के सपनों को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे भी पटेल के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लें। मंत्री ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल केवल एक नेता नहीं, बल्कि इस देश के अवाम के दिलों में बसने वाले एक महान व्यक्तित्व हैं। उनके साथ हुए अन्याय को याद करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने उनकी उपेक्षा की है, लेकिन उनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा स्मरणीय रहेंगे।

सरदार पटेल ने इस देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और आज नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। श्रवण कुमार ने बिहार के विकास पर चर्चा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री ने 'सात निश्चय योजना' के तहत गांवों की तस्वीर को बदलने का कार्य किया है। इस योजना के अंतर्गत, कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा के लिए उपयुक्त सुविधाएं प्रदान की गई हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को अब बाहर जाकर पढ़ाई करने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरदार पटेल ने किसानों, मजदूरों और छात्राओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया था, और नीतीश कुमार ने उनकी इस लड़ाई को आगे बढ़ाया है। आज बिहार में महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने में अग्रणी है। शराबबंदी के निर्णय से महिलाओं को उत्पीड़न से बचाया गया है, और जिन लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है, उन्हें रोजगार से जोड़ा गया है।

इस कार्यक्रम में विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटू पटेल, विधान पार्षद अनामिका सिंह पटेल, राजद नेत्री कुमारी अनिता और आईएएस सौम्या कुमारी ने भी अपने विचार रखे। समारोह में जदयू के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र सिंह जार्ज, जितेंद्र पटेल, डॉ. अखिलेश सिंह, डॉ. उदय कुमार, गजाधर सिंह, श्रीनिवास, रेशमा पटेल, दीपनारायण सिंह, कुमार विमल, राजेन्द्र सिंह, गुड्डू पटेल सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विजय सिंह, धनंजय सिंह, रमेश सिंह, अवधेश सिंह, मुकेश कुमार सहित सभी ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया। इस समारोह ने सभी उपस्थित लोगों को एकजुट होकर सरदार पटेल के सिद्धांतों को अपनाने और बिहार के विकास में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।

## मंत्री ने अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का किया उद्घाटन




**निज संवाददाता** | गोह (औरंगाबाद)

मंत्री ग्रामीण विकास विभाग श्रवण कुमार के द्वारा गोह प्रखंड के हथियार ग्राम पंचायत में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का किया गया उद्घाटन। उद्घाटन के दौरान मंत्री के द्वारा ग्राम पंचायत के मुखिया को चाबी सौंपी गई। इस अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन क्रियान्वयन के तहत स्वच्छता कर्मियों के द्वारा घरों से संग्रहित ठोस कचड़ा को लाया जाएगा तथा उसे अलग अलग छटाईं कर जो भी सुखा कचड़ा होगा उसे कबाड़ी वाले से बेचा जाएगा एवं गीला कचड़ा से नाडेप विधि द्वारा जैविक खाद का निर्माण की जाएगी। इस उद्घाटन कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, जिला समन्वयक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि, जीविका दीदी एवं स्वच्छता कर्मी उपस्थित हुए।

## विहंगम योग उपदेष्टा के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**बारूण (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** बारुण थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव निवासी विहंगम योग की बारुण शाखा के उपदेष्टा व सेवानिवृत्त रेलवे टेक्नीशियन श्यामसुंदर शर्मा का 80 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। वैदिक पुरोहित आचार्य मयंक शास्त्री ने बताया कि उन्होने 2006 में विहंगम योग में दीक्षा ली थी। इसके बाद श्यामसुंदर शर्मा धर्म प्रचार में लग गए। वें एक आध्यात्मिक पुरुष थे। बारुण प्रखंड के विहंगम योग संत समाज में वे 18 वर्षो तक लगातार सेवा देते रहे। वें गांव-गांव तक सत्संग का आयोजन कर ग्रामीणों को धर्म के पथ पर चलने की हमेशा प्रेरणा देते रहे और विहंगम योग का उपदेश देते रहे। आचार्य मयंक ने बताया कि मृत्यलोक पर हमारा जीवन चल रहा है। जीवन पर्यन्त धर्म को धारण कर संसार में सेवा करते रहें। हमारे जीवन का उदेश्य मात्र ईश्वर की प्राप्ति हो, जो विहंगम योग सिखाता है। दिवंगत के पुत्र संतोष शर्मा ने बताया कि उनके पिता ने रेलवे में टेक्नीशियन के रूप में झारखंड के बरवाडीह में 39 वर्ष तक सेवा दी। इसके बाद 2006 में वें धर्म प्रचार के लिए विहंगम योग से जुड़े। इस दौरान उन्होने जिला सह संयोजक डॉ. श्यामनारायण प्रसाद, प्रखंड प्रभारी सुनील संगम, उमाशंकर विश्वकर्मा, प्रिंस कुमार, कामेश्वर मेहता, रामप्रवेश सिंह, प्रहलाद सिंह सहित कई अधिकारियों एवं गुरु भाइयों ने श्रद्धांजलि देते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सद गुरुदेव से प्रार्थना की।

---

# निवेशक सप्ताह : सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में आयोजित हुआ फाइनेंशियल लिटरेसी प्रोग्राम

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

सोमवार को सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में अपराह्न 3:00 बजे से ऑनलाइन के माध्यम से निवेशक सप्ताह 2024 के तहत एक फाइनेंशियल लिटरेसी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के आइक्यूएसी (इंटर्नल क्वालिटी असुरेंस सेल) द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रिसोर्स पर्सन के रूप में रुपम अग्रवाल ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। भारत सरकार का यह प्रयास है कि फाइनेंशियल लिटरेसी प्रोग्राम गांव-गांव तक पहुंच सके, जिससे हर नागरिक को वित्तीय जागरूकता का लाभ मिल सके। अक्टूबर महीने में लगभग 10 ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है। यह कार्यक्रम वर्ल्ड इन्वेस्टर वीक 2024, सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) और एनएसडीएल (नेशनल सिक्योरिटीज डिपोजिटरी लिमिटेड) के संयुक्त तत्वावधान में संचालित हो रहा है। रुपम अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता के क्षेत्र में प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उन्हें अपने व्यवसाय स्थापित करने में मदद करेगा।

कार्यक्रम की संयोजक निशा चौधरी (एमएसई) थीं, जबकि कार्यक्रम का समन्वयक बहादुर भीम कुमार सिंह, प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष रहे। इस कार्यक्रम में छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी भाग लिया और अपने ज्ञान में वृद्धि की। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में मनजीत कुमार (विभागाध्यक्ष बी फार्मा), नीतू सिंह (विभागाध्यक्ष बिलीस), अरुण त्रिपाठी (विभागाध्यक्ष आईटी), अमित कुमार सिंह (सहायक प्राध्यापक, प्रबंधन विभाग), शशिकांत कुमार (सहायक प्राध्यापक, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग) सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को वित्तीय ज्ञान और उद्यमिता के क्षेत्र में आवश्यक कौशल प्राप्त करने का अवसर मिला, जो उनके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

# दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसीआईबी की सक्रिय भूमिका

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



दुर्गा पूजा के अवसर पर शहर में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की टीम ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर अपने कर्तव्यों का कुशलता से निर्वहन किया। इस दौरान टीम के गश्ती दल ने विभिन्न पूजा पंडालों का दौरा किया और प्रशासन को शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहायता प्रदान की। टीम के राष्ट्रीय सचिव आदित्य श्रीवास्तव ने कहा, "हमारा संगठन मुख्य रूप से त्योहारों के दौरान शहर में शांति और व्यवस्था बनाए रखने का कार्य करता है। दुर्गा पूजा के समय हमारी सक्रियता इसी उद्देश्य के लिए थी। हम चाहते हैं कि सभी श्रद्धालु बिना किसी समस्या के पूजा का आनंद ले सकें। टीम ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि मेला देखने आए ग्रामीणों को किसी तरह की कठिनाई न हो, यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने में भी प्रशासन का सहयोग किया। उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया और सभी पूजा समितियों, बुद्धिजीवियों और नागरिकों का धन्यवाद किया, जिनकी मदद से यह पूजा शांति से संपन्न हुई।

आदित्य श्रीवास्तव ने आगे कहा कि हमारी टीम न केवल दुर्गा पूजा, बल्कि सभी प्रमुख त्योहारों जैसे सरस्वती पूजा, होली, रामनवमी आदि में प्रशासनिक सहयोग प्रदान करती है। हमारा प्रयास हमेशा यह होता है कि शहर में सामाजिक माहौल खराब न हो। हम किसी भी प्रकार के शरारती तत्वों से निपटने के लिए प्रशासन के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनका संगठन देश के विभिन्न बड़े मेलों में भी प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करता है। हाल ही में, गया जी में आयोजित पितृपक्ष मेला में भी उनकी टीम ने प्रशासन के साथ मिलकर सक्रिय भूमिका निभाई थी। चाहे वह सावन का देवघर का मेला हो या संगम का कुंभ मेला, उनकी टीम हमेशा सक्रिय रहती है। इस अवसर पर जिला प्रभारी ओम प्रकाश, जिला सचिव सुमित कुमार, मगध सचिव कुणाल प्रियदर्शी, रणवीर सिंह, अमर कुमार, अनिल कुमार, छोटू कुमार, रवि कुमार, अजीत कुमार, आयुष राज, निखिल सिंह, आदित्य नारायण, अमरजीत कुमार, संतोष कुमार, अनुपम कुमार, डिकेश कुमार, जितेंद्र कुमार और अन्य कई सदस्य उपस्थित थे। इस प्रकार, दुर्गा पूजा के सफल आयोजन में एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की टीम ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह पर्व शांति और सौहार्द से संपन्न हुआ।

---

# भाजपा का सदस्यता महा अभियान बनेगा रिकॉर्ड : संजय मेहता

**निज सं.** | दाउदनगर (औरंगाबाद)



भाजपा के संगठन पर्व सदस्यता महा अभियान प्रवास कार्यक्रम के तहत सोमवार को दाउदनगर के शमशेरनगर मंडल के अकोड़ा शक्ति केंद्र, ग्रामीण मंडल के तरारी शक्ति केंद्र, दाउदनगर नगर मंडल के वार्ड नंबर 5 समेत अंछा मोड़, अंछा एवं अन्य विभिन्न स्थानों पर पार्टी द्वारा विशेष सदस्यता महा अभियान चलाया गया। अभियान को सफल बनाने के लिए किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश वर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय मेहता, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनय सिंह, पूर्व प्रमुख राजेंद्र पासवान, शमशेरनगर मंडल अध्यक्ष राकेश पांडेय, मंडल महामंत्री भास्कर विभु, महामंत्री पवन कुमार शर्मा, सोशल मीडिया से शुभम सिंह, सोशल मीडिया सह प्रभारी मुन्ना तिवारी, गोपाल शरण सिंह, संजय प्रसाद, अशोक मेहता, अमरेंद्र कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा समेत तमाम कार्यकर्ता शामिल रहें।

# चोरी की दो बाइकों के साथ तीन गिरफ्तार

**निज संवादददाता** | गोह (औरंगाबाद)



गोह पुलिस ने थाना गेट के समीप से वाहन जांच अभियान के दौरान चोरी की दो बाइक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि वाहन जांच के दौरान बाइक चालक से आवश्यक कागजात की मांग किया गया जिसे उपलब्ध नहीं कराया गया। पूछताछ के दौरान चोरी के बाइक होने की बात स्वीकार किया। मामले में एक किशोर के साथ बंदेया थाना क्षेत्र के सोसुना गांव निवासी अरुण साव व गणेश साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।